सूर्योदय 6:54 सूर्यास्त 6:15

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.2 न्यू | 13.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.8 न्यू | 18.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75735.96 |
| निफ्टी | 22913.15 |
| सोना 88,040 | चांदी 1,00,334 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 | 10 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 54, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



माफ करो और आगे बढ़ो: धोनी

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि मामला खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने वीरवार को 'आप' नेता सत्येंद्र जैन की ओर से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मामले का संज्ञान लेने से इनकार करते हुए शिकायत को खारिज कर दिया। आपराधिक मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की सजा हो सकती है। जैन ने आरोप लगाया था कि बांसुरी स्वराज ने पांच अक्तूबर, 2023 को एक टीवी चैनल पर साक्षात्कार के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### डिप्टी सीएम शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस को वीरवार सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोनकर धमकी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गोरेगांव एवं जेजे मार्ग पुलिस थानों और राज्य सरकार के मुख्यालय 'मंत्रालय' के नियंत्रण कक्ष में धमकी भरे फोन आए।

### महाराष्ट्र के कृषि मंत्री कोकाटे को 2 साल की सजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे एक धोखाधड़ी के मामले में दोषी पाए गए हैं। उन्हें नासिक की एक अदालत ने दो साल की कैद की सजा सुनाई है और 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सहायक लोक अभियोजक पूनम घोटके ने कहा कि हमने इस मामले में कुल 10 गवाहों की जांच की थी। सभी 10 गवाहों की जांच के बाद अदालत ने माणिकराव कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे को दो साल की कैद और 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है।

### नागपुर में विमान की हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली।** ढाका से दुबई जाने वाली बांग्लादेश एयरलाइंस की उड़ान ने वीरवार सुबह महाराष्ट्र के नागपुर हवाई अड्डे पर तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। नागपुर हवाई अड्डे के निदेशक आबिद रुही ने बताया कि 'विमान को तकनीकी समस्या के कारण लैंड करने के लिए मजबूर होना पड़ा।' अधिकारी ने कहा कि लैंडिंग के बाद उड़ान के सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गुलेला गांव में भव्य शिव धाम आस्था का नया केंद्र -पेज 2
- हिमाचल में चिट्टा तस्करों के नेटवर्क पर बड़ा एक्शन -पेज 3
- प्राइवेट स्कूलों की किताबों व कॉपियों के दाम बढ़ने से अभिभावक परेशान -पेज 12
- भाजपा ने जीएसटी और नोटबंदी से देश में बेरोजगारी बढ़ाई: राहुल -पेज 13
- पंकज आडवाणी ने जीता 14वां एशियाई चैंपियनशिप खिताब -पेज 14


# दिल्ली में रेखा सरकार

## चौथी महिला मुख्यमंत्री के रूप में छह मंत्रियों के साथ ली शपथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं और चौथी महिला सीएम मुख्यमंत्री बनीं। रेखा से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी मुख्यमंत्री रहीं। राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उन्होंने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। वहीं, प्रवेश वर्मा समेत 6 मंत्रियों ने भी शपथ ली। अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह शामिल हैं।

शपथ समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह के अलावा बीजेपी शासित 21 राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम भी मौजूद रहे। 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल और आतिशी शपथ में नहीं पहुंचे। रेखा गुप्ता दिल्ली में भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इससे पहले मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम रही हैं। इसके साथ ही वह, वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपा की नेता रेखा गुप्ता को बधाई दी और विश्वास जताया कि वह पूरी ताकत के साथ दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी।

**पीएम मोदी ने सीएम बनने पर रेखा गुप्ता को दी बधाई**



### कार्यभार संभालने के बाद की यमुना आरती

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक रेखा गुप्ता ने सचिवालय में दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय पहुंचीं और दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में कामकाज संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद वासुदेव घाट पर अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ यमुना आरती की।

### केजरीवाल को देना होगा एक-एक पैसे का हिसाब

**शपथ** से पहले रेखा गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं पीएम मोदी और पार्टी हाईकमान का शुक्रिया अदा करती हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की सीएम बनूंगी। उन्होंने कहा कि मैं शीशमहल में नहीं रहूंगी। सीएम रेखा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को भाजपा ने शीशमहल नाम दिया था। अरविंद केजरीवाल ने इसे बनवाया था। भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल ने इसे बनवाने में नियमों को ताक पर रखकर करोड़ों रुपए खर्च किए थे। भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा भी बनाया था।

### सीएम रेखा को मिली 'जेड' श्रेणी सुरक्षा

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली पुलिस ने 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की 'येलो बुक' में उल्लिखित सुरक्षा दिशा-निर्देशों के अनुसार मुख्यमंत्री को यह सुरक्षा दी गई है। येलो बुक में विशिष्ट व्यक्तियों और अति-विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी और वीवीआईपी) के सुरक्षा प्रोटोकॉल का विवरण दिया गया है। उनकी सुरक्षा में लगभग 22 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।

# बर्फ से चमके हिमाचल के पहाड़, बारिश ने भिगोए मैदान





**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। राज्य के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी हिस्सों में झमाझम बारिश का दौर जारी है। शिमला, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और चंबा जिलों के ऊपरी क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई है। पर्यटन स्थल कुफरी और नारकंडा के अलावा रोहतांग, बारालाचा , लाहौल-स्पीति, धौलाधार पर्वत तथा चंबा और पांगी के पहाड़ बर्फ से लद गए हैं।

वहीं, बर्फबारी के बाद कई जगह यातायात बाधित हो गया है। ताजा बारिश और बर्फबारी जहां एक ओर खेती बागवानी के लिए संजीवनी मानी जा रही है तो इससे कई जगह दुश्वारियां भी देखने को मिल रही हैं। कई जगह ट्रांसफार्मर ठप होने से बिजली व पानी का संकट पैदा हो गया है। नारकंडा में करीब आधा फुट बर्फ गिरी है। वाहनों के फिसलने की घटनाएं भी सामने आई हैं। रामपुर के लिए वाहनों को वाया सैंज-बसंतपुर होकर भेजा जा रहा है। शिलारू में 5. 0, गौंदला में 3. 0 कल्पा में 1.3 व सांगला में 0.3 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। वहीं, संगडाह में 10.0, बैजनाथ में 9.1, गोहर 9.0, ब्राह्मणी 8.2, धर्मशाला और बिलासपुर में 6. 8 भरमौर में 6.7, सुंदरनगर में 6. 0, मंडी में 5 .4, व चौपाल में 4. 6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)

### शिमला डिवीजन में 55 रूट ठप

**मौसम** विभाग शिमला के अनुसार, 21, 22 व 24 फरवरी को लाहौल-स्पीति, किन्नौर जिलों सहित चंबा, कांगड़ा व कुल्लू के ऊंचे क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश बर्फबारी होने की संभावना है। 25 व 26 फरवरी को राज्यों के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश बर्फबारी हो सकती है। 23 फरवरी को मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना है। वहीं, बर्फबारी शिमला डिवीजन के तहत आने वाले एचआरटीसी के 55 रूट ठप हुए हैं, जबकि 11 रूटों उनक बसें फंसी हुई हैं। शिमला डिवीजन के अड्डा इंचार्ज प्रभारी मुख्य निरीक्षक हेमंत कुमार ने बताया कि इन रूटों पर अभी बसें नहीं चल पाएंगी। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में शुक्रवार को भी भारी बारिश और बर्फबारी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ जांच करने के आदेश पर लगाई रोक

# सुप्रीम कोर्ट से लोकपाल को झटका

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने वीरवार को लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि यह बहुत परेशान करने वाली बात है।

जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका की पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार व लोकपाल के महापंजीयक और शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने शिकायतकर्ता से हाईकोर्ट के जज का नाम और शिकायत के कारण का खुलासा करने से रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को की जाएगी। लोकपाल एक मामले में 27 फरवरी को अपने आदेश में कार्यरत हाईकोर्ट के जज, एक एडिशनल जिला जज और एक अन्य हाईकोर्ट के जज को एक निजी कंपनी के पक्ष में प्रभावित करने का आरोप लगाया था। इस मामले में लोकपाल ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि हाईकोर्ट का जज लोकपाल अधिनियम की धारा 14 (1) (एफ) के दायरे में एक व्यक्ति के रूप में योग्य होगा। कोर्ट ने कहा कि देश में संविधान लागू होने के बाद भी हाईकोर्ट के जज संवैधानिक प्रहरी के तौर पर काम करते रहे हैं। उन्हें एक वैधानिक पदाधिकारी नहीं माना जा सकता।

**कहा- यह बहुत परेशान करने वाली बात, केंद्र को नोटिस जारी**

# शिमला के स्टूडेंट से मोहाली में हैवानियत

## अपहरण कर किया कुकर्म; प्राइवेट पार्ट में लगाया करंट, अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**चंडीगढ़** में पढ़ाई कर रहे एक छात्र का अपहरण कर उसके प्राइवेट पार्ट पर करंट लगाया। आरोपियों ने कुकर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। पीड़ित ने मोहाली सेक्टर-88 के कार डीलर समेत दो लोगों पर आरोप लगाए हैं। उसने एक वीडियो जारी कर आपबीती बताई है।

इस मामले में हिमाचल प्रदेश के शिमला पुलिस स्टेशन में पीड़ित छात्र की शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज कर मोहाली के थाना सिटी खरड़ में भेज दिया है। थाना प्रभारी अजीतेश कौशल ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है, जांच में जो भी फैक्ट सामने आएंगे, उसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह चंडीगढ़ में पढ़ाई कर रहा है और वह मूल रूप से शिमला का रहने वाला है और बीमा एजेंट के रूप में काम करता है। 11 जनवरी को वह अपने फ्लैट में था, तभी हरजीत सिंह और उसके दोस्त करम देव ने उसे जबरन अपने कार्यालय में काम करने का दबाव बनाया। साथ ही आरटीओ से वीआईपी नंबर 0009 बुक करवाने को धमकाने लगे। इसके बाद उसे गन प्वॉइंट पर उठाकर सेक्टर-88 में ले जाकर मारपीट की। उसके प्राइवेट पार्ट पर करंट लगाया और छड़ी डाली। इस दौरान आरोपियों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया और उसे ब्लैकमेल करने लगे।

- मोहाली सेक्टर-88 के कार डीलर समेत दो लोगों पर आरोप
- पीड़ित छात्र की शिकायत पर हिमाचल पुलिस मोहाली रवाना



### पीड़ित ने वीडियो में बताई आपबीती

**पीड़ित** के मुताबिक, जबरन उसके मोबाइल से ऑनलाइन 30 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए और उसकी एसयूवी गाड़ी भी अपने नाम करवा ली। आरोपियों ने वीडियो डिलीट करने के बदले चार लाख रुपए की फिरौती भी मांगी। इसके बाद वह आहत हो गया कि उसने 19 जनवरी को आत्महत्या करने की कोशिश की। वह पिंजौर पहुंचा और रोते हुए अपनी आपबीती का वीडियो बनाकर दोस्तों और रिश्तेदारों को भेज दिया। लोगों ने उसे आत्महत्या करते देख बचा लिया, लेकिन वह बेहोश हो गया। जब 21 जनवरी को उसे होश आया, तो वह शिमला पुलिस की हिरासत में था।

## महाकुंभ : 1.01 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान, 10 किलोमीटर तक भीड़



**एजेंसी, प्रयागराज**

**महाकुंभ** का वीरवार को 39वें दिन 1.01 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। 13 जनवरी से अब तक 56.75 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अभी संगम स्नान को खत्म होने में 6 दिन और बचे हैं। वहीं, महाकुंभ में भीड़ है। संगम तट पर भीड़ न हो, इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान करके वहां से हटने की अपील कर रही है। सुबह से भी संगम आने वाले सभी रास्तों पर 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। शहर के बाहर की पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा से श्रद्धालु महाकुंभ पहुंच रहे हैं। भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी।

# जिला व ब्लॉक पदाधिकारी जल्द होंगे घोषित : प्रतिभा

## सीएम व डिप्टी सीएम से बात कर दिया जाएगा अंतिम रूप, नई प्रभारी के मार्गदर्शन में बढ़ेंगे आगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि जल्द ही प्रदेश में कांग्रेस संगठन के सभी जिला व ब्लॉक पदाधिकारी घोषित कर दिए जाएंगे। इसके लिए सारा बुनियादी खाका खींचा जा चुका है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत के बाद इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए वीरवार को प्रतिभा ने कहा कि जल्द नई दिल्ली में प्रदेश मामलों की नवनियुक्त प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात की जाएगी। उन्होंने कहा कि निवर्तमान प्रभारी राजीव शुक्ला के मार्गदर्शन में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि आलाकमान ने अब एक बार फिर से रजनी पाटिल को यह दायित्व सौंपा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी उनके मार्गदर्शन में भी पूरी एकजुटता के साथ आगे बढ़ेगी।



- कहा- निष्ठावान नेताओं को दिया जाएगा पूरा सम्मान

### संगठन में कर्मठ कार्यकर्ताओं को मिलेंगी अहम जिम्मेदारियां

**प्रतिभा** सिंह ने कहा कि इस बार संगठन में कर्मठ नेताओं, युवाओं, महिलाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारियां दी जाएंगी। इस साल के अंत तक प्रदेश में नगर निकाय व पंचायतों के चुनाव होने हैं और इसके लिए पार्टी को कमर कसनी है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों के बाद 2027 में होने वाले प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए भी पार्टी को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि अगर संगठन मजबूत होगा तो ही चुनाव जीते जाते हैं। पार्टी के कर्मठ व निष्ठावान नेताओं व कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान दिया जाना चाहिए, इसके लिए वह कार्य कर रही हैं।

### शीला दीक्षित को आज भी याद करते हैं लोग

**प्रतिभा** सिंह ने दिल्ली में महिला नेत्री के मुख्यमंत्री बनने पर कहा कि कांग्रेस ने भी शीला दीक्षित को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया था। उन्होंने अपने 15 साल के कार्यकाल में दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य किए। उन्होंने कहा कि लोग आज भी शीला दीक्षित को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा की नेत्री मुख्यमंत्री के तौर पर कितना सफल होती है, यह देखना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली के लोगों से जो वादे किए हैं, उसे वह कब पूरा करती है, उसका भी दिल्ली के लोगों को इंतजार रहेगा।

## मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल बढ़ाया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वीरवार को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ाकर मार्च 2027 तक कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुबंध के आधार पर नागेश्वरन के कार्यकाल को 31 मार्च 2027 तक के लिए मंजूरी दे दी है। नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को सरकार की ओर से सीईए का पदभार ग्रहण किया था।

**एक्सपोजर विजिट** शिक्षा मंत्री ने दिखाई हरी झंडी, वापस लौटने पर शैक्षणिक भ्रमण की रिपोर्ट करनी होगी तैयार

# सिंगापुर में मॉडर्न एजुकेशन का पाठ पढ़ेंगे हिमाचली शिक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** प्रदेश के 67 टीचरों का दल वीरवार को सिंगापुर की एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुआ। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला से इन टीचरों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले बैच में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के टीचर विदेश दौरे पर भेजे गए हैं। इनमें जेबीटी (जूनियर बेसिक टीचर), टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) और सीएंडवी (क्लासिकल एंड वर्नेकुलर) टीचर शामिल हैं। ये टीचर एक सप्ताह तक सिंगापुर में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं का दौरा करेंगे। इनका सारा खर्च सरकार वहन करेगी। दूसरे बैच में उच्च शिक्षा विभाग के पीजीटी, हेडमास्टर और प्रिंसिपल भी विदेश जाएंगे। इस दौरे से लौटने के बाद शिक्षक एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिसमें वे अपनी सीखी गई बातों को साझा करेंगे। इस रिपोर्ट की समीक्षा शिक्षा सचिव की ओर से की जाएगी और इसे शिक्षा मंत्री के साथ साझा किया जाएगा।

**दूसरे बैच में पीजीटी हेडमास्टर और प्रिंसिपल भी जाएंगे**

### मेरिट के आधार पर किया टीचरों का चयन : रोहित

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि शिक्षकों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ और मेरिट के आधार पर किया गया है। उन्होंने शिक्षकों को सिंगापुर की प्रगति से सीखने और वहां की बेहतरीन शैक्षणिक तकनीकों को अपने स्कूलों में लागू करने की सलाह दी। शिक्षा मंत्री ने उम्मीद जताई कि इस दौरे से प्रदेश के शिक्षा स्तर में सुधार होगा।

# कांगड़ा में खराब मौसम के कारण पुलिस भर्ती दो दिन के लिए स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में वीरवार से शुरू होने वाली पुलिस भर्ती में मौसम ने खलल डाल दिया है, जिसके चलते भर्ती को स्थगित करना पड़ा है। यह भर्ती अब आगामी सात और आठ मार्च को आयोजित की जाएगी।

गौरतलब है कि बुधवार रात से ही मौसम के बदले मिजाज के चलते कांगड़ा घाटी के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी है, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हो रही है। ऐसे में पुलिस मैदान में पानी भरने से भर्ती को दो दिन के लिए फिलहाल स्थगित करना पड़ा है। हालांकि भर्ती के लिए आज सुबह ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी युवा धर्मशाला पहुंच चुके थे, जिन्हें वापस लौटना पड़ा है। पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी खंड एवं भर्ती कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक दुल्लर ने बताया कि 20 और 21 फरवरी की भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी है। भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अब सात और आठ मार्च को इन अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

### कांगड़ा जिले से 30638 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

हिमाचल पुलिस में भरे जाने वाले महिला व पुरुष कांस्टेबल के पदों के लिए कांगड़ा जिले से 30638 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। 22431 पुरुष, जबकि 8207 महिला अभ्यर्थी हैं। कांगड़ा जिले के लिए भर्ती प्रक्रिया के तहत पुरुष वर्ग के लिए 20 फरवरी से लेकर दो मार्च तक, जबकि महिला वर्ग के लिए तीन मार्च से छह मार्च तक पुलिस मैदान में भर्ती आयोजित की जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी खंड एवं भर्ती कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक दुल्लर ने बताया कि पुरुष भर्ती के दौरान हर दिन 2250 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे, जबकि महिला वर्ग में हर दिन 2051 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगी।

### अब 7 और 8 मार्च को होगी भर्ती

भर्ती के लिए वीरवार और शुक्रवार करे 2250-2250 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। 4500 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे, जिन्हें अब सात और आठ मार्च को बुलाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### लेनदेन को लेकर महिला दुकानदार के साथ मारपीट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में शिकायतकर्ता निवासी हमीरपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह हमीरपुर में फास्ट फूड की दुकान चलाती है। इसका एक व्यक्ति से लेन-देन था जो 19-02-25 को जब शिकायतकर्ता ने उपरोक्त व्यक्ति से अपने पैसे मांगे तो उसने गाली-गलौज व मारपीट की तथा गलत तरीके से छुआ। डीएसपी हरीश गुलेरिया ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर महिला थाना हमीरपुर में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### अमरोह में लोगों को बताई बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा भरेड़ी के सौजन्य से एकदिवसीय डिजिटल वित्तीय सहायता शिविर का आयोजन अमरोह पंचायत में किया। शिविर की अध्यक्षा भरेड़ी बैंक के प्रबंधक राजेंद्र चंदेल ने की। इस शिविर में बैंक प्रबंधक ने लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डिजिटल बैंकिंग बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई।

### मोक्षधाम बारी को जिप अध्यक्ष ने स्वीकृत किए दो लाख



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** बमसन विकास खंड की बारी पंचायत में बन रहे मोक्षधाम के लिए जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी ने दो लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। यह धनराशि विकास खंड बमसन को इसी माह 13 फरवरी को भेजी जा चुकी है, जिसे पंचायत को सौंप दिया गया है। बबली देवी ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर मोक्षधाम के कार्य को शुरू किया था। एक कार्यक्रम के दौरान वह स्वयं इस स्थान पर गई तो ग्रामीणों से दो लाख रुपए विकास कार्य के लिए डिमांड की थी। उन्होंने कहा कि अब स्थानीय कमेटी इस धनराशि से विकास कार्य पूर्ण करवा सकती है। बबली देवी ने बताया कि इसके अतिरिक्त बारी पंचायत के झनिक्कर तथा छत्रैल वार्डों में सोलर लाइट लगाने के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद हेड से हमीरपुर जिले की विभिन्न पंचायतों को लाखों रुपए की ग्रांट जारी की गई है ताकि विकास कार्यों को गति मिले। वहीं, बारी पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर ने पंचायत के लिए जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा प्रदान की गई धनराशि के लिए आभार व्यक्त किया है।

### भगवती स्कूल के बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं के बच्चों को कृमि मुक्ति एल्बेंडाजोल की दवाई दी गई और पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए पिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आरती कटोच ने बताया कि कृमि संक्रमण एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक समस्या है। ये कृमि बच्चों के शारीरिक विकास को नुकसान पहुंचाते हैं और साथ ही खून की कमी, कुपोषण जैसी समस्याओं को जन्म देते हैं। हमें अपने आप को व अपने आस-पड़ोस को स्वच्छ रखना है। नाखून साफ और छोटे रखने चाहिएं, खाने को ढककर रखना चाहिए, जूते पहनने चाहिएं, साफ पानी से फल व सब्जियां धोनी चाहिएं और अपने हाथ साबुन से धोएं, विशेषकर खाने से पहले और शौच जाने के बाद, तभी हम बीमारियों से मुक्ति पा सकते हैं। बच्चों को इन सब बातों को अपने जीवन में अमल करने के लिए प्रेरित किया।

### द मैग्नेट स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस के सौजन्य से पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छोटे प्राथमिक कक्षा के बच्चों का बड़ा सपना, इस थीम के ऊपर बच्चों ने पेंटिंग बनाई। स्कूल के मेधावी बच्चों को इनाम वितरित किए गए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चैहान ने सभी बच्चों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में उत्साह बढ़ता है।

### हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक दिनांक 22 फरवरी को 11 बजे स्थानीय विश्राम गृह हमीरपुर में होगी। सभी संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों व अन्य गणमान्य सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे उपरोक्त बैठक में अवश्य शामिल हों। यह जानकारी संगठन के महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने दी।

### हिमाचल को टीबी मुक्त बनाने की ली शपथ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** होम गार्ड्स की 10वीं बटालियन नादौन के प्रशिक्षण केंद्र में जन भागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमओ के के डा. केके कौशल ने की। उन्होंने 100 दिवसीय अभियान के तहत होम गार्डस के जवानों को टीबी बारे जागरुक किया गया तथा हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की शपथ ली।

### प्रशिक्षुओं को दी एल्बेंडाजोल की गोलियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ज्योत्सना आईटीआई और जय भारती कॉलेज लोहारीं में स्वास्थ्य विभाग हेल्थ और वेलनेस सेंटर ख्याह से सीएचओ दीक्षा शर्मा और आशा वर्कर अंजना कुमारी ने 27 प्रशिक्षुओं को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई। सीएचओ दीक्षा शर्मा ने प्रशिक्षुओं को एल्बेंडाजोल की गोलियों खिलाकर कहा कि पेट में कीड़े होने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है। बच्चों के पेट के कीड़ों को खत्म करने के लिए एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाना जरूरी है।

### मटेरियल साइंस की नई तकनीकों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान से चल रही साप्ताहिक एफडीपी (फैकल्टी डॉवल्पमेंट प्रोग्राम) के चौथे दिन स्रोत व्यक्तियों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। पहले सत्र में एनआईटीटीटीआर के डॉ. अशोक कुमार ने मैटेरियल साइंस में प्रयोग होने वाली कई तकनीकी विधियों की जानकारी दी एवं भारतीय विज्ञान परंपरा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न तथ्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को वैदिक तकनीकों को आधार मानकर आधुनिक शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, एनआईटी हमीरपुर के प्रो. सुभाष चंद ने सामग्री विश्लेषण में विभिन्न प्रकार के पदार्थों के गुणों और विशेषताओं के बारे में बताया। इस मौके पर एफडीपी के संयोजक डॉ. जेपी शर्मा सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। तीसरे सत्र में एफडीपी के प्रतिभागियों ने एनआईटी हमीरपुर में प्रयोगशाला का भ्रमण किया।

# गुलेला गांव में भव्य शिव धाम आस्था का नया केंद्र

## जिले में स्थापित पांचवीं धाम का कार्य पूर्ण, आज होगी प्राण-प्रतिष्ठा, गसोता महादेव मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिले में धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से बनाए जा रहे भव्य शिव धाम गुलेला का कार्य पूरा हो गया है। यह शिव धाम धलोट पंचायत के गुलेला गांव में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए से बनाया गया है और जिले का पांचवां धाम बनकर तैयार हुआ है, जहां पर लोग आदि योगी के साथ शिव परिवार के दर्शन कर सकेंगे। शुक्रवार को यहां पर भगवान शिव की पिंडी स्थापित की जाएगी और आदि योगी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भी की जाएगी।

इसके लिए गसोता महादेव मंदिर से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। उसके बाद यहां पर तीन दिन पंडित पूजा पाठ किया जाएगा। यह पूजा पाठ 24 फरवरी को संपन्न होगा, के बाद इस शिव धाम का शुभारंभ किया जाएगा। शिव धाम गुलेला में लेजर लाइट शो भी 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा और भंडारा भी लगाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)





धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से बनाए जा रहे भव्य शिव धाम गुलेला का कार्य पूरा हो गया है। यह शिव धाम धलोट पंचायत के गुलेला गांव में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए से बनाया गया है, जो कि जिले का पांचवां धाम है।

### 25 फुट ऊंची आदि योगी की लगाई मूर्ति

**वास्तुकार** धीरज कौशल का इस शिव धाम का निर्माण करने में बहुत योगदान रहा है। उन्होंने शिव धाम का निशुल्क डिजाइन तैयार किया है और उनकी देखरेख में इसका कार्य पूरा हुआ है। उन्होंने बताया कि शिव धाम गुलेला में 25 फुट उंची और 35 फुट चैड़ी आदि योगी की मूर्ति स्थापित की गई है। इसके लिए अलावा उज्जैन से लाए गए ओंकारेश्वर से शिवलिंग की स्थापना आज होगी और भगवान गणेश की मूर्ति भी स्थापित की गई है, वहीं दीवार पर शिव परिवार के 3 म्यूरल भी लगाए गए हैं। शिव धाम गुलेला का गेट भी इतना सुंदर लगाया गया है, जो देखते ही बनता है। इस तरह का गेट किसी भी मंदिर में अभी तक नहीं लगा है। बता दें कि 26 फरवरी को शिवरात्रि से पहले इसका शुभारंभ किया जा रहा है। जहां पर लोग शिवरात्रि को भगवान शिव के दर्शन और पूजा पाठ कर सकेंगे। इसके अलावा यहां पर झूले, फब्बारे भी लगाए गए हैं।

### डेढ करोड़ रुपए से हुआ शिव धाम गुलेला का निर्माण

**धार्मिक** दृष्टि से ग्राम पंचायत धलोट द्वारा एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें शिव धाम बनाने के लिए सभी अपनी सहमति जताई थी। पंचायत द्वारा मनरेगा, 15वां वित्त आयोग और पंचायत निधि से धनराशि स्वीकृत करवाई थी, जिसके लिए अनुमानित बजट 60 लाख रुपए रखा गया है। इस शिव धाम के लिए हमीरपुर विधानसभा के विधायक आशीष शर्मा ने भी विधायक निधि से 15 लाख रुपए दिए हैं। इस शिव धाम के निर्माण के लिए पंचायत के लोग भी अपना भरपूर सहयोग कर रहे हैं। लोगों द्वारा अभी तक लगभग 30 लाख रुपए दान में दे दिए हैं। इस शिव धाम में अभी तक डेढ़ करोड़ रुपए तक का खर्च ग्राम पंचायत धलोट ने शिव धाम की एक कमेटी भी बनाई गई है जिसमें लगभग 40 सदस्य व पदाधिकारी हैं, जो शिव धाम बनने के बाद इसकी देखरेख भी करेगी। इस कमेटी के प्रधान अजय शर्मा, उपप्रधान ज्योति देवी, सचिव रजत पठानिया, महासचिव किशोर और कोषाध्यक्ष धीरज कौशल हैं, जो वास्तुकार भी हैं। धलोट पंचायत प्रधान ज्योति देवी ने बताया कि शिव धाम पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को इसका शुभारंभ किया जाएगा। उसके बाद लोग शिव धाम के दर्शन करने के लिए आ सकते हैं।

## दियोटसिद्ध में चैत्र मेलों को लेकर मॉकड्रिल आज

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास द्वारा दियोटसिद्ध मे 14 मार्च से 13 अप्रैल तक चलने वाले वार्षिक चैत्र मास मेला के आयोजन किया जा रहा है। मेलों के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों के तहत, आपातकालीन प्रतिक्रिया तत्परता का आकलन करने और उसे बढ़ाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) व राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के माध्यम से दियोटसिद्ध में शुक्रवार को टेवलटॉप व्यायाम-परिदृश्य व शनिवार को संपूर्ण मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान उपमंडल स्तर के विभिन्न विभाग पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण मंडल बड़सर, जलशक्ति विभाग मंडल बड़सर, राज्य विधुत बोर्ड लिमिटेड मंडल बड़सर, उपमंडल चिकित्सा विभाग, अग्निशमन विभाग बिझड़ी व होमगार्ड विभाग के कर्मचारी भाग लेंगे। इस उपलक्ष्य पर एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## फायर सीजन के लिए तैयारी रखें विभाग : अमरजीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने आने वाले गर्मी के सीजन के दौरान वनों में आग की घटनाओं को रोकने और जिले में कहीं पर भी आग लगने पर उसे तुरंत नियंत्रित करने की तैयारियों के संबंध में वीरवार को डीडीएमए, वन विभाग, होमगार्ड्स एवं अग्निशमन, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस अवसर उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे जिले में आग की आशंकाओं वाले संवेदनशील स्थानों को पहले से ही चिह्नित करके रखें और इनकी सूची डीडीएमए तथा अग्निशमन विभाग के साथ साझा करें। अग्निशमन विभाग भी जिले भर के संवेदनशील क्षेत्रों के हाइड्रेंटों को चेक करे और खराब हाइड्रेंटों

**वन संपदा को आग से बचाने के लिए डीसी ने लोगों से मांगा सहयोग**

की मरम्मत तथा नए हाइड्रेंटों के निर्माण के लिए चिह्नित स्थानों की सूची डीडीएमए एवं जल शक्ति विभाग को भेजें।

उन्होंने जिले में सभी जलस्रोतों, तालाबों और सरोवरों की मैपिंग करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि कई लोग खेतों और घासनियों की सफाई के दौरान आग लगा देते हैं, जिससे वन संपदा और पर्यावरण का भारी नुकसान होता है। इसके प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें कला जत्थों की मदद भी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत जनप्रतिनिधियों, आपदा मित्रों, महिला मंडलों, युवक मंडलों और अन्य सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं की मदद से पंचायत स्तर पर वालंटियर्स तैयार किए जाएंगे जोकि वनों की आग को रोकने में महत्वपूर्ण अदा कर सकते हैं।

उपायुक्त ने डीडीएमए, वन विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक वालंटियर्स को सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होमगार्ड एवं अग्निशमन विभाग और वन विभाग को अगर आवश्यक उपकरणों या अन्य संसाधनों की आवश्यकता है तो इनकी सूची तुरंत डीडीएमए को भेजें।

बैठक में फायर सीजन से संबंधित अन्य प्रबंधों को लेकर भी व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी जगदीश सांख्यान ने फायर सीजन की तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। होमगार्ड के कमांडेंट विनय कुमार और अन्य अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में निकाली कलश यात्रा



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के पंचायत फस्टे के व्यास नदी एवं कुणाह खड्ड के सुगम रमणीक मिलन स्थान के किनारे पांडवों के अज्ञात वास के दौरान बनाए गए इस प्राचीनत्तम धार्मिक स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में कलश यात्रा निकालकर महा शिव पुराण कथा का शुभारंभ किया गया।

वैदिक मंत्रोच्चारण से निकाली गई इस कलश यात्रा से क्षेत्र का वातावरण पूर्ण रूप से भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा में बिल्ल कलेश्वर महादेव सुधार सभा के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र की काफी संख्या में मातृशक्ति ने भाग लिया। कथा के दौरान कथा वाचक पंडित अनुज अंगरिस ने श्रोताओं को शिव महोत्सव के बारे में बताते हुए कहा कि कुछ लोग शिव महोत्सव को भगवान के शिव विवाह से जोड़ कर देखते हैं, जबकि सत्य यह हैं कि महा शिवरात्रि के दिन भगवान शिव शिवलिंग रूप में प्रकट हुए थे, इसलिए महा शिवरात्रि पर्व को शिव महोत्सव जी रूप में मनाया जाता हैं।

वहीं, बिल्ल कलेश्वर महादेव सुधार सभा के महासचिव हंसराज ने बताया कि इस शिव कथा का समापन 27 फरवरी को होगा एवं उसी दिन विश्व शांति के लिए महायज्ञ किया जाएगा। उसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया हैं। (अनंत ज्ञान)

## सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति और आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, भोरंज**

जय बाबा कमलाहिया आराधना संस्था व सीएसआर सवेरा फाउंडेशन द्वारा करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी भोरंज में सड़क सुरक्षा नशामुक्ति व आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम किया और विद्यार्थियों व स्टॉफ को रिफ्रेशमेंट के तौर पर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से जूस बांटा।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एमके भारद्वाज संस्था में मार्गदर्शन मंडल के सदस्य जोगिंदर राणा, रवि सिंह ठाकुर, सुनिल कुमार, कुलदीप सिंह, पुलिस स्टेशन भोरंज से हेड कॉन्स्टेबल विनोद बन्याल उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष एमके भारद्वाज द्वारा विस्तार पूर्वक सड़क सुरक्षा नशा मुक्ति आपदा प्रबंधन पर जागरूक किया तथा दोपहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया कि हेलमेट लगाना क्यों जरूरी है और साथ चौपहिया वाहनों को सीट बेल्ट लगाना, तेज गति से वाहन न चलाना, ओवरलोंडिग, नशामुक्ति व आपदा प्रबंधन हेतु अवगत किया। नशा मुक्ति हेतु रवि सिंह ठाकुर सड़क सुरक्षा हैड कॉन्स्टेबल विनोद बन्याल व जोगिंदर सिंह राणा नें अपना ने जागरूक किया।

## गलोड़ कृषि सेवा सहकारी सभा का अधिवेशन 9 को

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित प्रबंधक कमेटी की बैठक प्रधान चमन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक के दौरान वार्षिक साधारण अधिवेशन करने बारे विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभा का वार्षिक साधारण अधिवेशन 9 मार्च को 11 बजे सुबह सभा के कार्यालय में होना तय हुआ है। सभा के सचिव संजीव कुमार ने सभा के सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि निश्चित समय व स्थान पर पहुंच कर साधारण अधिवेशन में भाग लें, जिससे सभा की उन्नति बारे विचार- विमर्श किया जा सके।

सभा में वार्षिक साधारण अधिवेशन बारे कार्यवाही के दौरान अंतिम लेखों (आय-व्यय, व्यापारिक लेखा, देनदारियों सम्पतियों) बारे जानकारी प्रदान करने के साथ ही सदस्यों की अधिकतम ऋण सीमा निर्धारण की मंजूरी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य मामलों पर चर्चा की जाएगी।

## विधायक रणजीत ने किया स्पैन का शिलान्यस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



दई दा नौण पंचायत के अंतर्गत डलवाना से धंगोटा ब्राह्मणा सड़क मार्ग पर बनने जा रहे लगभग 10 मीटर स्पैन का सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह के द्वारा शिलान्यास किया गया।

विधायक ने बताया कि इस पुली का निर्माण लगभग 20 लाख रुपए की राशि से किया जाएगा और 5 लाख से सड़क सुधार किया जाएगा और अंत में विधायक द्वारा जनसमस्यायों क्रो सुना गया। इस मौके पर कांग्रेस नेता राजिंदर वर्मा, पूर्व प्रधान अमन, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व अन्य अधिकारी, कांग्रेस नेता नेत्रियां व स्थानीय जनता उपस्थित रही।

### 'विधायक आपके घर-द्वार' कार्यक्रम में सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, सुजारपुर।** विधानसभा सुजानपुर क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद करना और उनकी समस्याओं को सुनने के बाद उसका समाधान करना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य है। इसी उद्देश्य को लेकर विधायक आपके घर-द्वार कार्यक्रम सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की लगदेवी पंचायत में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को सीधा विधायक के सामने रखा। विधायक ने बहुत ही गौर से लोगों की जन समस्याओं को सुना उनके समाधान हेतु सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार जनता की भलाई के लिए कार्य कर रही है और हमारे यही पूरा प्रयास है कि हम जनता की समस्याओं को घर द्वार जाकर ही सुलझाएं ताकि उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटना न पड़े। विधायक अधिकारियों को भी निर्देश दिए की सरकार की हर एक नीति का लाभ हर एक परिवार को मिले। कार्यक्रम में पंचायत के प्रधान-उपप्रधान, बिजली विभाग के एसडीओ जलशक्ति विभाग के एसडीओ, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ, बीडीओ व स्थानीय जनता उपस्थित रही।

## प्राइवेट कंपनियों के इंटरव्यू में बड़सर कॉलेज के 110 विद्यार्थी शॉर्टलिस्ट



**एसके ठाकुर, बड़सर**

बड़सर कॉलेज में फर्स्ट टाइम करियर प्लेसमेंट एंड काउंसिलिंग सैल के तहत बाहर से नामी कंपनियों को बुलाया गया था। बीसीए फाइनल इयर व फाइनल इयर व फाइनल इयर और बीकॉम फाइनल इयर स्टूडेंट्स इंटरव्यू में 225 स्टूडेंट्स ने इंटरव्यू दिया।

इनमें से 110 स्टूडेंट शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और जो बच्चे फाइनल इंटरव्यू के लिए चुने जाएंगे, उनको स्काइप या और अन्य किसी मीडिया के द्वारा फाइनल इंटरव्यू लिया जाएगा। करियर काउंसिलिंग और गाइडेंस सैल के को-ऑर्डिनेटर डॉ. अनिल कुमार डोगरा ने बताया कि नामी कंपनियों की ओर से अरिजीत और मोहित इंटरव्यू लेने आए थे। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य राकेश कुमार, उपप्राचार्य डॉ. मनोज डोगरा, प्रो. ज्योतिष्ण, प्रो. मनदीप, डॉ. विजय ठाकुर, प्रो. मनोज शर्मा, प्रो. अंजना, प्रो. मस्तराम, प्रो. अजय शर्मा और सेल्फ फाइनेंस के प्रो. ज्योति आकाश विश्वास अमन और देवता शर्मा उपस्थित रहे। अगले महीने दोबारा फाइनल इंटरव्यू होगा।

प्लेसमेंट ड्राइव कॉलेज में पहली बार आयोजित की गई। डॉ. डोगरा जो करियर काउंसलिंग एंड गार्डन सैल के को-ऑर्डिनेटर है। उनका यह भी कहना है कि आने वाले दिनों में और भी प्लेसमेंट ड्राइव नियोजित किए जाएंगे, ताकि इलाके के बच्चों को ग्रेजुएशन के बाद जल्द से जल्द नौकरी प्राप्त हो सके। (अनंत ज्ञान)

**जानकारी** फोस्टर केयर और सुख आश्रय योजना का करें प्रचार : उपायुक्त

# जिले में 1361 बच्चों को हर माह मिलेंगे 4000 रुपए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला बाल कल्याण समिति और अन्य विभागों के अधिकारियों को मिशन वात्सल्य के अंतर्गत फोस्टर केयर योजना एवं मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जिला में कोई भी पात्र एवं जरूरतमंद बच्चा और युवा इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

वीरवार को मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला स्तरीय स्पांसरशिप एवं फोस्टर केयर अप्रूवल कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। बैठक में फोस्टर केयर के लिए पात्र 12 बच्चों के नए मामलों को मंजूरी प्रदान की गई। उपायुक्त ने बताया कि अनाथ बच्चों, विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं के बच्चों, जानलेवा रोग से ग्रस्त माता-पिता के बच्चों और किन्हीं कारणों से संतान का पालन-पोषण करने में अक्षम



**जिला स्तरीय समिति ने फोस्टर केयर के 12 नए मामलों को दी मंजूरी**

माता-पिता के बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक फोस्टर केयर योजना के तहत हर माह 4000 रुपये का प्रावधान किया गया है। हमीरपुर जिले में अभी तक 1349 बच्चों को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है और अब 12 अन्य बच्चों को भी इसमें शामिल किया जाएगा, जिससे लाभार्थियों की कुल संख्या 1361 हो जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि 18 से 27 वर्ष तक के ऐसे ही युवाओं को भी मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत प्रतिमाह 4000 रुपए की राशि दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि इन दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार होना चाहिए। जरूरतमंद बच्चों को मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के माध्यम से भी लाभान्वित किया जा सकता है। उपायुक्त ने जिला बाल कल्याण समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से भी आग्रह किया कि अगर उन्हें किसी जरूरतमंद बच्चे के बारे में पता चलता है तो उसे तुरंत अप्रूवल कमेटी के ध्यान में लाएं। बैठक में बच्चों से संबंधित अन्य मामलों पर भी व्यापक चर्चा की गई।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य ने फोस्टर केयर के नए मामलों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिला बाल कल्याण समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष मनीष राणा, सदस्य अश्वनी कुमार, सिद्धार्थ कौशल, संगीता, मीना, चाइल्ड लाइन की परियोजना समन्वयक मनोरमा लखनपाल और अन्य अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## प्रदेश सरकार ने होम स्टे रजिस्ट्रेशन फीस को बढ़ाकर किया अन्याय : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा होम स्टे रजिस्ट्रेशन फीस को 100 रुपए से बढ़ाकर 150 गुना करना गरीबों, किसानों और बेरोजगार युवाओं के साथ खुला अन्याय है। सरकार द्वारा होम स्टे को जीएसटी के दायरे में लाने का फैसला भी उन लोगों के लिए एक तगड़ा झटका है, जो अपने सीमित संसाधनों से स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहे हैं। यह फैसला प्रदेश की जनता पर आर्थिक बोझ डालने और उन्हें रोजगार के अवसरों से वंचित करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है।

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने मीडिया में बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार गरीबों और बेरोजगारों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार रोजगार बढ़ाने के झूठे दावे करती है, दूसरी तरफ जो लोग स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहे हैं, उनके पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया जा रहा है। इस फैसले से वे हजारों परिवार प्रभावित होंगे, जिन्होंने अपने घरों को होम स्टे में बदलकर पर्यटकों को रहने की सुविधा दी थी। इससे ग्रामीण पर्यटन को भी बड़ा झटका लगेगा, क्योंकि भारी भरकम रजिस्ट्रेशन फीस और जीएसटी के चलते गरीब और मध्यम वर्ग के लोग इस योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगे।

लखनपाल ने कहा कि सरकार जनता से रोजगार देने के बजाए उनके रोजगार छीनने में लगी है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू यह बता सकते हैं कि गरीब परिवार इतनी भारी भरकम फीस कहां से देंगे? क्या यह सरकार सिर्फ अपने रिश्तेदारों और चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है? विधायक लखनपाल ने सरकार से यह जनविरोधी फैसला तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सरकार ने यह तानाशाही फैसला वापस नहीं लिया, तो भाजपा इसे सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा बनाएगी और हर स्तर पर विरोध करेगी।

## दंपती से मारपीट व प्रताड़ना मामले में आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस थाना नालागढ़ में एक दंपती के साथ मारपीट व प्रताड़ना के मामले में भगोड़ा घोषित डीएसपी लीव रिजर्व बद्दी लखवीर सिंह ने वीरवार को नालागढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। कोर्ट ने आरोपी डीएसपी को एक दिन का पुलिस रिमांड पर भेजा है जिसे अब एसआईटी शुक्रवार को फिर से कोर्ट में पेश करेगी। बीते शनिवार को ही कोर्ट ने डीएसपी को भगोड़ा करार दिया था,



क्योंकि लंबे समय से डीएसपी संबंधित मामले में फरार चल रहा था। इससे पहले एसआईटी पूर्व एसएचओ नालागढ़ कुलदीप शर्मा, एसआई अशोक राणा, एएसआई कल्याण सिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार व चंद्र किरण गिरफ्तार कर चुकी है, जो कि जमानत पर है। डीआईजी क्राइम डीके चौधरी का कहना है कि फरार डीएसपी ने सरेंडर कर दिया है जिसे कोर्ट ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है और शुक्रवार को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# हिमाचल में चिट्टा तस्करों के नेटवर्क पर बड़ा एक्शन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

- प्रदेश पुलिस विशेष अभियान चलाकर कर रही भंडाफोड़
- कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिलों में महिला मंडल आए आगे

हिमाचल ड्रग्स के खतरे से जूझ रहा है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में चिट्टे की तस्करी का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है और इसे रोकने के लिए प्रशासन ने अब तक का सबसे बड़ा एक्शन लिया है। प्रदेश में चोरी-छिपे चिट्टे की बढ़ती तस्करी पैडलर गैंग का पुलिस प्रशासन ने भंडाफोड़ किया है। प्रदेश पुलिस विशेष अभियान चलाकर नशे के सौदागरों पर शिकंजा कस रही है।

आकड़ों के अनुसार, हिमाचल के कई जिलों में नशे की तस्करी तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, प्रत्येक जिले में पुलिस बड़ी मुस्तैदी से काम कर रही है। खासतौर पर शिमला जिला पुलिस ने चिट्टे की तस्करी कर रही कई गैंग का पर्दाफाश किया है, जिसमें कुछ अंतरराज्यीय गैंग भी शामिल हैं। इनके सरगना को भी



अनंत ज्ञान विशेष

पकड़ने में प्रदेश पुलिस कामयाब हुई है। प्रदेश में चिट्टे के सेवन और युवाओं की मौत को लेकर महिलाओं ने भी अब कमर कस ली है। हिमाचल के कई ग्रामीण इलाकों में लोग पहरा भी लगा रहे हैं। कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों में महिला मंडल की महिलाएं भी नशे की रोकथाम के लिए आगे आई हैं।

थिरोट महिला मंडल ने भी अब पंचायत के जरिए एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें साफ तौर पर लिखा है कि अगर कोई भी व्यक्ति चिट्टा, चरस का सेवन करता हुआ या फिर इसका कारोबार करता हुआ पाया गया तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसके अलावा उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

**आप इस स्टोरी को हमारे फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। देखने के लिए अनंत ज्ञान के पेज और चैनल को सब्सक्राइब करें।**

### शिमला : डेढ़ महीने में चिट्टा तस्करी की पांचवीं गैंग पकड़ी

**शिमला** पुलिस ने ढली की रहने वाली चिट्टा तस्कर महिला एडवोकेट अर्वतिका को गिरफ्तार किया है। इसके तार शाह गैंग से जुड़े हैं। लड़की के बैंक खातों से शाह गैंग के साथ लगभग 20 ट्रांजैक्शन बताए जा रहे हैं। वह डिस्ट्रिक्ट कोर्ट शिमला में पांच-छह साल से प्रेक्टिस कर रही है। इसके अलावा तहसील वेलफेयर ऑफिसर शिमला मुकुल चौहान को चिट्टा (हेरोइन) तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुकुल चौहान कुछ समय पहले ही कोटखाई से ट्रांसफर होकर शिमला आया था। गिरफ्तार पुलिस अधिकारी अपने माता-पिता के बैंक खातों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करता था। इस वजह से मुकुल के माता-पिता को भी पुलिस ने जांच में शामिल किया है। शिमला पुलिस ने डेढ़ महीने के भीतर चिट्टा तस्करी की पांचवीं गैंग का पर्दाफाश किया है।

### मंडी : फोरलेन के मुआवजे में मिले 35 लाख उड़ाए

**ताजा** मामला सूबे के मंडी जिले का है। यहां पर एक युवक चिट्टा खरीदने के लिए चोरी करने लग गया। अहम बात यह है कि नशे की दलदल में युवक ऐसा डूबा कि उसने फोरलेन के मुआवजे में मिले 30-35 लाख रुपए भी उड़ा दिए और अब जब पैसे खत्म हो गए तो चिट्टे के लिए चोरियां करने लगा। दरअसल, मंडी पुलिस ने एक जेबीटी टीचर की बाइक चोरी मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने पुलिस से कबूल किया कि वे नशे के आदी हैं और चिट्टा खरीदने के लिए ही उन्होंने बाइक चुराई थी। पुलिस जांच में आरोपियों की पहचान मंडी के बैहना और सुंदरनगर के युवक के रूप में हुई है।

# जलवायु परिवर्तन पर राज्य मानव विकास रिपोर्ट तैयार करने के लिए बनाई कार्ययोजना

## ऐसा करने वाला हिमाचल प्रदेश बना देश का पहला राज्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**



बुनियादी विश्लेषण करने में साबित होगी अहम कड़ीः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने वीरवार को यहां पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के सहयोग से राज्य मानव विकास (एसएचडीआर) की रिपोर्ट तैयार करने के लिए विषयगत कार्य समूह की ऑरियनटेशन कार्यशाला की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश इस प्रकार का अध्ययन करवाने वाला देश का पहला राज्य होगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन के बदलाव स्वरूप, स्वास्थ्य, कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों जैसे जल, वानिकी, पर्यटन, अधोसंरचना जैसी बुनियादी आवश्यकताओं का विश्लेषण करने में सहायक सिद्ध होगी। यह रिपोर्ट विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और कमजोर वर्गों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को उजागर करेगी, जिससे इन प्रभावों को कम करने के लिए अनुकूल रणनीति तैयार करने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विषयगत कार्य समूह अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं और संबंधित क्षेत्रों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की गहन जानकारी रखते हैं। उन्होंने समावेशी क्षेत्रीय अध्ययन और सामुदायिक भागीदारी पर बल दिया, ताकि निर्णय लेने की प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य केवल रिपोर्ट तैयार करना ही नहीं, बल्कि मौजूदा जलवायु डेटा, सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण तथा स्थानीय जानकारी का उपयोग करना है ताकि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सही आकलन किया जा सके। इसके अलावा, इस अध्ययन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और संवेदनशीलता की जिलावार भिन्नताओं की जांच कर इन चुनौतियों से निपटने और मानव विकास में स्थायित्व लाने के लिए प्रमाण आधारित नीतिगत सुझाव प्रदान करना है।

पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निदेशक डीसी राणा ने कहा कि राज्य में जलवायु परिवर्तन के कारण विपरीत प्रभाव देखने को मिल रहा है, जिससे लोगों की आजीविका के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं कृषि क्षेत्र में भी बदलाव आया है।

यूएनडीपी की प्रमुख अर्थशास्त्री अमी मिश्रा ने विषयगत कार्य समूहों को अपने प्रस्तुतिकरण तैयार करने की दिशा में जानकारी दी। वन विभाग के प्रमुख समीर रस्तोगी, निदेशक पर्यटन विवेक भाटिया, पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. सुरेश अत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यशाला में उपस्थित थे।

## पहले सरकारें विकास करती थी अब सुख सरकार झूठ बुलवाती: विनोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नाचन विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं प्रदेश सचिव विनोद कुमार ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर तीखा हमला बोलते कहा कि विक्रमादित्य मुख्यमंत्री के कहने पर प्रदेश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं और सफेद झूठ बोल रहे हैं। पहले मुख्यमंत्री का काम विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने का होता था, लेकिन वर्तमान में मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों को झूठ बोलने के लिए आगे बढ़ाते हैं। विक्रमादित्य कहते हैं कि केंद्र सरकार द्वारा सहयोग नहीं दिया जा रहा है तो हर हिमाचल में रेलवे के विस्तार के लिए साल अढ़ाई हजार करोड़ से ज्यादा का बजट क्या है? देश भर में काम करने का यही तरीका है। केंद्र के साथ राज्य सरकारें आंशिक सहयोग करती हैं और केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट समय से पूरे होते हैं, लेकिन हिमाचल सरकार द्वारा किए गए तमाम एग्रीमेंट व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार के मुख्यमंत्री खारिज कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की तरफ से निर्धारित किए गए अंशदान को देने से मना कर रहे हैं, जिसकी वजह से प्रदेश में रेलवे के विकास कार्य अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहे हैं। जब एक सरकार ने केंद्र सरकार के साथ कोई सहमति पत्र हस्ताक्षर कर दिए तो अगला मुख्यमंत्री आकर उसे ऐसे खारिज नहीं कर सकता है।

सरकारें आती-जाती रहती हैं और दीर्घकालिक विकास के प्रोजेक्ट सरकारों के बदलने के साथ भी अपनी गति से चलते रहते हैं। सरकार द्वारा प्रदेश में रेलवे को बजट में जारी कर प्रदेश का ही अहित कर रही है। जिन क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है उन क्षेत्रों ने विकास के मामले में दुनिया के साथ कदमताल कर रहे हैं। विनोद ने विक्रमादित्य से पूछा कि क्या हिमाचल प्रदेश सरकार को केंद्र द्वारा हजारों करोड़ की मदद अलग-अलग प्रोजेक्ट में मिल रही है या नहीं? क्या विधानसभा में मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा दिया गया लिखित जवाब झूठ था कि पिछले डेढ़ साल के दौरान केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को 23 हजार 566 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी गई हैं, जिसमें वर्ष 2023-24 में 14 हजार 943 करोड़ और वर्ष 2024-25 में 30 नवंबर तक 8 हजार 623 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। इसलिए विधानसभा में लिखित में जवाब देते वक्त अगर सरकार यह स्वीकार करती है तो मीडिया के सामने भी यह स्वीकार करें कि केंद्र सरकार दिल खोलकर हिमाचल की मदद कर रही है

## प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त, हत्या के मामले में बेतहाशा वृद्धि : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त है। आपराधिक और मनबढ़ प्रवृत्ति के लोग जो चाह रहे हैं वह कर रहे हैं। प्रदेश में इस समय हत्याओं के मामले तेजी से बढ़े हैं। आज ही समाचारों में पढ़ा कि ऊना में पिछले डेढ़ महीने के भीतर 15 हत्याओं के मामले सामने आए हैं। जिसमें हाल ही में एक महिला की हत्या के बाद उसका शव जिस परिस्थितियों में मिला वह अत्यंत पीड़ा दायक है। बद्दी में अराजक प्रवृत्ति के प्रवासी युवाओं द्वारा एक बस्ती को आग लगा देने की घटना भी बहुत चिंताजनक है।



- हर दिन हत्याओं की खबरों से रंगा हुआ है प्रदेश का अखबार

ऐसे अराजकत तत्वों को ऐसा सबक मिलना चाहिए, जिससे वह कभी कानून तोड़ने की हिमाकत न कर सकें। देवभूमि की शांति प्रियता की छवि बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हम प्रदेश में माफिया राज और अराजकता को बढ़ावा नहीं दे सकते। प्रदेश में जिस तरीके से नशे का बोलबाला बढ़ रहा है, वह हम सभी के लिए चिंता का सबब है।

नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इस समय प्रदेश में अपराध के ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जो पहले न कभी सुने गए थे और न देखे गए थे। देवभूमि में इस तरह के अपराध की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आए दिन लोगों की हत्याएं, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, बच्चियों के साथ अत्याचार की खबरें आम हो गई हैं। प्रमुख कारण है सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी जिनके पास है उन्हें सरकार ने अन्य कामों में लगा रखा है। इसलिए मुख्यमंत्री से मेरा आग्रह है वह कानून व्यवस्था को गंभीरता से लें और प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटें।

### नेता प्रतिपक्ष ने दिल्ली की मुख्यमंत्री और मंत्रियों को दी बधाई

**जयराम** ठाकुर ने देश की राजधानी नई दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिरसा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज सिंह शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है और हमें पूर्ण विश्वास है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन एव आपके नेतृत्व में दिल्ली नए ऊंचाइयों को छुएगी।

## मोदी सरकार का महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



- नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को डॉ. राजीव बिंदल की बधाई

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

डॉ. बिंदल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के उत्थान के प्रति अपनी कटिबद्धता और प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए जो कार्य किए हैं, वे पूर्ववर्ती सरकारों में संभव नहीं हो पाए। भाजपा की नीति स्पष्ट है कि देश का संपूर्ण विकास बिना 50 प्रतिशत महिला आबादी के उत्थान के संभव नहीं। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना और गृहिणी सुविधा योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्त कर गैस चूल्हा उपलब्ध कराया गया, जिससे उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आया। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का जो अभियान मोदी सरकार चला रही है, वह भारत की तस्वीर बदलने वाला है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री बनाकर भारतीय जनता पार्टी ने महिला सशक्तिकरण का एक और नया अध्याय लिखा है। विद्यार्थी परिषद और विश्वविद्यालय के चुनावों से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाली रेखा गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में दिल्ली और देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी।

## केंद्रीय बजट में हिमाचल को मिलेंगे 1806 करोड़ : कश्यप

**अनंत ज्ञान, सोलन**



- बजट में रखा गया हर वर्ग का ध्यान, प्रदेश में रेल विस्तार को मिलेगा बल

शिमला संसदीय सीट से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्रीय बजट में मोदी सरकार ने प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखा है। बजट में अप्रत्याशित रूप से आयकर सीमा को 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने का निर्णय ऐतिहासिक है। इसके अलावा कृषि को बढ़ावा देने और उद्योगों के स्टार्टअप के लिए बजट का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि बजट में हिमाचल की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 11806 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इससे प्रदेश की अधोसंरचना, परिवहन, रेलवे विस्तार, जलापूर्ति, कृषि व स्वास्थ्य में व्यापक सुधार होगा। साथ ही रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी। सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कश्यप ने कहा कि पिछले 11 साल में हिमाचल को अब तक कुल 54662 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आपदा के नाम पर मिले फंड की बंदर बांट की है। साथ ही आवासीय योजना का पैसा भी आपदा के नाम पर बांट दिया। अब केंद्रीय योजनाओं का पैसा अब प्रदेश के खजाने में न आकर बैंक खातों में आएगा, ताकि इस पैसे का दुरुपयोग न हो सके।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं जिनका लाभ प्रदेश को मिलेगा, उसमें जल जीवन मिशन में 67 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। हिमाचल में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत भी महिलाओं को नए कनेक्शन दिए जाएंगे, इस योजना के तहत पूरे देश में 10 करोड़ 33 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। सबसे ज्यादा लाभ हिमाचल को प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाला है।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अभी हाल ही में कुफरी से चायल की सड़क को चौड़ा करने के लिए 52 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। इससे कुफरी से चायल तक का पूरा क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित होगा। सांसद निधि आबंटन को लेकर पूछे गए प्रश्न पर कश्यप ने कहा कि जल्द संसदीय क्षेत्र का दौरान कर स्थानीय मंडलों और बूथ के प्रतिनिधियों की प्राथमिकता पर सांसद निधि का आबंटन किया जाएगा। साथ ही लोगों का आभार भी व्यक्त किया जाएगा।

## लंबलू इलाके में जंगलों से गांवों में **घुसे तेंदुए**, दहशत

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लंबलू इलाके के ब्ल्यूट, जिवी, रोहलवीं में तेंदुओं की दहाड़ लोगों को परेशान किए हुए हैं। चीते रोजाना आबादी वाले इलाकों में घूमते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, अभी कोई जानी नुकसान तो नहीं हुआ है, लेकिन लोग बेहद खौफजदा हैं और शाम ढलते ही घरों के अंदर दुबक रहे हैं। कारण यह है कि तेंदुआ एक नहीं, अनेक हैं। इसी कारण उनकी चिंताएं न केवल अपनी जिंदगी को लेकर हैं, बल्कि जानवरों और अन्य पशुओं को लेकर भी है। स्कूल के बच्चे भी परेशानी में हैं।



ब्ल्यूट जिवी, रोहलवीं में रोजाना दिख रहे तेंदुए

इस इलाके के लोगों का कहना है कि शाम के समय ही तेंदुए दहाड़ना शुरू हो जाते हैं। कई जगह तेंदुए आंगन में भी घूमते हुए नजर आ रहे हैं। ब्ल्यूट गांव की रेखा देवी का कहना था कि बीती रात को तेंदुआ उनके आंगन में आ पहुंचा। रेखा ने यह भी बताया कि इसकी शिकायत स्थानीय विधायक आशीष शर्मा से भी की गई है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि वन विभाग बहुत जल्दी यहां पर तेंदुओं को पकड़ने का इंतजाम कर ले।

पट्टा इलाके में तो रात को एक तेंदुआ सीसीटीवी में भी घर के पास दिखा है। यही स्थिति चमनेड में है। दिहाड़ी-मजदूरी करके घर लौटने वाले मजदूर भी परेशानी में हैं। कई लोगों ने बताया कि तेंदुए उन्हें अकसर मिलना शुरू हो गए हैं, लेकिन जान बचाकर उन्हें भागना पड़ रहा है। रामपाल का कहना था कि अब तेंदुए की दहाड़ परेशान कर रही है। शाम के समय घर लौटने पर उन्हें चिंता हो रही है, परिवार भी परेशानी में है। लोगों का कहना है कि तेंदुओं को पकड़ना बेहद जरूरी हो गया है। अगर इन्हें पकड़ नहीं गया, तो इलाके में कोई जानी नुकसान हो सकता है।

उधर, हमीरपुर के डीएफओ अंकित कुमार से बात नहीं हो पाई उनका मोबाइल नो रिस्पांस गया, लेकिन लोगों का कहना था कि वन विभाग के छोटे अधिकारियों को इसकी सूचना भी दे दी गई है। अब करवाई कितनी जल्दी होती है, इसकी वे इंतजार में है। (अनंत ज्ञान)

## महिला कर्मियों को 60 दिन के विशेष मातृत्व अवकाश की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- अधिकृत अस्पतालों पर ही होगा लागू, कठिन समय में मिलेगा संबल

हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी सेवा में कार्यरत महिलाओं को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सरकार ने उन महिलाओं के लिए 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश देने की पहल की है, जो मृत शिशु को जन्म देती हैं या जन्म के तुरंत बाद बच्चे को खो देती है।

वर्तमान में सरकारी सेवा में कार्यरत महिला, जिसके दो से कम जीवित बच्चें है वह प्रसव होने पर 180 दिनों के मातृत्व अवकाश की हकदार है। हाल ही में घोषित विशेष मातृत्व अवकाश केवल मृत शिशु या नवजात शिशु की मृत्यु के मामलों में ही लागू शर्तों पर ही लागू होगा। यह अवकाश केवल अधिकृत अस्पतालों में प्रसव के लिए ही लिया जा सकता है।

ऐसी दुखद परिस्थितियों के शारीरिक और भावनात्मक नुकसान को समझते हुए, राज्य सरकार की पहल का उद्देश्य प्रभावित कर्मचारियों को ठीक होने और उपचार के लिए आवश्यक समय प्रदान करना है। यह कदम कर्मचारी कल्याण, नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपने महिला कर्मचारियों के लिए स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

इस नीति को लागू करके हिमाचल प्रदेश सरकार प्रगतिशील शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, अपने कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता देती है और कठिन समय के दौरान महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करती है।

## एचआरटीसी के डायरेक्टर मोंटी संधू की माता का निधन

**अनंत ज्ञान, नादौन**



- मुख्यमंत्री ने जताया शोक

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के मनोनीत डायरेक्टर मोंटी संधू की माता नीलम संधू का अकस्मिक निधन हो गया है, जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वीरवार को काफी संख्या में लोगों ने उनके निवास स्थान नादौन के वार्ड नंबर एक में उन्हें अंतिम विदाई दी, वह 61 वर्ष की थीं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विधायक कमलेश ठाकुर ने नीलम संधू पत्नी संतोष संधू के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करें।

## मनरेगा के तहत 72245 परिवारों को दिया 100 दिन का रोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**



- अनिरुद्ध बोले- 9.96 लाख लोगों को रोजगार किया प्रदान

प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की बैठक ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश पंचायतीराज विभाग के सचिव राजेश शर्मा और नीरज चांदला, अतिरिक्त निदेशक और संयुक्त सचिव, राज्य पंचायतीराज विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इस बैठक में मनरेगा के तहत गत वर्ष तथा चालू वित वर्ष में की गई प्रगति की समीक्षा की गई और इसके कार्यान्वयन में पाई गई कमियों तथा कार्यान्वयन संबंधित आ रही कठिनाईओं पर भी चर्चा हुई। चर्चा के दौरान बताया गया रहा है कि विभाग ने इस वर्ष के लिए निर्धारित 300.00 लाख कार्य दिवस अर्जित करने के लक्ष्य के विपरीत 346.80 लाख कार्य दिवस अर्जित कर लिए हैं तथा 1414.65 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा 1,52,875 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। चालू वितीय वर्ष के दौरान अब तक मनरेगा के अंतर्गत 6.78 लाख परिवारों तथा 9.56 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जा चुका हैं तथा 77245 परिवारों को 100 दिनों का रोजगार प्रदान किया जा चुका है। इस प्रगति के लिए विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

**ओल्ड इज गोल्ड** 1747 में विक्टोरिया कंपनी द्वारा बनाई गई घड़ी आज भी दे रही सही समय

## राजमहल में 277 वर्ष से लगातार हो रही टिक-टिक

**अनिल शर्मा, मंडी**

अनंत ज्ञान विशेष

मंडी रियासत की शानो-शौकत की इकलौती गवाह रही घड़ी आज 277 साल बाद भी राजमहल होटल की धड़कन है। इस घड़ी ने सब कुछ देखा है। अंग्रेजों की गुलामी देखी, आजादी के आंदोलन देखे, रजवाड़ों की शानो-शौकत और गांव को शहरों का चोला पहनते देखा है।



शहर का दिल कहे जाने वाले हेरिटेज होटल राजमहल के रेस्टोरेंट में लगी यह घड़ी आज भी सही वक्त बताती है। 1747 में इस घड़ी को इंग्लैंड की विक्टोरिया कंपनी ने बनाया था। विशेष स्टैंड पर लगाई गई यह घड़ी दोनों ओर समय बताती है। कभी मंडी के राज परिवार का महल रहे इस भवन को 1982 में हेरिटेज होटल में बदल दिया गया। होटल का प्रबंधन राजपरिवार के वारिस राजा ओमेश्वर और लंदन से होटल मैनेजमेंट करने वाली उनकी पत्नी अंबिका सिंह संभालती हैं।

होटल में मौजूद अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग राजा की सेनाएं करती थी यहां मौजूद पेंटिंग अपने जमाने की समृद्ध परंपरा का जीता जागता नमूना है। इस होटल में कई मशहूर हस्तियां रह चुकी हैं तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा भी यहां कुछ समय ठहरे थे।

वर्ष 2017 में दी ग्रेट खली भी यहां ठहर चुके हैं। एंटीक आइटम के लिए मशहूर राजमहल होटल में रखे हेलमेट जर्मनी में बने हैं जिनका इस्तेमाल जर्मन सेना करती थी। यहां का सारा फर्नीचर ब्रिटिशकाल का बना है और यह लाहौर से बनकर आया था। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं होटल के जनरल मैनेजर

**होटल** के जनरल मैनेजर मान सिंह ने बताया कि होटल में मौजूद एंटीक विदेशी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र है इन धरोहरों को बचाने के लिए होटल प्रबंधन पूरा ध्यान प्रबंध कर रखा है।

**होटल** प्रबंधन लगातार प्राचीन समय की धरोहरों को बचाने के लिए प्रयासरत है। 277 वर्ष पुरानी घड़ी आज भी सही समय बता रही है।
-राजा ओमेश्वर
संचालक होटल राजमहल।

## न्यूज ब्रीफ

### टकोली की मानसिक तौर से परेशान लड़की को बालिका आश्रम में भेजने की गुहार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना जवाली के तहत पड़ती पंचायत टकोली की मानसिक तौर से परेशान लड़की प्रीतिका पुत्री सुरेश पाल पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में घूम रही है। इसकी सुरक्षा के लिए न तो उसके परिजन आगे आ रहे हैं और न ही कोई रिश्तेदार। जहां तक प्रशासन भी उसे आश्रय दिलवाने में रुचि नहीं दिखा रहा है। इस बारे में बुधवार को रैहन के समाजसेवकों व दुकानदारों ने बताया कि उक्त लड़की पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में घूम रही है। इसके बारे में पुलिस थाना रैहन में सूचना दी गई थी तो वहीं पुलिस उक्त लड़की को उसके घर छोड़ भी आई थी लेकिन लड़की दोबारा क्षेत्र में पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि लड़की की दिमागी हालत ठीक नहीं लग रही, जिसके चलते उन्होंने एसडीएम फतेहपुर से लड़की को किसी बालिका आश्रम में भेजने की लिखित गुहार लगाई है।

### धीरा में मजदूर जागरूकता शिविर 23 को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के निदेशक रविंद्र सिंह रवि ने जारी प्रेस बयान में कहा कि 23 फरवरी को 11 बजे धीरा में कल्याण बोर्ड की तरफ से मजदूरों के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हजारों की संख्या में निर्माण श्रमिक शामिल हो रहे हैं इसमें विभिन्न ट्रेड यूनियन के नेता भी शामिल होंगे। इसमें कृषि विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान एवं हिमाचल प्रदेश निर्माण श्रमिक कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

### केसीसी बैंक ने लाहड़ में लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** वीरवार को कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक धीरा के सौजन्य से ग्राम पंचायत कुहाणा के गांव लाहड़ में गत दिवस जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के कर्मचारियों संजय अंगारिया,अंजू व अभिषेक ने स्वयं सहायता समूहों को सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना के साथ साथ ए टी एम, एस एम एस, फ्रॉड फोन कॉल आदि साइबर अपराध की विस्तृत जानकारियां उपस्थित जनता को बताई। इस अवसर पर विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता, सहायिकाओं सहित लगभग 50 स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

### काठगढ़ शिवरात्रि की तैयारियों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** काठगढ़ में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि जिला स्तरीय मेले के आयोजन को लेकर स्थानीय विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन की अध्यक्षता में बैठक की गई। सभी विभागों के विभाग के अधिकारियों, जिसमें एसडीएम डॉक्टर सुरेंद्र ठाकुर तहसीलदार अमन, आरएम हिमाचल पथ परिवहन निगम पठानकोट तथा थाना प्रभारी इंदौरा, थाना प्रभारी डमटाल तथा प्रधान काठगढ़ गोल्डी, महंत कालिदास, ओम प्रकाश कटोच प्रधान मंदिर कमेटी आदि मौके पर मौजूद रहे। इस बैठक में मेले की तैयारी को लेकर जायजा लिया गया। इसमें लोक निर्माण विभाग को इस मार्ग को ठीक करने के कड़े निर्देश भी दिए गए तथा पुलिस विभाग को अलग-अलग स्थान पर पार्किंग स्थान चयनित करने तथा वन वे करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं, दूसरी ओर जल शक्ति विभाग को भी पानी की व्यवस्था व विद्युत विभाग को बिजली संचारू रूप से चलाने तथा पठानकोट के आर एम को स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बस सेवा के सुचारू रूप से चलाने आदेश भी स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन द्वारा दिए गए।

### कल होने वाली बीओडी मीटिंग की रणनीति बनाई

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां डिपो में वीरवार को इंटक महासंघ की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एचआरटीसी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर धर्मशाला डिवीजन के कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने फूलों की माला पहनाकर उमेश शर्मा का जोरदार स्वागत किया। उनके साथ आए राष्ट्रीय सचिव रविंद्र जाट का भी स्वागत किया गया। उमेश शर्मा ने कर्मचारियों से मिलकर 22 फरवरी को होने वाली बीओडी की मीटिंग की रणनीति बनाई। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सितंबर माह में की गई घोषणाओं को भी याद दिलाया, जिसमें कर्मचारियों को ओवरटाइम 100 करोड़ बकाया देने की बात कही गई थी।

# जल्द पकड़े जाएंगे पंकज के सभी हत्यारे

## एसपी बोलीं, मामले में डीएसपी पालमपुर के नेतृत्व में एसआईटी कर रही तहकीकात

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पंचरुखी के वटाहन गांव के 27 वर्षीय पंकज की हत्या मामले को लगभग सुलझा लिया है। वीरवार को एसपी शालिनी अग्निहोत्री साइबर क्राइम की टीम सहित मृतक के घर पहुंची व परिजनों से बात की। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपी पति-पत्नी सुशील कुमार व निशु बाला को भी वटाहन लेकर आए व कुछ और साक्ष्य जुटाए।

इस दौरान एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि यह बहुत ही पेचीदा केस था। हमने हर एंगल से इसकी छानबीन की तथा साक्ष्य जुटाए। जैसे ही इस केस में कड़ियां जुड़ती गईं केस सुलझता गया। उन्होंने कहा कि हमने लगभग इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा लिया है कुछ दिनों में ही अपराधी आपके सामने होंगे। अभी तक हमने सिर्फ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, कुछ और लोगों के इस मामले में शामिल होने की आशंका है इसलिए कुछ और भी गिरफ्तारियों की संभावना है। जो भी इस केस में दोषी पाया जाएगा उनके ऊपर जो भी कानूनी कार्रवाई बनती है, वह की जाएगी। एसपी ने कहा कि डीएसपी पालमपुर लोकेंद्र नेगी की अध्यक्षता में एसआईटी टीम गठित की है, जिन्होंने कुछ दिनों में ही लगभग इस केस को सुलझा लिया है इसलिए सारी टीम बधाई की पात्र है।



**पकड़े गए आरोपियों को मृतक के गांव लेकर पहुंची पुलिस**

### जंगल में मिला था पंकज का शव

**पंचरुखी** के वटाहन गांव का पंकज 18 जनवरी सुबह से लापता हो गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने अगले दिन ही पुलिस थाना पंचरुखी को दे दी थी और जिन लोगों पर पंकज को गायब करवाने का शक था, उनके नाम भी बता दिए थे। बावजूद इसके पुलिस ने न एफआईआर दर्ज की और न ही उन आरोपियों से पूछताछ की। 27 दिन बाद जब ज्वालाजी के जंगलों में एक शव मिला तो परिजन खुद वहां गए और शव की पहचान की। शव का चेहरा किसी तरल पदार्थ से बिलकुल खराब कर दिया था। हाथ की अंगुलियां भी काट दी थी। शव को पहचानना मुश्किल हो रहा था। मृतक पंकज ने अपनी वाजू में आरोपी महिला का नामलिख रखा था, जिससे परिजनों ने शव की पहचान की। पंकज का शव मिलने के बाद तीन आरोपियों उत्तम चंद, सुशील कुमार व निशु बाला पर हत्या व अपहरण का केस दर्ज कर उनको गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने इन तीनों आरोपियों को छह दिन का पुलिस रिमांड दिया है, लेकिन मृतक पंकज के परिजनों ने डीएसपी पालमपुर से अपील की है कि पंचरुखी पुलिस इस केस को न देखे और एसआईटीम टीम ही इसकी तहकीकात करे। वहीं, एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने डीएसपी पालमपुर लोकेंद्र नेगी की अध्यक्षता में एसआईटी टीम गठित की व इस केस को पंचरुखी थाना से पालमपुर थाना शिफ्ट कर दिया है।

## मयंक चौधरी ने संभाला पुलिस अधीक्षक देहरा का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, देहरा**

मयंक चौधरी ने बतौर एसपी देहरा कार्यभार संभाल लिया है। पदभार संभालने के बाद एसपी मयंक चौधरी ने नशे के खिलाफ कड़े कदम उठाने, ट्रैफिक मैनेजमेंट सुधारने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी और देहरा को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए विशेष रणनीति अपनाई जाएगी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसपी मयंक चौधरी ने जनता से सहयोग और जागरूकता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की भागीदारी से ही अपराध और नशे पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकती है। एसपी चौधरी ने कहा कि बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ किया जाएगा और प्रत्येक 5 पंचायतों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इससे पुलिस और स्थानीय जनता के बीच बेहतर तालमेल बनेगा और अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

उन्होंने घोषणा की कि देहरा जिला पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से जुड़ें और जल्द ही एक नया हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा, जिस पर नागरिक अपनी समस्याएं और सुझाव साझा कर सकेंगे।

## ढसोली में भेजे हजारों रुपए के बकाया बिजली बिलों के नोटिस

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

विद्युत विभाग उपमंडल रैहन के तहत पड़ते ढसोली के विद्युत उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा पिछले बकाया बिल के नोटिस भेज दिए हैं। इन्हें देख उपभोक्ता परेशानी में हैं। इसी विषय पर मीडिया से रू-ब-रू होते हुए उपभोक्ताओं में सुजान सिंह, मोहिंद्र सिंह, रजिंद्र कुमार व अन्य ने बताया कि हाल ही में विभाग द्वारा उन्हें नोटिस निकाले गए हैं, जिसमें उनके विद्युत बिल की हजारों रुपए की राशि बकाया दर्शाई गई है।

उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जब समय-समय पर बिल जमा करवाए जाते रहे हैं, तो बकाया राशि कहां से निकल कर सामने आई है। उन्होंने बताया कि विभाग ने कहा कि वर्ष 2020 से 2023 के ऑडिट दौरान उक्त बिल की राशि बकाया रही है, जिसे उपभोक्ताओं को जमा करवाना होगा। इन उपभोक्ताओं का कहना है कि अगर इतना समय पहले की उनकी बिल की राशि बकाया चल रही थी तो उन्हें उसके बाद के बिलों में क्यों नहीं जोड़ा गया। उन्होंने विभाग से अपील की है कि इसकी जांच कर उपभोक्ताओं की परेशानी को खत्म किया जाए।

वहीं, इस बारे में विभागीय एसडीओ अभिजीत सिंह के साथ फोन पर बात की तो उन्होंने कहा कि बिजली विभाग द्वारा निकाले गए नोटिस की जानकारी है। ऑडिट दौरान ही उक्त उपभोक्ताओं की बकाया राशि सामने आई है। उन्होंने उपभोक्ता से अपील की है कि वह लिखित में विभाग के पास निवेदन करें, ताकि उक्त बकाया राशि को किस्तों में जमा करवाने के लिए उच्चधिकारियों से आग्रह किया जा सके।

### दिल्ली की भाजपा सरकार को दी बधाई



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलदेव ठाकुर ने वीरवार को लारथ में मीडिया के माध्यम से दिल्ली की नवनिर्वाचित सरकार को बधाई दी है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का भी आभार जताया जिन्होंने दिल्ली सरकार का दायित्व एक कुशल एवं अनुभवी महिला को सौंपा है। उन्होंने दिल्ली की जनता को भी आश्वस्त करवाया कि नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री दिल्ली की सभी समस्याओं का समाधान निकाल दिल्ली की जनता को राहत देंगी। उन्होंने दिल्ली जनता का भी आभार जताया, जिन्होंने पिछले 27 साल के सूखे को खत्म करने में मुख्य भूमिका निभाई है।

## संजय पराशर ने किया डांगड़ा के सामुदायिक भवन का शिलान्यास

### आर्थिक सहयोग दिया, ग्रामीणों ने भी भवन के लिए एकत्रित की राशि

**अनंत ज्ञान, गरली**

सरकारें जब अपने कर्तव्य से विमुख हो जाती हैं तो ग्रामीणों को खुद ही अपने स्तर पर सुविधाएं जुटाने का प्रयास करना पड़ता हैं। जसवां-प्रागपुर क्षेत्र की बणी पंचायत के डांगड़ा गांव में सामुदायिक भवन को लेकर एक ऐसा ही उदाहरण सामने आया है।

इस गांव में बारात के ठहरने या किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए ऐसा कोई भवन न होने से गांववासियों को वैकल्पिक प्रबंध करने पर मजबूर होना पड़ता है। इस समस्या को ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा, लेकिन किसी ने उनकी इस जायज मांग पर गौर नहीं किया। बाद में जब गांववासियों ने इस बात को कैप्टन संजय पराशर के समक्ष रखा तो पराशर ने तुरंत इस गांव में सामुदायिक भवन बनाने के लिए हामी भर दी और अपनी जेब से इस कार्य के लिए आर्थिक योगदान दिया। इससे उत्साहित होकर ग्रामीणों ने भी सामूहिक रूप से धनराशि एकत्रित करनी शुरू कर दी। अब गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

वीरवार को संजय पराशर ने पंचायत के वार्ड नंबर एक में सामुदायिक भवन की आधारशिला रख दी। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने पराशर का जोरदार स्वागत किया। पराशर ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि जसवां-प्रागपुर क्षेत्र के वासियों के लिए उनका जीवन समर्पित है। पहले भी अपने संसाधनों का उपयोग करके इस क्षेत्र की जनता को सहयोग देने का प्रयास किया गया है और यह मुहिम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण में गांव का हर व्यक्ति सहयोग कर रहा है और यदि आगे भी आर्थिक रूप से मदद करनी पड़े तो वह पीछे नहीं हटेंगे। वहीं स्थानीय लोगों ने बातचीत में कहा कि उनके द्वारा कैप्टन संजय पराशर से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के बारे में बात की गई थी। पराशर ने एक बार कहने पर हमारा सहयोग किया है। आज सामुदायिक भवन के शिलान्यास के लिए यहां पहुंचे हैं तथा इसके लिए पूरा गांव उनका आभारी है।




## ऊंचाई और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से बंधी आस

# हिमाचल प्रदेश के सुस्त पर्यटन कारोबार को मिलेगी संजीवनी



**"सूबे की ऊंचाई व मध्यम ऊंचाई की चोटियों पर ताजा हिमपात से हिमाचल प्रदेश के सुस्त पर्यटन कारोबार को रफ्तार मिलने की संभावना है। आगामी दिनों में प्रमुख पर्यटन स्थलों में सैलानियों की चहलकदमी देखी जा सकती है। पड़ोसी राज्यों के अलावा दक्षिणी भारतीय सैलानियों की तादाद भी बढ़ सकती है। देसी पर्यटकों के साथ बाहर से आने वाले सैलानी भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। पर्यटन स्थल शिमला, मनाली, धर्मशाला, कसौली, नारकंडा, कुफरी सहित लाहौल-स्पीति व किन्नौर में पर्यटक लगातार संपर्क साध रहे हैं। मौसम के करवट बदलने से अब ये सभी पर्यटक स्थल चहकने वाले हैं। सफेद मखमली बर्फबारी की खूबसूरती देखते ही बन रही है, जो अगले कुछ दिनों तक सैलानियों को आकर्षित करने का काम करेगी। पर्यटन कारोबार की मंदी का प्रमुख कारण प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ भी रहा, जो 13 जनवरी को शुरू हुआ था और 26 फरवरी को समाप्त होने वाला है। अभी भी यह विशाल मेला 6 दिन और चलना है, जाहिर तौर पर उसके बाद ही बड़ी तादाद में सैलानी हिमाचल प्रदेश की तरफ रुख कर सकते हैं।**

### 20 से 40 फीसदी तक ऑफ सीजन की छूट

**मंदे** सीजन के मद्देनजर पर्यटन विभाग ने 20 से 40 फीसदी तक ऑफ सीजन की छूट घोषित कर रखी है। प्रमुख पर्यटन स्थलों में ऑफ सीजन में छूट का असर कुछ दिन दिखा जरूर, फिर जिस तरह की उम्मीद थी, वह फिलहाल नजर नहीं आ रही है। हिल क्वीन शिमला की बात करें, तो विंटर कार्निवाल के दौरान पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को अवश्य मिली थी, जो दिसंबर, 2024 से जनवरी 2025 के दूसरे पखवाड़े तक लगातार बनी रही। उसके बाद धीरे-धीरे पर्यटन कारोबार धीमा पड़ता चला गया, जो अभी तक जारी है।

### बच्चों की परीक्षाओं ने भी रोके पर्यटकों के कदम

**मैदानी** इलाकों में 15 फरवरी से केंद्रीय माध्यमिक स्कूलों के छात्रों की सालाना परीक्षाएं चल रही हैं, जो 18 मार्च तक चलेंगी, जबकि 12वीं की 4 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। इसी तरह हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अधीन ली जाने वाली वार्षिक परीक्षाएं 4 से 22 मार्च और 12वीं कीं 4 से 29 मार्च तक चलने वाली हैं। लिहाजा, इस दौरान मैदानी इलाकों से आने वाले सैलानियों की आमद बेहद कम रहने वाली है। वहीं, प्रदेश स्तर में इधर से उधर आने वाले स्थानीय पर्यटक भी काम ही घूमते नजर आएंगे, जिसमें फरवरी माह का आखिरी सप्ताह व मार्च माह का पूरा महीना पर्यटन कारोबार के लिहाज से ठंडा रहने वाला है। हालांकि, ऊंचाई वाले इलाकों के साथ मध्य क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी से वीकेंड में सैलानियों की तादाद ज्यादा रहने वाली है, क्योंकि बर्फबारी के दीदार को हर कोई दौड़ा चले आना चाहता है, खासकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व राजस्थान से सैलानियों की संख्या यहां आने वालों की सूची में सबसे ज्यादा आंकी जा सकती है।

### अप्रैल माह से बढ़ेगा पर्यटन कारोबार

**पर्यटन** विभाग के जिला पर्यटन अधिकारी संजय भगवती ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ की वजह से यहां पर सैलानियों की संख्या घटी है। सूखे के लंबे अंतराल से भी टूरिस्ट ज्यादा नहीं आ पाए हैं। उनके मुताबिक, अभी फरवरी का आखिरी सप्ताह व पूरा मार्च महीना बच्चों की वार्षिक परीक्षा होने के चलते मंदा रहने वाला है। उम्मीद है कि उसके फौरन बाद यहां पर पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ जुटने की संभावना बन सकती है।

**प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**



*कभी सैलानियों से पैक रहने वाली कांगड़ा घाटी अब सैलानियों के लिए तरस रही है। सरकार के सत्ता में अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी की बातें अभी धरातल से कोसों दूर दिखाई दे रही हैं। कांगड़ा पर्यटन कारोबार पर मौसम की बेरुखी के साथ सरकार की अनदेखी की भी मार पड़ी है। राज्य पर्यटन विभाग की ओर से ऐसी कोई मजबूत पहल नहीं की जा सकी है, जिससे पर्यटकों का रुख कांगड़ा के खूबसूरत पर्यटन स्थलों पर पड़ा हो। पिछले वर्ष धर्मशाला सहित, मैक्लोडगंज, भागसूनाग, नड्डी, सतोबरी, धर्मकोट, डलझील, खनियारा, मसरूर टैंपल, बीड़-बिलिंग, करेरी झील आदि पर्यटन क्षेत्र सेलानियों के इंतजार में हैं। पर्यटकों की आवाजाही न के बराबर होने के कारण इसका असर सीधे पर्यटन उद्योग पर पड़ा है तथा होटल कारोबारियों के साथ अन्य व्यापारी वर्ग को भारी घाटे का सामना करना पड़ रहा है। लंबा समय बीत जाने के बाद भी पर्यटन उद्योग उबर नहीं पाया है।*

# सैलानियों से पैक रहने वाली कांगड़ा घाटी सैलानियों को तरसी

## कांगड़ा को पर्यटन राजधानी की बातें अभी धरातल से कोसों दूर



### सरकार कर रही नई पर्यटन नीति बनाने की बात

**गत** वर्ष प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कम चर्चित स्थानों को बढ़ावा देने के लिए एक नई पर्यटन नीति बनाने की बात कही थी। खुद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कई परियोजनाओं की समीक्षा भी की थी। इन परियोजनाओं में धर्मशाला के सकोह में रोलर स्केटिंग रिंक, परागपुर में गोल्फ कोर्स, मेंझा में हाई-एंड रिसॉर्ट, नगरोटा बंगवा में पर्यटन गांव और कांगड़ा में एयरो सिटी विकसित है। हाल ही में पर्यटन विभाग ने इन योजनाओं को सरकार के साथ साझा भी किया था, मगर अभी तक ये योजनाएं धरातल पर खड़ी नहीं हो पाई हैं।

### गलत सूचनाओं के कारण पर्यटन स्थलों से दूर हुए पर्यटक

**कांगड़ा** के होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विनी बंबा के अनुसार भूस्खलन और अचानक बाढ़ के बारे में गलत सूचना कुछ साल पहले ही फैलनी शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा अधिकांश पहाड़ी राज्यों के कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन आम घटना है। हिमाचल के बारे में हर जगह प्राकृतिक आपदाओं के बारे में गलत सूचना फैलाई गई। गत वर्ष मानसून के दौरान राज्य में पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ जो अभी तक संभल नहीं पाया है। बंबा ने कहा कि कांगड़ा घाटी समेत राज्य के 90 प्रतिशत इलाके यात्रा के लिए सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार को पर्यटकों के लिए एक एडवाइजरी जारी करनी चाहिए कि मौसम के अनुकूल कौन से क्षेत्र यात्रा के लिए सुरक्षित हैं। इससे पर्यटकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे इस क्षेत्र की यात्रा की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।



*अश्विनी बंबा, अध्यक्ष, होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन*

### आईपीएल मैचों के दौरान सैलानियों के आने की उम्मीद

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मई माह से शुरू हो रहे आईपीएल मैचों को लेकर यहां पर्यटकों की आने की उम्मीद पर्यटन कारोबारियों को है। धर्मशाला में 4, 8 और 11 मई को पंजाब किंग्स की टीम लखनऊ, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के साथ मैच खेलेगी। दो मैच शाम साढ़े सात बजे होंगे, वहीं एक मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। होटल कारोबारियों को उम्मीद है कि आईपीएल मैचों से पर्यटन कारोबार घाटे से उबर पाएगा।

*प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला।*

## धार्मिक आस्था के साथ अब पर्यटन का केंद्र भी बनेगा दियोटसिद्ध मंदिर

**हमीरपुर** जिले के अंतिम छोर पर स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र के रूप में तो उत्तरी भारत का प्रमुख धार्मिक स्थल है ही, अब पर्यटन की दृष्टि से भी यह स्थान और महत्वपूर्ण होने जा रहा है। यहां करोड़ों रुपए के जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं, उससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में भी लगातार इजाफा होगा। पिछले कुछ सालों से इनकी संख्या में बढ़ोतरी तो हुई है, मगर सुविधा उस स्तर की नहीं मिल पाई थीं। हालांकि अब सड़क सुविधा के अलावा मंदिर के क्षेत्र में और सुविधाएं जुटाने के प्रयास भी शुरू हो चुके हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सड़क कनेक्टिविटी और बेहतर होने वाली है। इसमें भले ही एक साल लग जाए, लेकिन वाहन चालकों के लिए और ज्यादा आरामदायक सड़क सुविधा तैयार होने वाली है। यही नहीं एशियन डेवलपमेंट बैंक के सौजन्य से बाबा बालक नाथ मंदिर के कैंपस में करीब 60 करोड़ के जिस प्रोजेक्ट के तहत काम शुरू होने वाला है, उससे इस मंदिर की छटा में और निखार आएगा।

**एशियन डेवलपमेंट बैंक निखारेगा छटा सड़क कनेक्टिविटी भी होगी बेहतर**



### शाहतलाई से दियोटसिद्ध तक रोपवे का भी प्लान

**शाहतलाई** से दियोटसिद्ध मंदिर परिसर तक रोपवे का भी प्लान है और इन तमाम सुविधाओं के जुटने के बाद निश्चित रूप में श्रद्धालु भी बड़े स्तर पर यहां पहुंचेंगे। यहां के पर्यटन को भी फायदा होगा, लोगों की आर्थिकी भी मजबूत होगी। क्योंकि जब श्रद्धालु या सामान्य यात्री पहुंचेंगे, तो फिर वे यहां रोजगार के अवसर भी क्षेत्र के लोगों को देंगे। अब क्योंकि नादौन के पास से दियोटसिद्ध मंदिर तक सड़क टू-लेन टाइप हो रही है। यानी राइडिंग क्वालिटी सुधरेगी, आसान होगी। इससे जो यात्री ज्वालामुखी पहुंचेंगे, तो वे निश्चित रूप में वापसी पर बाबा बालक नाथ मंदिर भी आने का मन बना लेंगे।

### प्रदेश के मंदिरों में हर साल आते हैं लाखों श्रद्धालु

**माता** चिंतपूर्णी, ज्वालामुखी और कांगड़ा एवं नयना देवी मंदिरों में हर साल लाखों यात्री पहुंचते हैं, लेकिन दियोटसिद्ध मंदिर में केवल चैत्र मास के मेलों के दौरान ही आते हैं। इन मंदिरों में जब श्रद्धालु आएंगे और उन्हें सड़क की कनेक्टिविटी बेहतर दिखेगी, तो वे बाबा बालक नाथ मंदिर भी पहुंचने में दिलचस्पी दिखाएंगे। जो कभी नहीं आए वे भी पहुंचेंगे।

**प्रस्तुति : विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### धीरा, नौरा और आसपास कल पावर कट




**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि 22 फरवरी को 33/11 केवी सब स्टेशन कुरल के उचित रखरखाव एवं उपकरण सुधार हेतु विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों धीरा, नौरा, डई, कुहाणा, गगल खोली, भदरोल, काहनफट, औचा, रक्कड़, कुरल, डरोह, बारी, बसकेहड़, पीटीसी डरोह, अटियालाढ़ई, भोडा, जैंद, खड्डल, बोढ़ा, कलेहड़, केदारा, मरूंह, भेड़ू ब्लॉक कार्यालय, सुलह, ननाओं, ककड़ें, हार, बर्ल व सालन में सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### बिजली उपभोक्ता जल्द करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि अपने मीटर की ई-केवाईसी जल्द से जल्द करवाएं और किसी भी अन्य शिकायत के लिए इस कार्यालय में या दूरभाष 01892-246394 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए विद्युत विभाग कारगर कदम उठा रहा है।

### गगल एयरपोर्ट पर नहीं पहुंचे दो विमान

**अनंत ज्ञान, गगल।** वीरवार सुबह के दो विमान दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पर खराब मौसम के चलते नहीं पहुंच पाए। जानकारी देते हुए कार्यवाहक निदेशक धनि आंचल ने बताया के सुबह दो विमान दिल्ली से गगल आते हैं, जिनमें से एक विमान स्पाइस जेट का और दूसरा इंडिगो का, जो आज खराब मौसम के चलते दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हुए। बाकी विमान नियमित रूप अपनी सेवाएं देते रहे।

### सदवां स्कूल ने हासिल किया दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में संपन्न हुए समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय स्किल्ड डेवलपमेंट प्रतियोगिता में तहसील नूरपुर के वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट पाठशाला सदवां के बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

### ततवानी में मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विकास खंड रैत की ग्राम पंचायत ततवानी में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ततवानी के गर्म पानी के प्राकृतिक कुंड में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। प्राचीन मंदिर के मुख्य पुजारी महंत विशाल गोस्वामी ने बताया कि महाशिवरात्रि को श्रद्धालु प्रातः गर्म पानी में डुबकी लगाकर विधिवत शिव शंकर भगवान की पूजा अर्चना करते हैं उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि को मंदिर के प्रांगण में विशाल मेले का आयोजन भी किया जाता है इस शुभ अवसर पर मेला कमेटी द्वारा युवाओं के लिए वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन तथा दौड़ का आयोजन किया जाता है प्रतियोगिता में प्रथम तथा द्वितीय स्थान हासिल करने वाले विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाता है।

### बैजनाथ कॉलेज में कल मनाया जाएगा वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में 22 फरवरी को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री किशोरी लाल जी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करेंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने सभी विद्यार्थियों औरअभिभावकों से इस महत्वपूर्ण वार्षिक समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है। इस समारोह में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# ब्लैक स्पॉट्स पर लगाए जाएं साइन बोर्ड

## सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज बोले, सड़क सुरक्षा नियमों की सख्ती से अनुपालना हो सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों का सख्ती से पालन किया जाए ताकि प्रतिदिन जिला में होने वाली दुर्घटनाओं को और कम किया जा सके। उन्होंने संबंधित विभिगों को युवा पीढ़ी को सड़क सुरक्षा तथा नशे की बुराईयों के बारे में जागरूक करने हेतु विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।


वीरवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि भारत में ही प्रतिवर्ष सड़क हादसों के कारण डेढ़ लाख के करीब लोग जान गंवाते हैं, जिनमें 18 से 45 वर्ष आयुवर्ग के ज्यादा लोग सड़क हादसों के शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है। इस के लिए नियमित तौर पर चालकों के आंखों के चेकअप कैंप, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ साथ युवक मंडलों तथा पंचायत स्तर पर यातायात नियमों की जानकारी देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड की पूरी तरह से निगरानी की जाए। पंपलेंट्स के माध्यम से सरकारी तथा निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी यातायात नियमों के बारे में अवगत करवाया जाए। सांसद ने कहा कि सड़कों पर यातायात से संबंधित साइन बोर्ड भी जगह जगह प्रदर्शित किए जाएं। इस के साथ दुर्घटना संभावित जगहों की शिनाख्त कर वहां पर भी साइन बोर्ड लगाए जाएं, ताकि किसी भी तरह से पर दुर्घटनाओं की आशंका नहीं रहे।

उन्होंने कहा कि विभिन्न जगहों पर धर्मशाला की तर्ज पर इंटेलिजेंस ट्रैफिक सिस्टम विकसित किया जाए, ताकि सड़क पर गुजरने वाले वाहनों की पूरी निगरानी की जा सके और अवहेलना करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी हेल्थ केयर यूनिट भी जिला में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए जाएं, ताकि हादसों में घायल होने वालों को तुरंत उपचार की सुविधा मिल सके। भारद्वाज ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत नाबालिग बच्चों को अगर वाहन चलाते हुए पाया गया तो उनके अभिभावकों या वाहन के मालिक के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### लोगों को दें 'गुड स्मार्टियन' योजना की जानकारी

**सांसद** राजीव भारद्वाज ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से 'गुड स्मार्टियन' नामक योजना आरंभ की गई है। इसमें सड़क दुर्घटना में पीड़ित को हादसे के तुरंत बाद शुरुआती एक घंटे के भीतर 'गोल्डन आवर' में अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाने का प्रयास करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र तथा 5000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की इस योजना का मकसद लोगों को सड़क हादसों में घायलों की मदद करने और दुर्घटना में मृत्यु के मामलों में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनमानस को इस बारे में जानकारी मिल सके और सड़क हादसों के घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके।

## सालगिरह मुबारक



कलैहली के प्रेम कश्यप व योगेश कुमारी को शादी की 30वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# 73 पेटी देसी शराब सहित दो गिरफ्तार

## एक्साइज इंस्पेक्टर पवन ने बासा बाजीरा में नाके के दौरान पकड़ी खेप

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



राज्य कर आबकारी विभाग के उप आयुक्त नूरपुर प्रितपाल सिंह के दिशा-निर्देश अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर एक्साइज इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बासा बाजीरा के पास नाका गया हुआ था। वीरवार सुबह एक जीप नंबर एचपी 37 II 0733 को जब रोका गया, तो तलाशी के दौरान उसमें से देसी संतरा शराब की 73 पेटी बरामद की गईं। यह शराब शाहपुर बिना परमिट से लाई जा रही थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमित कुमार पुत्र स्वरूप चंद निवासी भनाल तहसील शाहपुर तथा उसका सहचालक केवल सिंह पुत्र पूरन, निवासी चोरी भनाल तहसील फतेहपुर के तौर पर की गई है। इन दोनों आरोपियों के खिलाफ नूरपुर थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### सनौरा में पकड़ी 10 पेटी अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल का नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। इसी कड़ी में गगल पुलिस की टीम ने बुधवार रात को थाने के बाहर सनौरा में देसी 10 पेटी अवैध शराब बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार गग्गल पुलिस की टीम थाना प्रभारी उद्यम सिंह की अगुवाई में सनौरा में नाका लगाया हुआ था, इतने में ऑल्टो कार वहां से गुजरी, जिसे चेकिंग के लिए रोका गया। ऐसे में पुलिस की टीम ने ऑल्टो कार की चेकिंग की, तो कार में 10 पेटी वीआरवी देसी अवैध शराब बरामद की। आरोपी की पहचान वीरेंद्र निवासी लदवाड़ा, तहसील शाहपुर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी उद्यम सिंह ने बताया कि टीम ने बुधवार रात नाके पर 10 पेटी देसी शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

# बैजनाथ शिवरात्रि में पंजाबी सिंगर निंजा मचाएंगे धमाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव में इस बार हिमाचली व पंजाबी कलाकारों का धमाल रहेगा। महोत्सव की तीन सांस्कृतिक संध्याओं में 27 फरवरी को पहली संध्या में हिमाचली कलाकार सुनील राणा अपनी प्रस्तुति देंगे। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक निंजा व हिमाचली गायक काकू राम ठाकुर दर्शकों को नचाएंगे, जबकि अंतिम सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली कलाकार ईशांत भारद्वाज व पंजाबी हास्य कलाकार भोटू शाह दर्शकों को लोटपोट करेंगे।

मेला समिति के अध्यक्ष व एसडीएम देवी चंद ठाकुर ने बताया कि 26 फरवरी को मंत्री राजेश धर्माणी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे, जबकि स्थानीय विधायक किशोरी लाल विशेष अतिथि के रूप में उनके साथ मौजूद रहेंगे। पहली संध्या में केवल सिंह पठानिया मुख्यातिथि व विधायक मलेंद्र राजन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। दूसरी संध्या में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा मुख्यातिथि व विधायक संजय रत्न विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में कैबीनेट मंत्री आरएस बाली बतौर मुख्यतिथि भाग लेंगे, जबकि विधायक आशीष बुटेल विशेष अतिथि के तोर पर भाग लेंगे। एसडीएम ने बताया कि मेले का समापन कृषि व पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार करेंगे। एसडीएम ने बताया कि मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के रंग बिरंगे फूलों व लाईटों से सजाया जाएगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव में पहली बार आधुनिक वस्तुओं के स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। वहीं विधायक किशेरी लाल ने स्थानीय लोगों से अनुरोध किया है कि वे मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन तथा मेला कमेटी का हर संभव सहयोग करें।

## बाबा वीरभद्र शिवालय मंदिर ट्रस्ट ने की बैठक

**अनंत ज्ञान कांगड़ा।** बाबा वीरभद्र शिवालय मंदिर ट्रस्ट ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में पंडित वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा वीरभद्र मंदिर में फलाहार का लंगर लगाया जाएगा, जो उन लोगों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है जिन्होंने शिवरात्रि वाले दिन व्रत रखा होगा। इसके अलावा 2 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया जाता है। पंडित वेद प्रकाश शर्मा ने यह भी कहा कि जो लोग इस पर्व में सहयोग करना चाहते हैं, वे मंदिर द्वारा अधिकृत व्यक्ति से रसीद लेकर दान दें, ताकि उनका दान सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से उपयोग किया जा सके। 24 फरवरी को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अभी मेहरा बटाला द्वारा भव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

## नशे का गढ़ बनता जा रहा नूरपुरः राकेश कुमार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में प्राचार्य डॉ. अनिल ठाकुर के कुशल निर्देशन में महाविद्यालय की नशा निवारण समिति के सदस्यों डॉ. दिलजीत सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सत्य प्रकाश एवं प्रो. मोनिका द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में नशीले पदार्थों का खतरा व सामाजिक जागृति विषय पर वक्तव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य उत्पादन शुल्क एवं कराधान विभाग के उत्तरी क्षेत्र पालमपुर के संयुक्त आयुक्त राकेश कुमार भारती ने विशेषज्ञ के तौर पर शिरकत की। अपने वक्तव्य में इन्होंने समाज की स्थिति और नशे के ऊपर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में नूरपुर क्षेत्र में 14 से 26 वर्ष की आयु के बच्चे नशीले पदार्थों का बड़ी तीव्रता से शिकार हो रहे हैं। महाविद्यालय के बच्चों को अपने वक्तव्य के माध्यम से प्रेरित करते हुए उन्होंने बताया कि हमें समय रहते नशीले पदार्थों के बारे में पूर्ण जागृत होना है। न केवल जागृत होना है, अपितु समाज में फैले हुए इसकी खरीद-फरोख्त करने वाले लोगों से भी सावधान रहना है। उन्होंने कि नूरपुर पूरे हिमाचल में अन्य जिलों के साथ नशे के कारोबार एवं खरीद-फरोख्त के लिए अग्रणी क्षेत्र में से एक है।

# धौलाधार की पहाड़ियों पर भारी हिमपात, गिरा तापमान

## एक बार फिर से ठंड की चपेट में आई कांगड़ा घाटी, घरों में दुबके लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



मौसम की बदलने के साथ ही कांगड़ा घाटी फिर से भारी ठंड की चपेट में आ गई है। बुधवार देर शाम से शुरू हुई वर्षा वीरवार के दिन भी जारी रहने से मौसम पूरी तरह से बदल चुका है। धौलाधार पर्वतों पर भारी हिमपात के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ गया है। धौलाधार पर्वतों सहित हिमानी चामुंडा मंदिर व त्रियुंड में भारी हिमपात हुआ है।

पिछले काफी समय से वर्षा न होने के कारण किसानों व लोगों में मायूसी देखी जा रही थी। लोगों को दिन के समय गर्मी तथा सुबह शाम ठंड का सामना करना पड़ रहा था। मौसम के बदलते ही एक बार फिर से लोगों में खुशी देखी जा रही है। गेहूं की फसल के लिए किसानों को लंबे समय से वर्षा का इंतजार था, जिससे किसानों ने भी राहत की सांस ली है। ठंड के कारण तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। पहाड़ों के निचले क्षेत्रों में पारा शून्य से नीचे लुढ़क गया है। ठंड के कारण वीरवार को बाजारों में सूनापन रहा तथा लोगों घरों में दुबके रहे, जबकि अधिकतर लोगों ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते नजर आए।

मौसम विभाग के अनुसार इस बार वर्षा सामान्य से काफी कम हुई है जिसके कारण गर्मियों से पहले ही पानी की समस्या ने विकराल रूप धारण करना शुरू कर दिया था। समय से पहले ही छोटी नदियों में पानी न के बराबर होने से जलशक्ति विभाग की परेशानियां भी बढ़ गई थी। मौसम विभाग ने राज्य के कई भागों में आगामी छह दिनों तक बारिश-बर्फबारी का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। इससे तापमान में भी गिरावट आने की संभावना है।

### किसान-बागवान गदगद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जिले में करीब अढ़ाई माह से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों बागवानों ने बारिश होने से जहां राहत की सांस ली है। वहीं, कृषि विशेषज्ञों की मानों तो गेहूं की खेती को तो एक संजीवनी मिली है। वीरवार को हुई बारिश के बाद किसानों बागवानों की भी उम्मीदें जगी हैं। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से बारिश न होने से किसानों की गेंहू, आलू की फसल का भारी नुकसान हो रहा था। खेतों में मौसमी सब्जियां, साग पालक, लहसुन, प्याज की फसल को भारी नुकसान हो रहा था, पानी न मिलने से चंगर इलाकों में किसानों की गेंहू की फसल सूखने के कगार पर थी। वहीं कहीं-कहीं पर तो चंगर इलाके में किसानों द्वारा बीजी गई गेंहू की फसल पूरी तरह सूख चुकी थी, लेकिन अब बारिश होने से किसानों की उम्मीदें जगी हैं। साथ ही बारिश होने से जलशक्ति विभाग की भी मुश्किलें कम हुई हैं। बारिश होने तथा पहाड़ों पर बर्फ पड़ने से अब विभाग ने भी राहत की सांस ली है।

# सिरमनी में गाड़ी पलटने से चालक घायल, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के अधीन दुराना-32 मील मार्ग पर सिरमनी में सूमो के पलटने से चालक घायल हो गया, जबकि साथ बैठे एक युवक की मौत होने का समाचार मिला है। मृतक युवक की पहचान निखिल (28) वर्ष पुत्र चमनो, निवासी शाहपुर के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश चंद व निखिल पुत्र चमनो निवासी शाहपुर सूमो से दोराना-32 मील वाया सिरमनी होकर कहीं जा रहे थे कि सिरमनी में सूमो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। लोगों ने दोनों को बाहर निकाला तथा उपचार हेतु शाहपुर अस्पताल में ले गए। वहां पर डॉक्टरों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया, जबकि चालक प्रकाश चंद घायल हैं, जिनका उपचार चल रहा है। वहीं, इसकी सूचना पुलिस को दी गई तथा पुलिस ने शाहपुर अस्पताल में पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है तथा केस दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस बारे में एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने कहा कि सिरमनी में सूमो के खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत और एक व्यक्ति घायल हुआ है। हादसे में निखिल पुत्र चमनो निवासी शाहपुर की मौत हो गई है, जबकि चालक प्रकाश चंद घायल है, जिनका उपचार चल रहा है।

उधर, पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# करुणामूलक आश्रित परिवारों ने किया मिशन स्पीड पोस्ट का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पिछले 15 से 20 बर्षो से करुणामूलक नौकरियां का इंतजार कर रहे करुणामूलक परिवारों द्वारा प्रदेश सरकार को अपनी मांगों को पहुंचाने के लिए एक बार से 'मिशन स्पीड पोस्ट' अभियान शुरू कर दिया है। प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में प्रदेश के तमाम करुणामूलक आश्रितों ने स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को अपना मांगपत्र भेजना शुरू कर दिया है और साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा करुणामूलक सब कमेटी का गठन किया गया है। वे तमाम नेताओं एवं मुख्य सचिव और वित्त सचिव को पत्र के माध्यम से अपनी मांगों से अवगत करवा रहे हैं।

अध्यक्ष का कहना है कि हिमाचल प्रदेश सरकार करुणामूलक आश्रितों के लिए विषेश बजट का प्रावधान कर करुणामूलक नौकरियों को बहाल करे, आय सीमा मे संशोधन करे और 22 सितम्बर 2022 को पूर्व सरकार को निकाली गई अधिसूचना, जिसमें लिखा गया है कि जो मामले वित विभाग मै अस्वीकृत किए गए हैं, उनको दोबारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अधिसूचना को पूर्ण रूप से रद्द किया जाए। जिन विभागों बोर्ड निगमो ब यूनिवर्सिटी में खाली पद नहीं है उन केसों के लिए पॉलिसी में प्रावधान करके अन्य विभागों में शिफ्ट करके इन परिवारों को नौकरियों का प्रावधान किया जाए।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार का कहना है कि करुणामूलक आधार पर नौकरियों का इंतजार करते हुए 15 से 20 साल हो चुके हैं, परंतु अभी भी हम करुणामूलक आश्रितों को सरकार अनेदखा कर रही है। कुछ करुणामूलक आश्रित तो नौकरी का इंतजार करते हुए मृत्यु को प्राप्त हो गए हैं। बहुत सारे करुणामूलक आश्रितों की आयु अब 45 वर्ष हो रही है। पता नहीं इन करुणामूलक आश्रितों का दर्द हिमाचल प्रदेश सरकार को क्यों नजर नहीं आ रहा है। आखिर कब तक सरकार इन दीन, असहाय परिवारों को रोजगार के रूप में न्याय दिलाएगी। 20 वर्षों से अधिक ये परिवार दर-बदर भटक रहे हैं, वर्तमान हिमाचल प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री हमारे साथ वादाखिलाफी कर रहे हैं।

अब इन्होंने ऐसा मौन धारण कर लिया है कि करुणामूलक आश्रितों पर इनको किसी भी प्रकार की करुणा नहीं आ रही है। सरकार हमारी अनदेखी कर रही है।

# सैलानी मोटर बोट में कर सकेंगे पौंग झील की सैर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिले के पौंग बांध में पर्यटकों को अप्रैल से मोटर बोट से झील में घूमने की सुविधा मिलेगी। प्रशासन ने पौंग में मोटर बोट चलाने के लिए दिल्ली की एक कंपनी को टेंडर अवार्ड कर दिया है। पौंग में बोट चलाने के लिए अब अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। साथ ही यह भी निर्धारित किया जाएगा कि कंपनी की ओर से झील में हाउस बोट, क्रूज या अन्य कौन सी मोटर बोट को चलाया जाना है। पौंग में गोबिंदसागर झील की तर्ज पर मोटर बोट चलाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए आए आवेदनों में से दिल्ली की कंपनी का चयन हुआ है।

विनय धीमान, जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने बताया कि जिला कांगड़ा को मुख्यमंत्री ने पर्यटन राजधानी बनाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है और प्रशासन इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। वहीं, पौंग बांध क्षेत्र में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। प्रशासन इन संभावनाओं के मद्देनजर इस दिशा में काम कर रहा है। जिला पर्यटन विभाग भी क्षेत्र में आधारभूत संरचना विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

# अमृतसर-पठानकोट एनएच पर सीमेंट से भरा ट्राला पलटा

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

राजपुरा से जम्मू जा रहा सीमेंट से भरा एक ट्राला पठानकोट के अमृतसर-पठानकोट नेशनल हाईवे बारथ साहब मोड़ के निकट हादसाग्रस्त हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्राला डिवाइडर तोड़ सड़क के दूसरी तरफ जा पलटा। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। ट्राला ड्राइवर गुरदास सिंह निवासी पीलीभीत यूपी ने बताया कि वह गत शाम राजपुरा से ट्रक में सीमेंट लोड करके जम्मू खाली करने जा रहा था। जब रात 10 बजे के करीब पठानकोट में बार्थ साहिब गुरुद्वारा मोड़ निकट अमृतसर-पठानकोट नेशनल हाईवे पर पहुंचा तो अचानक ट्राले के सामने एक गाय आ गई और गाय को बचाते हुए उसके ट्राले का संतुलन बिगड़ जाने से सड़क के दूसरी तरफ पलट गया। इस हादसे में उसको सिर और हाथ पर चोटे आई है। घटना का पता चलते ही एसएसएफ टीम भी मौके पर पहुंच गई और सड़क को एक तरफ से बंद कर दूसरी तरफ से यातायात शुरू करवाया। वहीं, ड्राइवर को टीम ने फर्स्ट एड भी दी। पुलिस प्रशासन क्रेन की मदद से ट्राले को बीच सड़क से हटाने की कोशिश में जुटा हुआ है।

**जानकारी** राज्य सरकार हिमाचल के राजस्व को बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प : केवल सिंह पठानिया

# कांगड़ा में ट्रेजरी से एक अरब 20 करोड़ का भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक्साइज, टूरिज्म, पॉवर और माइनिंग पॉलिसी में आवश्यक बदलाव कर दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है।

यह कदम प्रदर्शित करता है कि प्रदेश सरकार राजस्व अर्जन की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध हो। वीरवार को तपोवन में अधिकारियों के साथ मीटिंग के उपरांत उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कांगड़ा जिला में ही पिछले पांच माह में ट्रेजरी से एक अरब 19 करोड़ 82 लाख के बिलों का भुगतान विभिन्न विभागों के विकास कार्यों के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नीतिगत निर्णय ले रही है तथा इसमें राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं कारगर भी साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को बेहतर हवाई सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तारीकरण



कार्य प्रगति पर है, जिसके लिए 3500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं तथा अधिग्रहण के लिए भूमि मालिकों को 355 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में 16 हेलिपोर्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार का उद्देश्य समाज के वंचित और कमजोर वर्गों का कल्याण और उत्थान सुनिश्चित करना है। वर्तमान राज्य सरकार जनहित की दिशा मां कार्य कर रही है और किसी भी कीमत पर प्रदेश की अमूल्य संपदा को लुटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समाज के सुविधा संपन्न वर्गों से स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी का त्याग करने की मुहिम शुरू की है और प्रदेश के लोग इस मुहिम में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। पहली जनवरी, 2023 से अब तक 38,713 युवाओं को हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं में नामांकित किया गया है। इनमें से 38,572 को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र दिए जा चुके हैं और 8,630 प्रशिक्षुओं की प्लेसमेंट हुई है।

# समेला गांव में जल्द दूर होगी पानी की किल्लत : नीशु मोंगरा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कृषि उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा ने वीरवार को समेला पंचायत में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भारी बारिश के दौरान जल शक्ति विभाग के अधिकारियों सहित क्षेत्र का दौरा किया गया। कांगड़ा की देव तुल्य जनता को आ रही दिक्कतों का निवारण करने के लिए प्रतिबद्धता को निभाते हुए समेला पंचायत के लोगों से रू-ब-रू हुए । मोंगरा ने कहा कि समेला गांव में आ रही पानी की समस्या को शीघ्र ही दूर कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार गांवों में विकास कराने के लिए वचनबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### बागवानों को दी उन्नत बागवानी की जानकारी

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** बागवानी विभाग द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के तहत चौपाल में एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्नत बागवानी की जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर विभाग द्वारा बागवानों को विभिन्न फलों के 5650 उन्नत किसम के भी बांटे गए। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों से आए वैज्ञानिकों ने बागवानों को पौधरोपण और पौधों में लगने वाली बिमारियों से बचाव के टिप्स दिए। इस मौके पर आलू अनुसंधान संस्थान शिमला के मुख्य वैज्ञानिक विनोद कुमार ने की पैदावार करने एवं इसमें लगने वाली बिमारियों पर किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि सेब के बागीचों में आलू की खेती कर दोहरा मुनाफा कमाया जा सकता है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र रोहडू की प्रभारी डॉ. ऊषा ने भी किसानों बागवानों को पौधरोपण एवं पौधों में लगने वाली बिमारियों के उपचार की जानकारी दी। बागवानी विकास अधिकारी चौपाल श्याम शर्मा ने बागवानों से अनुसूचित जाति उप योजना का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि चौपाल में विभाग के पास विभिन्न फलों के उन्नत किसम के पौधे उपलब्ध है।

### चौपाल स्कूल में आधुनिक सुविधाओं के साथ मिलेगी शिक्षा

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** पीएमश्री के लिए चयनित हो चुके राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चौपाल के प्रति छात्रों और अभिभावकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से स्कूल के प्रधानाचार्य हरी शर्मा एवं स्कूल स्टाफ द्वारा एक अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत अभिभावकों एवं छात्रों को स्कूल की आधुनिक सुविधाओं के बारे जानकारी देकर उन्हें स्कूल के परती आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। हरी शर्मा ने बताया कि स्कूल में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया के अंतर्गत कई आधुनिक सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सहायता से स्कूल में छठी से दसवीं कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का प्रावधान किया गया है। स्कूल में इस समय 400 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इस वर्ष इस संख्या को बढ़ा कर 500 करने का लक्ष्य रखा गया है। हरी शर्मा ने कहा कि जो शिक्षा चंडीगढ़ या दिल्ली के स्कूलों में प्राप्त होती थी आज वह शिक्षा हर पीएम श्री विधालय में उपलब्ध है ।

### 500 बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल दवाई



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की पीरन पंचायत की दस पाठशालाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में 500 बच्चों को पेट में कीड़े मारने की एल्बेंडाजोल दवाई खिलाई गई। आशा वर्कर बेला वर्मा ने बताया कि यह दवा 1 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को पंचायत के प्रत्येक स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर खिलाई गई, जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन, प्राथमिक पाठशाला नालटा व गानिया, हाई स्कूल धाली और मिडल स्कूल ट्रहाई के अतिरिक्त पांच आंगनबाड़ी केंद्रों पर एल्बेंडाजोल की दवा बच्चों को खिलाई गई । बेला वर्मा ने बताया कि पेट में कीड़े होने से बच्चे एनिमिया का शिकार हो जाते हैं जिससे बच्चों शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता है, जिससे बच्चों में सदैव थकावट रहती है । उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को संतुलित आहार लेने और शरीर को स्वस्थ एवं निरोग बनाने के लिए योग और व्यायाम करने की सलाह दी गई ।

# बर्फबारी से चमकी चांशल घाटी



चांशल घाटी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद

**दशमी रावत, रोहडू**

चांशल घाटी पर एक फीट से अधिक बर्फबारी होने से सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है, जिसके कारण उपमंडल डोडरा क्वार की पांच पंचायतें शेष दुनिया से कट गई है। लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी मशीनें व डोजर लगाकर मशक्त करने के बाद पंद्रह दिन पहले चांशल घाटी पर जमी हुई बर्फ हटाकर सड़क मार्ग को यातायात के लिए खोल दिया था, लेकिन ताजा हिमपात होने के कारण चांशल घाटी वाहनों की आवाजाही के लिए पुरी तरह से बंद हो गई है।

चांशल घाटी के बंद होते ही डोडरा क्वार उपमंडल की 5 पंचायतों के सैकड़ों लोगों को डोडरा क्वार मुख्यालय से गोसांगू व हारली खड्डु होकर वाया उत्तराखंड राज्य के सेवा दोगरी से दांताधार होकर धौला में गंतव्य स्थान तक पहुंचना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि यह पैदल ट्रैक डोडरा क्वार से लेकर धौला तक लगभग 20 से 22 किलोमीटर लंबा है जिसमें पैदल चलकर लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचना पड़ता है। यहां तक कि चांशल घाटी पर भारी बर्फबारी होने के कारण कई मर्तबा बीमार होने पर मरीज की आधे रास्ते में ही मौत हो जाती है। सड़क मार्ग अवरुद्ध होने के कारण पांच पंचायतों के लोगों को राशन सामग्री व अन्य वस्तुएं सर्दियों के मौसम में खच्चरों पर लादकर धौला से डोडरा क्वार पहुंचानी पड़ती है। स्कूल खुलते ही वहां पर पहुंचने के लिए शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।(अनंत ज्ञान)

### मौसम साफ होते ही बर्फ हटाने का कार्य होगा शुरू

डोडरा क्वार के चैधार में उपमंडलाधिकारी कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कर्मचारी सेवाएं दे रहे है। उन्हें भी धौला से डोडरा क्वार पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग डोडरा क्वार उपमंडल के अधिशाषी अभियंता नरेंद्र नायक ने बताया कि चांशल घाटी पर एक फीट से अधिक बर्फबारी होने से सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है। उन्होंने बताया कि पंद्रह दिन पहले लोक निर्माण विभाग ने घाटी को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया था। नायक ने बताया कि जैसे ही मौसम साफ होता है बर्फ हटाने का कार्य शुरू किया जाएगा। खराब मौसम की स्थिति में उन्होंने रोहडू व डोडरा क्वार के लोगों से आग्रह किया है कि वे जान जोखिम में डालकर घाटी को पार करने की कोशिश न करें।

# वन नेशन, वन इलेक्शन पर भाजपा की समिति गठित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व मंत्री एवं नेता सुरेश भारद्वाज ने पंजाब विश्वविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सुरेश भारद्वाज को प्रदेश संयोजक एवं विधायक जीत राम कटवाल को सह संयोजक नियुक्त किया गया है, इस कार्यक्रम को लेकर एक प्रदेश समिति का गठन भी किए गया है जिसमें सदस्य के रूम में प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य, सचिव डेजी ठाकुर, कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी, सोशल मीडिया प्रभारी सुशील राठौर,

**▶ सुरेश भारद्वाज और जीत राम कटवाल को कमान**

व्यापार प्रकोष्ठ से रमेश छौजड़, पूर्व आईएएसजीसी शर्मा, शहरी निकाय प्रकोष्ठ के चमन कपूर, युवा मोर्चा से सुशील कडशोली, अधिवक्ता उच्चनायलय विकास राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नितेन कुमार, प्रो. डॉ. नितिन व्यास, पूर्व पार्षद विवेक शर्मा, पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी अजय शर्मा और पूर्व प्रदेश सचिव सुनील मिनोचा शामिल किए गए।

सुरेश भारद्वाज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा केंद्रीय कैबिनेट ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल को मंजूरी दी है। इस बिल के जरिए चुनाव प्रक्रिया को आसान बनाने की कोशिश की जा रही है।

# 52 करोड़ से कुफरी चायल सड़क होगी चकाचक

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

पर्यटक स्थल कुफरी से जनेडघाट चायल तक 25 किलोमीटर सड़क को चौड़ा और पक्का करने के लिए भारत सरकार द्वारा सीआरआईफ के तहत 52 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। जिस बारे भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा स्वीकृति पत्र जारी कर दिया गया है, जिसकी पुष्टि सहायक अभियंता लोनिवि उप मंडल जुन्गा देवेश ठाकुर ने की है।

बता दें इस रोड के सुदृढ़िकरण से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों का सफर आरामदायक होगा। कूफरी और जनेडघाट चायल तक की सड़क की हालत बहुत दयनीय हो गई है। सड़क गढ्डो में तबदील हो गई है जिससे देश-विदेश से आए सैलानी हिचकोले खाते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं। इस सड़क के माध्यम से हर वर्ष लाखों की तादाद में सैलानी प्रकृति की अनुपम छटा का आन्नद लेने के लिए कूफरी शिलोनबाग और चायल पहुंचते हैं।

शिमला जिला भाजपा संगठन के पूर्व अध्यक्ष प्रेम ठाकुर और कुसुपंटी भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र भोटका सहित विभिन्न भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और सांसद सुरेश कश्यप का आभार जताया है। उन्होने बताया कि सांसद सुरेश कश्यप के प्रयासों से यह सब संभव हुआ है ।

# पुलिस ने नए साल में तोड़ी नशा तस्करों की कमर

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**




एसएसपी शिमला संजीव गांधी के निर्देश पर चलाए गए मिशन क्लीन व भरोसा अभियान के चौपाल पुलिस उपमंडल में भी बेहतरीन परिणाम सामने आए है। अभियान के अंतर्गत पुलिस ने नेरवा, चौपाल व कुपवी थाना में दस तस्करों के खिलाफ मामले दर्ज कर उन्हें हवालात की सैर करवा दी है। नए साल की शुरुआत में ही पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

कुपवी थाना के तहत एक व्यक्ति को चार किलो चरस की बड़ी खेप के साथ पकड़ा गया है। उधर चिट्टा के सबसे अधिक मामले नेरवा थाना के तहत सामने आये है। चौपाल पुलिस ने नए साल की शुरुआत में ही एनडी एंड पीएस के दस मामले दर्ज कर नशा तस्करों की कमर तोड़ कर रख दी है। नशे पर नकेल कसने और सड़क सुरक्षा को लेकर डीएसपी चौपाल ने बीते दिनों चौपाल थाना में एक बैठक की, जिसमे विभिन्न वर्ग के लोगों ने भाग लिया। डीएसपी सुशांत शर्मा ने कहा कि पुलिस नशे के खात्मे को लेकर प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नेरवा और कुपवी थाना में भी सड़क सुरक्षा और नशे की रोकथाम के लिए बैठके की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के लिए नशे को जड़ से समाप्त करना एक बड़ी चुनौती बन चुका है। इस चुनौती से पार पाने के लिए समाज के हरेक वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि किशोरावस्था में प्रवेश कर रहे अपने बच्चों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें तथा कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर इसकी जांच कर बच्चे को गलत रास्ते पर जाने से रोकें।

### चौपाल के थानों में ये मामले हुए दर्ज

चौपाल थाना में एनडीपीएस के तीन एक्साइज के छह, नेरवा थाना में एनडीपीएस के पांच एक्साइज के दो और कुपवी थाना में एनडीपीएस के दो तथा एक्साइज का एक मामला दर्ज किया है ।

# शिमला में यूटिलिटी डक्ट का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला में सीएम आवास ओक ओवर की सडक़ सुबह ही बंद कर दी गई। लोक निर्माण विभाग में राजभवन वाली सड़क को डायवर्सन के तौर पर इस्तेमाल करने की व्यवस्था की है।

यह सब इसलिए करना पड़ा है क्योंकि राजधानी को तारों के जंजाल से मुक्त करने के लिए एक नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुआ है। राज्य सरकार के फैसले के बाद राजधानी शिमला में तारों का जंजाल खत्म होने वाला है। राज्य सरकार ने छोटा शिमला सचिवालय से लेकर चौड़ा मैदान के विली पार्क तक यूटिलिटी डक्ट बनाने का फैसला किया है। इसी यूटिलिटी डक्ट सिस्टम के साथ शिमला के लोअर बाजार और राजभवन को भी जोड़ा जाएगा।

### प्रवासी ने निगला जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता पुलिस थाना क्षेत्र के तहत बडगांव में एक किराए के मकान में रहने वाले प्रवासी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इसका उपचार बिलासपुर में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर रहा है। जानकारी के अनुसार बडगांव में एक किराये के मकान में रहने वाले प्रवासी संतोष कुमार आयु 35 वर्ष पुत्र राधे चौहान गांव भैंसनाचापी डाकघर व तहसील व थाना रोतारा जिला कठियार, बिहार ने बिलासपुर ने गलती से किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था,जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल बरठीं ले गए थे। जहां पर डॉक्टर द्वारा आगामी उपचार के लिए एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### अवैध खनन पर वसूला 55 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जिला बिलासपुर की झंडूता पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ दो महिनों में बड़ी कार्यवाही की है अवैध खनन में पुलिस ने 12 चालान किए हैं और लगभग 55 हजार के करीब जुर्माना वसूला है। इसमें अवैध खनन में संलिप्त ट्रैक्टरों, टिप्परों के चालान किए गए है। जानकारी देते पुलिस थाना प्रभारी झण्डूता जगदीश कुमार ने बताया कि अवैध खनन करने वाले ट्रक, टैम्पो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। वर्ष 2025 के जनवरी और फरवरी महिने में 12 चालान किए गए हैं और 55 हजार के करीब जुर्माना भी वसूल किया गया है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आपको बता दें कि अवैध खनन करने वाले सुबह के समय ही धुंध के आगोश में छिप कर खड्डे में इस तरह की गतिविधियों को अंजाम देते हैं।

### बॉक्सिंग और कबड्डी के ट्रायल आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र बिलासपुर में बॉक्सिंग



और कबड्डी के ट्रायल आयोजित किए गए। इसमें प्रदेशभर से खिलाड़ी यहां पर पहुंचे हुए है। जानकारी देते हुए बिलासपुर साई सेंटर के प्रभारी विजय नेगी ने बताया कि इस ट्रायल में 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 600 से अधिक कबड्डी और 400 से अधिक बॉक्सिंग के खिलाड़ी शामिल थे। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस तरह के ट्रायल देश में खेल प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। देशभर में आयोजित होने वाले इन ट्रायल्स से न केवल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और संसाधन मिलते हैं, बल्कि उन्हें खेल को एक पेशेवर करियर के रूप में अपनाने का भी मौका मिलता है। खिलाड़ियों का चयन उनकी फिटनेस, तकनीकी कौशल और खेल रणनीतियों के आधार पर किया गया। विशेषज्ञ कोच और चयनकर्ताओं ने उनकी प्रतिभा का मूल्यांकन किया और आगे के प्रशिक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ये खिलाड़ी आगे राष्ट्रीय कैंपों में भाग लेकर उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिससे वे भविष्य में देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। प्रभारी नेगी ने बताया कि सरकार और भारतीय खेल प्राधिकरण के ऐसे प्रयासों से देश में खेल संस्कृति को नई दिशा मिल रही है। इस तरह के ट्रायल न केवल युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं, बल्कि खेलों को पेशेवर स्तर पर अपनाने के अवसर भी बढ़ाते हैं।

### बिलासपुर कॉलेज में उल्लास कार्यक्रम कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ का सांस्कृतिक कार्यक्रम उल्लास का आयोजन 22 फरवरी को किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को जितना पढ़ना जरूरी है उतना ही अन्य गतिविधियों में भाग लेना भी जरूरी है। उल्लास एक ऐसा कार्यक्रम है जिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्त्व का विकास होता है। उन्होंने अपनी बात को आगे बढाते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक तौर पर सभी कमेटियों का गठन कर लिया गया है और तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों का आना अनिवार्य है और विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी सादर आमंत्रित हैं।

# इसी साल पूरा करें स्किल डेवलपमेंट सेंटर का काम

## तकनीकी शिक्षा एवं आवास मंत्री धर्माणी ने घुमारवीं में बन रहे सेंटर का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

तकनीकी शिक्षा एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को घुमारवीं में निर्माणाधीन स्किल डेवलपमेंट सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मंत्री ने बताया कि इस स्किल डेवलपमेंट सेंटर की कुल लागत लगभग पांच करोड़ सत्तर लाख रुपए है और इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और इसे वर्ष 2025 के अंत तक पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने भवन के डिजाइन और सुविधाओं



पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह सैंटर नवीनतम तकनीकी उपकरणों और अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

मंत्री ने निर्माण कार्य की समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री राजेश धर्मानी ने कहा कि यह स्किल डेवलपमेंट सेंटर क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ प्रदान करेगा। इससे उन्हें न केवल तकनीकी कौशल प्राप्त होगा, बल्कि स्वरोजगार और उद्योगों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके करियर को नई दिशा देना है। निरीक्षण के दौरान हिमुडा की ओर से सुरेंद्र विशिष्ट भी उपस्थित रहे। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मंत्री बिलासपुर में आज करेंगे विकास योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश के नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 21 फरवरी शुक्रवार को बिलासपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। मंत्री सुबह बचत भवन, उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें जिले में चल रही विकास परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा होगी। इसके पश्चात, वह जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक में भाग लेंगे और जनता की समस्याओं एवं उनके समाधान पर विचार-विमर्श करेंगे।

# जिले में 93,541 बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की दवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एक व्यापक अभियान चलाया। इसके तहत 93,541 छोटे बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। यह अभियान बच्चों को पेट के कीड़ों (कृमि) से बचाने और उनके पोषण स्तर को सुधारने के उद्देश्य से संचालित किया गया। जानकारी देते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परविंद्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में चलाया गया। इस पहल के माध्यम से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और उनमें पोषण की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि एलबेंडाजोल एक कृमिनाशक दवा है, जिसका उपयोग बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाने के लिए किया जाता है। पेट में कृमियों की समस्या



बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित कर सकती है, जिससे उनकी वृद्धि रुक सकती है और पोषण की कमी हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को समय-समय पर कृमिनाशक दवा दिलवाएं और संतुलित आहार पर ध्यान दें, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय पर चलाया जाता है, ताकि जिले में बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और कुपोषण को रोका जा सके।

# अधिवक्ता शुभम ने एएसपी की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के नौणी में दो दिन पूर्व पुलिस अधिकरी के साथ घटी घटना के बाद वायरल हुए वीडियो पर अधिवक्ता शुभम कश्यप ने पुलिस अधिकारी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता शुभम कश्यप ने कहा कि जब वह ब्रह्मपुखर में अपनी बहन को छोड़कर नौणी की तरफ आ रहे थे तो एक प्राइवेट गाड़ी उन्हें ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थी। सामने से गाड़ी आने के बाद उक्त गाड़ी ओवरटेक नहीं कर पाई। इसके बाद नौणी पर पुलिस कर्मियों ने गाड़ी रोकी तथा उन्हें दस्तावेज चेक करवाने के लिए कहा। उन्होंने दस्तावेज चेक करवा दिए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिना वर्दी के वहां पहुंचे। उन्होंने गाड़ी को हाथ से पीटना शुरू कर दिया। जब उन्होंने गाड़ी निकालने की कोशिश की तो एएसपी गाड़ी के आगे आ गए। वहां से निकलकर जब उन्होंने अपने घर के पास गाड़ी लगाई, तो एएसपी गाड़ी के पास पहुंच गए। और इसके बाद उन्होंने माफी मांगने की बात की। उन्होंने कहा कि इस घटना का पूरा वीडियो उनके पास है। वहीं, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल का कहना है कि दोनों तरफ से शिकायत आई है छानबीन की जा रही है।

# सर्वाइकल कैंसर पर जेएनवी में लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है और भारत में इसके मामलों की संख्या चिंताजनक रूप से अधिक है। ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार यह भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिससे हर आठ मिनट में एक महिला की मृत्यु हो जाती है। इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ऑब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजी विभाग एम्स बिलासपुर और सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयास से जवाहर नवोदय विद्यालय बिलासपुर में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान, डॉ. मीनल माधुकर ठाकरे, अतिरिक्त प्रोफेसर, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग, एम्स बिलासपुर ने प्रजनन स्वास्थ्य और कैंसर रोकथाम की रणनीतियों पर एक इंटरएक्टिव चर्चा का नेतृत्व किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरप्रीत कौर ने बताया कि एचपीवी वैक्सीनेशन और नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर पूरी तरह से रोका जा सकता है।

# प्रेस क्लब झंडूता ने लड़की की शादी में दी धाम की सामग्री

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

सामाजिक परिवेश में सहयोग की भावना के चलते प्रेस क्लब झंडूता ने सिर से पिता का साया उठ चुके बेटी की शादी के लिए धाम सामग्री सहयोग स्वरूप प्रेषित की है। 20-21 फरवरी को मधुबाला की शादी है, जिसके चलते क्लब ने धाम की सामग्री के साथ लड़की को शगुन भी दिया है। बता दें कि पिछले वर्ष तीन बहनों के सिर से पिता का साया उठ चुका है। परिवार गरीबी की हालत में आ चुका है। बेटियों की मां जैसे-तैसे मेहनत मजदूरी करके परिवार का



भरण-पोषण कर रही है। क्लब के प्रधान बाबू राम भारद्वाज ने बताया कि प्रेस क्लब अपने उद्देश्य का निर्वहन करते हुए समाज के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि उनका समाज के प्रति यह प्रयास है कि राष्ट्र व समाज के लिए कुछ बेहतर कार्य किया जा सके।


**मनमानी** हर कहीं दिख रहे होर्डिंग, लेकिन नगर परिषद घुमारवीं को नहीं मिल रहा एक भी पैसा

# घुमारवीं शहर में अवैध होर्डिंग्स की भरमार

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर में शिमला-धर्मशाला नेशनल हाइवे किनारे अवैध होर्डिंग की भरमार है। ये होर्डिंग नगर परिषद या प्रशासन की कोई अनुमति के बिना लगाए जा रहे हैं और इन होर्डिंग्स से नगर परिषद को राजस्व के रूप में भी शुल्क नहीं मिल रहा है।

घुमारवीं शहर में सड़क किनारे नियमों को ताक पर रखकर शिक्षण संस्थानों, बड़ी कंपनियों और स्थानीय दुकानदार द्वारा निशुल्क प्रचार के लिए बिना किसी मंजूरी के सरकारी संपत्ति जैसे बिजली और टेलीफोन के खंभे आदि पर लगाए गए हैं। हालांकि नगर परिषद द्वारा



शहर में लगे इन होर्डिंग पर कार्रवाई की जाती है। लेकिन इस बार इन होर्डिंग्स को हटाए काफी समय बीत चुका है। अब फिर से पूरा शहर अवैध होर्डिंग से भरा हुआ है। बता दें कि होर्डिंग को लगाने के लिए नगर परिषद से अनुमति लेना अनिवार्य है, जिसकी एवज में नगर परिषद द्वारा होर्डिंग लगाने वाली कंपनियों से शुल्क लेने का प्रावधान है, परंतु अवैध रूप से लगाए जा रहे ये होर्डिंग एक तरफ तो शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर परिषद के राजस्व को भी चूना लगा रहे हैं। हाईवे के किनारे होने के कारण ये हादसों का कारण भी बन सकते हैं। इन होर्डिंग को देखकर वाहन चालक अपनी एकाग्रता खो सकते हैं।

उधर, नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल ने कहा कि शहर में बिना अनुमति होर्डिंग लगाने पर नगर परिषद समय-समय पर कार्रवाई करती है, लेकिन होर्डिंग हटाने के बाद भी कुछ लोग दोबारा से होर्डिंग लगा देते हैं। जल्द ही नगर परिषद अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों पर कार्रवाई करेगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय सड़क सुरक्षा की जानकारी और सुझाव था। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तन्वी ने, द्वितीय स्थान बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा स्नेह सुमन ने, और तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता कौंडल ने प्राप्त किया। वहीं, पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र अभिषेक शर्मा ने, द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनामिका राणा ने, और तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र दिव्यांशु शर्मा ने हासिल किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर किरण कुमारी, डॉ. विनोद कुमार, और प्रोफेसर कृष्ण चंद ने निभाई।इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि अब तक महाविद्यालय में छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया है। उनका मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और सड़क हादसों को कम करने के लिए उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।

### अतिक्रमण के जाल में फंसा चंबा, लोग परेशान



**अनंत ज्ञान, चंबा।** शहर में अनाधिकृत रेहड़ी-फड़ी के मक्कडज़ाल और दुकानदारों के अतिक्रमण से आवाजाही रिस्की होकर रह गई है। अतिक्रमण से सिकुड़ी शहर के मुख्य बाजार की सड़कों पर आवाजाही के दौरान राहगीरों के साथ सावधानी हटी दुर्घटना वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। पूर्व में मेन बाजार में कई राहगीर तेज गति से दौड़ते वाहनों की चपेट में आकर चोटिल होकर मैडिकल कालेज में उपचार के लिए पहुंच चुके हैं। ऐसे में अगर जल्द शहर से अनाधिकृ रेहड़ी फडियों को हटाने के साथ ही अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में न लाई गई तो आगामी दिनों में राहगीरों की मुश्किलें ओर बढ़ जाएंगीं। शहर के मुख्य बाजार में हालात यह है कि जहां दुकानदारों ने अपना सामान दुकानों से बाहर सडक़ों पर सजा रखा है वहीं जगह-जगह अनाधिकृत तरीके से रेहड़ी-फड़ी वाले डेरा जमाए बैठे हैं। इससे शहर की सडक़ें अतिक्रमण की जद में आकर सिकुड़ गई है। प्रशासन व नगर परिषद के इस ढुलमुल रवैये के चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। शहर के मेन बाजार का शायद ही कोई ऐसा हिस्सा होगा, जोकि दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों के अतिक्रमण से बचा हो। शहर में इन दिनों सबसे खराब हालात मुख्य डाकघर से कसाकड़ा मोहल्ले से होकर न्यू बस अड्डे की ओर जाने वाले रास्ते का है। इस रास्ते के इर्द-गिर्द अनाधिकृत रेहड़ी-फडियां सजने आवाजाही मुश्किल भरी होकर रह गई है। इन रेहड़ी-फड़ी वालों को अब नगर परिषद व पुलिस का कोई डर नहीं रहा है। शहर में चिन्हित पार्किग स्थलों पर भी दुकानदारों व इनके पास काम करने वालों का कब्जा होकर रह गया है। इसके चलते बाहरी जगह से खरीददारी हेतु बाजार आने वाले लोगों को वाहन पार्क करना चुनौती बनकर रह गया है।

### डिपुओं में 3 माह बाद पहुंचा सरसों का तेल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सस्ते राशन के डिपुओं में 3 माह बाद फरवरी माह में सरसों तेल की सप्लाई पहुंची भी और खत्म भी हो गई, ऐसे में शिमला सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई उपभोक्ताओं को तो 3 माह के तेल का कोटा एक साथ मिल गया, वहीं कुछ उपभोक्ताओं को तेल नहीं मिल पाया। डिपो संचालकों का कहना है कि डिपुओं में एक बार सप्लाई आने के बाद दूसरी सप्लाई नहीं आई है, जिससे कई उपभोक्ता सरसों के तेल से वंचित रहे गए हैं। वहीं गोदामों में भी सरसों के तेल की शॉर्टेज हो गई है। डिपो संचालक समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार ने तेल का कोटा तो उपलब्ध करवाया है, लेकिन बैकलॉग का कोटा देने के कारण जिन उपभोक्ताओं ने पहले राशन ले लिया, उन्हें तो तेल मिल गया, लेकिन जो उपभोक्ता बाद में आए उन्हें सरसों का तेल नहीं मिल पाया। संचालकों की ओर से गोदामों से तेल की डिमांड भेजी गई है, वहीं से तेल मंगवाया गया है। यदि गोदामों से तेल की सप्लाई पहुंची तो माह के अंत तक सभी उपभोक्ताओं को तेल देना सुनिश्चित किया जाएगा। यदि गोदामों से ही सप्लाई नहीं आई तो अगले माह ही तेल का कोटा मिलेगा। वहीं विभाग का कहना है कि तेल की सप्लाई गोदामों को की जा रही है। 3 माह बाद डिपुओं में मिले सरसों के तेल में जहां दामों में वृद्धि हुई है। वहीं इस बार बीपीएल और एपीएल उपभोक्ताओं को एक ही दाम पर सरसों को तेल उपलब्ध करवाया गया है। इस बार दोनों वर्ग उपभोक्ताओं को सरसों का तेल 146 रुपए दिया गया है। जबकि हमेशा बीपीएल उपभोक्ताओं को एपीएल उपभोक्ताओं की तुलना में तेल सस्ता दिया जाता है।

### जुए खेलते लोगों से 17,270 रुपए और ताश जब्त

**अनंत ज्ञान,रोहड़ू।** पुलिस थाना चिढ़गांव की जांगला चौकी के अंतर्गत पुलिस टीम ने गांव थली में एक टीन के शैड के अंदर चार व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। थाना चिढ़गांव में प्रिवेंशन ऑफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों से जुए में लगी रकम 17,270 रुपए व ताश की जोडी जब्त की गई है। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि अगामी कार्यवाही जारी है ।

# जिले के ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात



**किसानों और बागवानों के चेहरों पर लौटी रौनक**

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश के मौसम में एक बार फिर से करवट ली है जिससे प्रजंड ठंड कमल पैदा हो गया है।

प्रदेश में मौसम विभाग की माने तो ऊपरी क्षेत्रों में जहां ताजा हिमपात तो वहीं निचले क्षेत्र में तेज बारिश देखने को मिलेगी किंतु इस बर्फबारी तथा बारिश में किसानों तथा बागवानों के चेहरों पर रौनक ला दी है, जिससे पलम, खुमानी, नाशपाती, सेब तथा गेहूं की फसल को इस बारिश तथा बर्फबारी से थोड़ी राहत मिली है।

वहीं जिला चंबा के कई क्षेत्रों में पेयजल को लेकर संकट भी पैदा हो गए थे, जिससे ताजा हिमपात तथा हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली है।

#### होटल कारोबारी और व्यापारियों के खिले चेहरे



आज जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र भरमौर,पांगी घाटी तीसा सलूणी हिमगिरी प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी के डायन कुंड खजियार तथा जोत में हल्की बर्फबारी देखने को मिली जिससे होटल कारोबारी तथा स्थानीय छोटे बड़े व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं। सोशल मीडिया पर बर्फबारी की वीडियो तथा फोटो वायरल होते ही होटल की बुकिंग में भी इजाफा हुआ है। आज सुबह से ही पर्यटन डलहौजी की डायन कुंड खजियार तथा जोत में ताजा हुई बर्फबारी का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। तो वहीं लोक निर्माण विभाग ने भी बारिश तथा ताजा बर्फबारी को लेकर अपनी मशीनों तथा लेबर की तैनाती चिन्हित जगह पर कर दी है ताकि लोगों को मुख्य मार्ग पर कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### लोग रखें सावधानी

लोक निर्माण विभाग की अधीक्षण अभियंता दिवाकर सिंह पठानिया से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल डलहौजी खजियार रोड छोटे वाहनों के लिए पूर्णता बहाल है किंतु रुक रुक कर हो रही बर्फबारी से फिसलन का खतरा भी बरकरार है इसलिए उन्होंने स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों से अपील की है कि लोग बर्फबारी का आनंद जरूर ले किंतु जोखिम से भी बचे क्योंकि जरा सी लापरवाही किसी बड़े हादसे को नहीं होता दे सकती है। इसके साथ जोत मार्ग पर भी सुबह से ही मशीनों तथा मजदूर की तैनाती कर दी गई थी। वहीं आज सुबह से ही जिला चंबा प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी कर स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों को ऊपरी क्षेत्र की और जाने के लिए चेतावनी जारी कर दी थी। प्रशासन में सभी से अपील की है कि लोग हो रही बर्फबारी तथा बारिश से सावधान रहें और अन्य को भी सावधान रहने की सलाह दें।

# पीएम सुरक्षा बीमा योजना के आंकड़ों में वृद्धि करें अग्रणी बैंक

**उपायुक्त बोले - चंबा में बुनियादी आधारभूत ढांचे को विकसित करने की जरूरत**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आकांक्षी जिला चंबा में नीति आयोग एवं सीएसआर के तहत क्रियान्वयन की जा रही विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों की समीक्षा के संबंध में उपायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की।

बैठक में उपायुक्त ने ज़िला में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत गत वर्ष में स्वास्थ्य क्षेत्र, शिक्षा, पोषण क्षेत्र, कृषि एवं जल संसाधन, बुनियादी ढांचा और नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास क्षेत्र के प्रमुख प्रदर्शन संकेतक पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के आंकड़ों में वृद्धि लाने के लिए अग्रणी बैंक, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मेडिकल कॉलेज, राजस्व विभाग के अलावा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बीमा योजना के आंकड़ों में वृद्धि लाने में प्रयास करें ताकि कार्य को प्रभावी और उचित तौर पर किया जा सके।

उन्होंने प्रबंधक अग्रणी बैंक को निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रधानमंत्री बीमा योजना पर उचित कार्य करना सुनिश्चित बनाएं।

उन्होंने नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के संदर्भ में रैंकिंग और उसके लिए प्राप्त होने वाले पुरस्कार के बारे में कहा कि आकांक्षी जिला चंबा को वर्ष-2024 में ओवरऑल प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कार के तौर पर नीति आयोग की ओर से 5 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई थी जिसका श्रेय उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को दिया और सबका आभार भी जताया। उपायुक्त ने कहा कि आकांक्षी जिला चंबा में बुनियादी आधारभूत ढांचे को विकसित करने की जरूरत है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन के अलावा अन्य विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश देते कहा कि सभी विभाग अवश्य कार्य योजना तैयार कर जरूरी प्रस्ताव जमा करवना सुनिश्चित बनाएं ।

# हिम मृदा संजीवनी जैव उर्वरक किया विकसित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान ने आधुनिक नर्सरी की स्थापना हेतु क्षमता निर्माण तथा रोपण सामग्री उत्पादन में माइकोराइजल जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, सरू, जिला चंबा में किया। इस कार्यक्रम में चंबा जिले के 40 वन अधिकारी, कर्मचारी एवं फील्ड स्टाफ ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आधुनिक नर्सरी की स्थापना और माइकोराइजल जैव उर्वरकों के उपयोग पर जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के समन्वयक, डॉ. अश्वनी तपवाल, वैज्ञानिक-एफ एवं प्रभागाध्यक्ष, वन संरक्षण प्रभाग, ने मुख्यातिथि कंचन देवी, अभिलाष दामोदरन सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

डॉ. तपवाल ने प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक नर्सरी की स्थापना में माइकोराइजा के महत्व और उपयोग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान ने हिम मृदा संजीवनी नामक माइकोराइजल जैव उर्वरक विकसित किया है।

इसके अतिरिक्त, संस्थान ने हिम ग्रोथ बूस्टर नामक माइकोराइजल जैव उर्वरक भी विकसित किया है, जिसे शंकुधारी पौधशालाओं में ग्रोथ बूस्टर के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इससे नर्सरी में शंकुधारी पौधों की वृद्धि अवधि कम होगी, जिससे रोपण बेहतर तरीके से स्थापित हो सकेंगे।

डॉ. तपवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश सरकार के हिमाचल प्रदेश क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण के अंतर्गत वित्त पोषित परियोजनाओं के तहत आयोजित किया जा रहा है।

# शिवाजी महाराज के विचारों को जीवन में अपनाने की जरूरत

**अनंत ज्ञान, चंबा**





मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले भारत के वीर सपूत शिवाजी महाराज जी की जयंती के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लिल इकाई द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की तथा एक संगोष्ठी का आयोजन लिल महाविद्यालय में किया गया।

इस संगोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता पम्मी उपस्थित रहे, उन्होंने अपने वक्तव्य के दौरान कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज की नींव रखी।

पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

पम्मी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में बताते हुए कहा की वे एक भारतीय शासक थे, जिन्होंने मराठा साम्राज्य खड़ा किया था। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे बहादुर, बुद्धिमानी, शौर्यवीर और दयालु शासक थे। इसीलिए उन्हें एक अग्रगण्य वीर एवं अमर स्वतंत्रता-सेनानी स्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के दिए हुए विचारों को लेकर हमें अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और उनके जैसा बनने का प्रयास हम सबको करना चाहिए। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस संगोष्ठी कार्यक्रम से महाविद्यालय के छात्र-छात्रों को शिवाजी महाराज के बारे में जानने को मिला वह उनके विचारों को समझने का अवसर मिला।

# हाई मास्ट लाइटों से जगमगाएगा सलूणी बाजार, लोगों को मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, चंबा।**



सलूणी बाजार में अब रात को अंधेरा नहीं पसरेगा। इसके लिए एनएचपीसी की तरफ से आठ लाख की लागत से सोलर सिस्टम वाली हाई मास्ट लाइट लगाई गई है। इससे पहले भी वहां लाइट लगी थी लेकिन समय पर बिजली का बिल न चुकाए जाने के कारण अकसर लाइट बंद रहती थी।

इसके चलते स्थानीय लोगों और भाजपा मंडल ने केंद्रीय विद्युत मंत्री और चंबा-कांगड़ा सांसद से सोलर लाइट लगाने की मांग की थी। केंद्रीय मंत्री के निर्देशुनसार एनएचपीसी ने सलूणी बाजार में यह हाई मास्ट लाइट लगा दी है। अब रात को बाजार में आवाजाही करने वाले लोगों को अंधेरे का डर नहीं सताएगा। साथ ही अंधेरा होने के कारण बाजार में किसी प्रकार की चोरी की घटना भी नहीं घटेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन ठाकुर, जिला सचिव मुकेश शर्मा, कर्म सिंह, हेमराज, राजू कुमार ने सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, एनएचपीसी के निदेशक अमित कंसल, प्रबंधक दीपक कुमार का आभार जताया है।

# सीएनजी और पीएनजी का पर्यावरण पर नहीं पड़ता है प्रभाव : पीपी सिंह

**सहायक आयुक्त पीपी सिंह की थिंक गैस के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला में सिटी गैस वितरण और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति से संबंधित भविष्य योजना बारे सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने की अध्यक्षता में थिंक गैस के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक आयुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन थिंक गैस के प्रतिनिधियों के माध्यम से जिला के नगर परिषद चंबा, चुबाड़ी और डलहौजी में सिटी गैस वितरण और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति को लेकर संभावनाएं तलाशी जा रही है। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि चिह्नित नगर परिषदों में थिंक गैस के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर गैस वितरण और उसकी आपूर्ति की भविष्य योजना के संदर्भ में कार्य करना सुनिश्चित बनाएं।

सहायक आयुक्त ने सीएनजी और पीएनजी के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक ग्रीन इंधन है जिसका पर्यावरण पर किसी भी प्रकार प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है और इसके उपयोग से किसी भी प्रकार हानि नहीं होती है।

बैठक में थिंक गैस के प्रतिनिधियों ने अवगत करवाया कि हिमाचल प्रदेश को ग्रीन हिमाचल, क्लीन हिमाचल बनाने के संदर्भ में जिला में सिटी गैस वितरण की ओर से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति के संबंध में कार्य करने के विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले पुरुषोत्तम सिंह, कनिष्ठ अभियंता नितिका ठाकुर व थिंक गैस के विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पांगी में सरकार से रिक्त पदों को भरने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** घाटी में विभिन्न विभागों में लगभग 200 पदों को भरने के लिए प्रदेश सरकार से पांगीवासियों ने तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

पांगी के पंगवाल एकता मंच ने इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से हल करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र लिखा है। संगठन ने कहा है कि स्वास्थ्य, आयुष, पशु पालन एवं प्रजनन, शिक्षा, कृषि, बागवानी, वन, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, राजस्व और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज सहित अन्य विभागों में पद रिक्त हैं। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने बताया कि आवासीय आयुक्त का पद अगस्त 2024 से खाली है।

### सूडोकु नवताल- 7348 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7347 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

# छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**केंद्रीय विद्यालय में बालिका किशोरावस्था जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**बबलू पठानिया, भटीयात/चुवाड़ी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार को बालिका किशोरावस्था जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास संस्थान मुंबई की विभागाध्यक्ष (मनोविज्ञान और व्यावसायिक मार्गदर्शन) सुमन शर्मा ने ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित छात्राओं को किशोरावस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान सुमन शर्मा ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक परिवर्तनों के बारे में चर्चा की और छात्राओं को इन परिवर्तनों से निपटने के तरीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने इस कार्यक्रम को बालिकाओं के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम किशोरियों को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने में सहायक होते हैं।

इस आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं के सवालों के जवाब दिए गए, जिससे उनकी जिज्ञासाओं का समाधान हुआ।

### बारिश के बाद मौसम हुआ सुहाना



मंडी । जिले में बारिश के बाद मौसम काफी सुहाना हो गया है। इस दौरान लोगों के चेहरों पर भी रोनक लोटी हैं। इस दौरान बारिश के बाद का नजारा।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

21 फरवरी, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** अष्टमी (12:00): **नक्षत्र** अनुराधा (03:54), **पक्ष** : कृष्ण, **योग :** व्याघात (11:58) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:12-12:57), **राहुकाल** (11:09-12:35)।

### विशेष दिन

- 21 फरवरी 2025 : श्री सीताष्मी आज।
- 2 21 फरवरी : विश्व मातृभाषा दिवस आज।

**मेष:** अपने मनमर्जी तरीके से फैसले न लें। दोस्तों के साथ मौजमस्ती में समय बीतेगा। व्यवसाय में काम का बोझ बढ़ेगा।

**वृषभ:** अनजाने में हुई गलती से नुकसान संभव है। सोच-समझकर कार्य कर स्थिति सुदृढ़ बनाएं। कुछ नवीन योजनाएं बना सकते हैं।

**मिथुन:** परिवारिक विवादों के कारण तनाव बढ़ेगा। पारिवारिक व सामाजिक कार्यों में सुयश की प्राप्ति होगी। व्यापार में जीवनसाथी से सहयोग व समर्थन मिलेगा।

**कर्क:** कारोबार में आपके द्वारा गए निर्णय सही होंगे। व्यापार, व्यवसाय में लाभदायक सौदे होंगे। धर्म ग्रंथ के पठन-पाठन में अभिरुचि बढ़ेगी।

**सिंह :** परिवार में उत्साह और उमंग का वातावरण रहेगा। परिवार में कोई शुभ कार्य की योजना बनेगी। आय से अधिक व्यय नहीं करें माता पिता की का पालन करेसफल होंगे।

**कन्या :** दिन की महत्वता कों समझते हुए कार्य करें। कार्य के प्रति लापरवाही हानिकारक होगी। कार्यस्थल पर हर किसी पर विश्वास न करें।

**तुला:** जीवनसाथी की भावनाओं का अपमान न करें। कानूनी विवाद पक्ष में हल होंगे। व्यापार, नौकरी में वृद्धि के लिए कार्यस्थल पर वास्तु अनुरूप बदलाव करें।

**वृश्चिक:** कार्य की व्यस्तता के कारण थकान महसूस करेंगे। अपनों से मन मुटाव होने की स्थिति बनेगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**धनु:** आप की मेहनत और ईमानदारी के बलबूते पर नौकरी में इच्छित पदोन्नति की संभावना है। आर्थिक निवेश एवं बचत में वृद्धि होगी।

**मकर :** समय पर सम्भल जाय और परिवार की समस्या को अनदेखा न करें। व्यापार में प्रतिकूलता रह सकती है। व्यसनों को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**कुंभ :** दिन शुभ है आप की कामना पूरी होगी । माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। कामकाज में सुधार होगा। सद्भावनाएं जागृत होंगी।

**मीन :** आज व्यावसायिक नए अनुबंध होंगे। धर्म में आस्था बढ़ेगी। महत्व के कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ के आडंबरों से दूर रहें। कुछ नवीन योजनाएं बनेंगी।

**रोष** — शीतला ब्रिज पर रोका जाएगा विक्रमादित्य का काफिला

# चंबा में आंदोलन, डीसी कार्यालय के बाहर लगे नारे

**आरके सहगल, चंबा**

चंबा में आज एडवोकेट जय सिंह और उनके साथियों ने डीसी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि उपायुक्त चंबा और आईपीएच विभाग के कार्यकारी अभियंता का तत्काल तबादला किया जाए। इस मामले को लेकर जय सिंह ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य को शीतला ब्रिज पार नहीं करने दिया जाएगा और काली झंडियों से विरोध किया जाएगा।



#### कोई समाधान न निकाला तो आंदोलन होगा उग्र

वहीं जय सिंह और उनके समर्थकों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला तो विरोध-प्रदर्शन और उग्र होगा। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सरकार निष्पक्ष जांच कराए।

#### उपायुक्त चंबा पर भी लगाए गंभीर आरोप

**जय सिंह** के अनुसार, डीसी चंबा ने पहले आश्वासन दिया था कि वे आईपीएच विभाग की भर्ती प्रक्रिया में स्वयं हस्तक्षेप करेंगे और जल्द ही समाधान निकालेंगे। लेकिन तय समयसीमा बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इसी के विरोध में आज आंदोलनकारियों ने डीसी कार्यालय के बाहर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

### संयुक्त कार्यालय के पास फैली गंदगी

**सरकाघाट।** संयुक्त कार्यालय भवन के धरातल में स्थित वाहन पार्किंग के साथ लगती नाली में होटल-ढाबों से आ रहा गंदा पानी कई दिनों से ठहरा हुआ है, जिससे बदबू फैल रही है। इस क्षेत्र में कैंटीन और लोकमित्र केंद्र भी स्थित हैं, लेकिन आसपास की सफ ाई व्यवस्था बदहाल है।

**NAME CHANGE**

I, **Sarotan Devi** W/o Sh. Deep Singh R/o Vill. Thana, P.O Gopalpur, Teh. Sarkaghat, Distt. Mandi (H.P) declares that I have changed my name from Saroti Devi to Sarotan Devi for all purposes in future. Please Note.

बुद्धि केवल ज्ञान में ही नहीं, बल्कि ज्ञान को व्यवहार में लागू करने के कौशल में भी शामिल है। –अरस्तु

## संपादकीय

# अनुबंध मतलब अनुबंध

अनुबंध का मतलब सिर्फ अनुबंध होता है और यह हमेशा दो पक्षों के बीच होता है। अनुबंध में एक सीमित दायरा होता है। उस दायरे से बाहर नहीं निकला जा सकता, क्योंकि इसमें बाकायदा तय की गई शर्तों के आधार पर बने दस्तावेज में दोनों पक्षों की ओर से हस्ताक्षर भी किए गए होते हैं और ऐसे में कोई मुकर भी जाए तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है यानी दोनों पक्षों को जब सभी शर्तें मंजूर हो जाती हैं तभी अनुबंध अंतिम रूप ले पाता है। अनुबंध में पक्षों की पहचान की जानी चाहिए, जिसमें उनके नाम, पते और अन्य विवरण शामिल हों। अनुबंध का उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए। शर्तें और नियम दोनों पक्षों के अधिकार और दायित्वों को परिभाषित करते हैं। अनुबंध की अवधि निर्धारित की जानी चाहिए, जिसमें अनुबंध की शुरुआत और समाप्ति की तिथियां शामिल हों। भुगतान की शर्तें भी निर्धारित की जानी चाहिए, जिसमें भुगतान की राशि, तरीका और समय सीमा शामिल हों।

अनुबंध में पक्षों की जिम्मेदारियों के अलावा अनुबंध में विवाद समाधान की प्रक्रिया का निर्धारण करना भी श्रेयस्कर होता है। सरकारी, निजी या व्यावसायिक चाहे किसी भी प्रकार का अनुबंध हो उसमें अनुबंध में संशोधन और समाप्ति की शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लेखित होनी चाहिए। निस्संदेह इन सारी प्रक्रियाओं का पालन होता भी है और होना भी चाहिए। हिमाचल में अब कॉन्ट्रैक्ट पर रखे कर्मचारियों के रेगुलर होने पर ही सीनियोरिटी की लिस्ट जारी होगी, क्योंकि अब प्रदेश में कर्मचारियों को अनुबंध सेवाकाल का सीनियोरिटी का वित्तीय लाभ नहीं देने का सरकार का फैसला लागू हो चुका है। सीनियोरिटी लिस्ट में संशोधन की प्रतीक्षा कर रहे हिमाचल के हजारों अनुबंध कर्मचारियों को अब ज्वाइनिंग डेट से सीनियोरिटी और वित्तीय लाभ नहीं मिलेंगे।

हिमाचल में वर्ष 2003 में कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर नियुक्तियां शुरू करने का सिलसिला शुरू हुआ था। अब 22 वर्ष बाद मौजूदा प्रदेश की सुक्खू सरकार ने अनुबंध कर्मचारियों को वरिष्ठता जैसे लाभ न देने का फैसला किया है। निश्चित रूप से इस फैसले की आलोचना जहां अनुबंध पर लगे कर्मचारी कर रहे हैं तो वहीं विपक्ष भी इस मसले को भुनाने की फिराक में है। कर्मचारी तो सरकार के इस निर्णय को बेहद सख्त बता रहे हैं। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि यह निर्णय उनके ऊपर कुठाराघात जैसा है। सरकार ने यह निर्णय 12 दिसंबर 2000 के बाद अनुबंध पर रखे कर्मचारियों पर लागू करने का निर्णय लिया है। हालांकि, इससे पहले जो कर्मचारी अनुबंध पर लग गए थे उनके ऊपर या निर्णय लागू नहीं होगा, लेकिन 22 साल की अवधि के दौरान हजारों कर्मचारी अनुबंध पर रख लिए गए हैं जिसका प्रभाव उन पर पढ़ना स्वाभाविक है। विधानसभा में राज्य में कर्मचारियों के भर्ती व पदोन्नति नियमों में बदलाव संबंधी विधेयक ध्वनिमत से पारित किया गया था।

इसके बाद यह बिल राज्यपाल की मंजूरी के लिए गया था और राज्यपाल ने हाल ही में इसे स्वीकृति दे दी है। अब जबकि यह बिल लागू हो गया है तो इसका असर तो पड़ना ही है। दरअसल, कुछ अनुबंध कर्मचारी अदालत गए थे और उन्होंने ज्वाइनिंग की तिथि से नियमितीकरण का लाभ मांगा था। सरकार यह तर्क दे रही है कि यदि अनुबंध कर्मचारियों को ज्वाइनिंग डेट से सीनियोरिटी दी जाती है तो बड़ी संख्या में पहले से ही नियमित कर्मचारियों को डिमोट करना पड़ेगा। इससे सारा सिस्टम बिगड़ जाएगा। यह भी स्पष्ट किया था कि यह कदम सिर्फ सरकारी सेवा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए उठाया गया है। सरकार का कोई भी गलत इरादा इसके पीछे नहीं है। 2003 से जब कॉन्ट्रैक्ट पर अनुबंध कर्मचारी रखने की शुरुआत हुई थी तो उस वक्त नियुक्ति पत्रों में बाकायदा सेवा शर्तों का स्पष्ट उल्लेख किया गया था और कर्मचारियों से यह कहा गया था कि कॉन्ट्रैक्ट के तहत उनका कार्यकाल सीनियोरिटी या रेगुलर कर्मचारियों को मिलने वाले अन्य लाभों के लिए नहीं गिना जाएगा, लेकिन फिर भी कॉन्ट्रैक्ट पर रखे कुछ कर्मचारी सुप्रीम कोर्ट चले गए और तब से ही यह विवाद शुरू हो गया।

अब सरकार ने रेगुलर और कॉन्ट्रैक्ट पर रखे गए कर्मचारियों में सामंजस्य बनाने के लिए यह कठोर कदम उठाया है। वैसे भी सुक्खू सरकार कड़े फैसलों के लिए जानी जाती है और व्यवस्था परिवर्तन का हमेशा नारा देती रहती है। सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए कई कदम भी उठाए हैं। ये नियम प्रदेश के हित में हैं और इससे सरकार पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ भी कम होगा। कर्मचारियों को भी चाहिए कि सरकार ने यदि उन्हें नौकरी करने का मौका दिया है तो वह भी सरकार का साथ दें, क्योंकि सरकार की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। अब इस मसले को बेवजह तूल नहीं दिया जाना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# सिनेमा जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**नूतन** हिंदी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। भारतीय सिनेमा जगत में नूतन को एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने फिल्मों में अभिनेत्रियों के महज शोपीस के तौर पर इस्तेमाल किए जाने की परंपरागत विचार धारा को बदलकर उन्हें अलग पहचान दिलाई। सुजाता, बंदिनी, मैं तुलसी तेरे आंगन की, सीमा, सरस्वती चंद्र, और मिलन जैसी कई फिल्मों में अपने उत्कृष्ट अभिनय से नूतन ने यह साबित किया कि नायिकाओं में भी अभिनय क्षमता है और अपने अभिनय की बदौलत वे दर्शकों को सिनेमा हॉल तक लाने में सक्षम हैं। नूतन का जन्म एक पढ़े लिखे परिवार में हुआ था। इनकी माता का नाम श्रीमती शोभना समर्थ और पिता का नाम श्री कुमारसेन समर्थ था। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण नूतन अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रुझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बतौर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री सर्वाधिक फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त करने का कीर्तिमान नूतन के नाम दर्ज है। नूतन को वर्ष 1974 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। ■



नूतन
जन्म : 4 जून, 1936
मृत्यु : 21 फरवरी, 1991



## कविता: दाता ने सब को दिया

शिव सान्याल मकड़ाहन ज्वाली कांगड़ा हि.प्र

*दाता ने सब को दिया, जीने का अधिकार।*
*रहे भोग तुम आप हो, कर्मों के अनुसार।।*
*दाता ने सब को दिया, कर्म धर्म अरु ज्ञान।*
*सब में प्रभु के प्रेम को, बांटों रे इंसान।।*
*दाता ने सब को दिया, सपनों का संसार।*
*जीवन उस में ढाल लो, सपना कर साकार।।*
*दाता ने सब को दिया, दाना पानी प्यार।*
*आती जाती सांस का, करो सदा आभार।।*
*दाता ने सब को दिया, किस्मत का भंडार।*
*मौका खोना है नहीं, मिलता है इक बार।।*
*मान बड़ों का हम करें, छोटों से हो प्यार।*
*प्रेम भाव से तोड़ दें, नफरत की दीवार।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार



देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं।

हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद हैं। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारें भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। ऐसा कोई स्थायी तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्राय: भीड़ भरे इलाकों में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई।

इन दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है।

इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी।

25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी।

19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठा होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। आगे भी सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# जनजातीय हितों व श्रद्धा पर केंद्रित हो नई वन नीति



लेखक : डॉ. प्रवीण गुगनानी
जनजातीय विषयों के विशेषज्ञ



वनग्राम, वनों से सटे राजस्व ग्राम, जनजातीय समाज, वनों के भीतर कृषि का अधिकार, जनजातीय समाज को वनों के सीमित उपयोग की अनुमति आदि-आदि विषय मप्र में एक बड़ा सामाजिक सरोकार का प्रश्न रहे हैं। यह प्रश्न अब गहरा रहा है। मप्र सरकार कंपनी, संस्था, व्यक्ति या स्वयंसेवी संस्था को बिगड़े जंगल अनुबंध पर साठ वर्ष हेतु देने के प्रस्ताव पर विचारत है। नई नीति में निजी क्षेत्र को विभाग के अनुसार नए पौधे लगाने होंगे। दो वर्ष में पौधे नहीं उगे तो अनुबंध समाप्ति का अधिकार शासन के पास सुरक्षित रहेगा।

इन वनों का कार्बन क्रेडिट, वन विभाग के माध्यम से विक्रय करेंगे। इस नीति के अनुसार एक हजार हेक्टेयर तक के जंगल को यदि कोई निजी कंपनी विकसित करना चाहेगी तो वनों की पुनर्स्थापना का भी प्रावधान है। अनुबंधित वनों से प्राप्त वनोपज का पांचवां भाग वन समिति और शेष चार भाग वन विकास निगम और निजी कंपनी को मिलेंगे। फल वनोपज का आधा भाग निजी कंपनी को प्राप्त होगा। मप्र में 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बिगड़े वन हैं, इसे ही निजी क्षेत्र में सौंपने की तैयारी है। नई नीति के अंतर्गत निजी निवेशकों का इन वनीय क्षेत्रों की उपज व कार्बन क्रेडिट पर प्रथम अधिकार होगा।

नई नीति का नाम 'सीएसआर एवं कंपनी एन्वायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी एवं अशासकीय निधियों के उपयोग से वनों की पुनर्स्थापना' है। इसके अंतर्गत मप्र में निजी निवेशक न्यूनतम दस हेक्टेयर वन का चयन कर सकेंगे। नई वन नीति में कई विसंगतियां हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी। वनवासियों हेतु हर वृक्ष का हर उत्सव व ऋतु में अलग-अलग आस्था का संबंध होता है।

हजारों-लाखों प्रकार के जीव-जंतुओं का भोजन, उनकी औषधियां, उनकी रहवासी आवश्यकताएं सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। जीव-जंतु तो छोड़िए जनजातीय समाज और नगरीय समाज को मिलने वाली हजारों वनीय औषधियां, जड़ी-बूटियां, रसायन, मौसमी उत्पाद सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। प्रकृति की अविरल धारा के समक्ष एक बड़ा अवरोध व परिवर्तन उपस्थित होगा जिससे कई प्रकार की असंगतियां-विसंगतियां देखने को मिलेंगी। अनुबंध पर जंगल लेने वाले व्यसायी केवल लाभ से सरोकार रखेंगे।

निजी वन व्यवसायी और कंपनियां आदि; राष्ट्रीय, पर्यावरणीय, सामाजिक, धार्मिक विषयों के प्रति कोई सरोकार या संवेदनशीलता रखने से तो रहे। व्यावसायिक लाभ ही एकमेव लक्ष्य होगा, इससे वनोपज में असंतुलित वृद्धि तो हो सकती है किंतु पर्यावर्णीय हानि, जैव व वन विविधता की हानि व वनवासी समाज के साथ शासन व शेष समाज के संबंध बिगड़ सकते हैं। नई वन नीति की सम्पूर्ण समीक्षा की आवश्यकता है। या तो यह नीति रद्द हो या फिर इस नीति में वनीय, विविधता, जैव विविधता, जलीय संरचनाओं, वनीय पशु-पक्षियों की आवश्यकताओं, वनवासी बंधुओं की आजीविका आदि विषय में सुरक्षा की गारंटी हो।

नई वन नीति में जिसे 'बिगड़े वन' कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है। केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है। एक सुझाव यह भी है कि नई वन नीति समूचे मप्र हेतु एक जैसी न बने। इस नीति को क्षेत्रवार, भौगोलिक विशेषताओं, विशिष्टताओं, वनीय बंधुओं की आवश्यकतानुसार, वनीय बंधुओं की परंपराओं आदि को ध्यान में रखकर वनीय बंधुओं के रोजगार सृजन के लक्ष्य, वनवासी बंधुओं के विस्थापन-स्थापन की सधी हुई दृष्टि से निर्मित करना होगा। मप्र की नई वननीति व्यवसाय नहीं अपितु वनवासी समाज केंद्रित हो, यह ध्यान में रखना ही होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश के जिलों के पुलिस कप्तान भी नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ एक्शन लेते नजर आ रहे हैं, जिसमें चिट्टा एक बहुत खतरनाक और जानलेवा नशा है। इनमें शिमला के एसपी का नाम प्रमुख है, लेकिन नशे के खिलाफ इस लड़ाई के दौरान पुलिस को उस वक्त जिला अदालत से मायूसी हाथ लगी, जब चिट्टा तस्करी के मामले में हाल ही में शाही गैंग के गिरफ्तार किए आरोपियों में से अब तक 41 को जमानत दे दी गई। प्रदेश में नशा तस्करों ने हिमाचली युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है, क्योंकि इस कारोबार में मोटा मुनाफा है। आज भी बड़ी संख्या में प्रदेश के गांवों और कस्बों में नशे की चपेट में आए युवाओं के कारण उनके परिवारों में तनाव और अराजकता का माहौल पैदा हो रहा है। सरकार को इस पर सख्त होना होगा।

**केवल सिंह,कांगड़ा**

# किताबों-अखबारों को बनाएं साथी, जिंदगी जीने व देखने का बदल जाएगा नजरिया



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि,स्वतंत्र पत्रकार



युवा लोगों में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से किताबों में दिलचस्पी कम होती जा रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की वजह से युवा भारतीयों की पढ़ने की आदत में तेजी से बदलाव आ रहा है। स्मार्टफोन और लगभग मुफ्त इंटरनेट सेवाओं के प्रसार ने आदत बदलने की इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इंस्टेंट मैगी युवा पीढ़ी का हिस्सा है। नतीजतन वे अपने जीवन को मैनेज करने के लिए गूगल का इस्तेमाल करते हैं। मेहनत, धैर्य और लगन से काम करके पुरानी पीढ़ी, जो कभी किताबें पढ़ती थी, अपने जीवन को मकसद देती थी।

किताबें समस्या-समाधान के लिए बहुत जरूरी थीं, खासकर आत्मकथाएं। पहले माता-पिता भी किताबें पढ़ने का सुझाव देते थे। अगर आप अभी किताबें और अखबार नहीं पढ़ते हैं तो आज से ही पढ़ने की आदत डालें। आप शायद किताबें पढ़ने के इतने फायदों से वाकिफ नहीं हैं। आजकल, जब युवा पीढ़ी सुबह उठती है, तो वे समाचार पत्र पढ़ने के बजाय सोशल मीडिया साइट्स ब्राउज करने के लिए अपने स्मार्टफोन का उपयोग करना शुरू कर देते हैं। कोई भी टीवी शो कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, अब परिवार उसे देखने के लिए एक साथ इकट्ठा नहीं होता है जैसा कि वे पहले करते थे।

इसके बजाय, वे अपने फोन पर सोशल मीडिया ऐप के साथ खुद को व्यस्त रखना जारी रखते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल उद्योग में और भी क्रांति आएगी। नतीजतन, जीवन और पढ़ने-लिखने की आदतों में बदलाव आए हैं, और आगे भी आएंगे। किताबें मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। हालांकि, आज की व्यस्त दुनिया में बहुत कम लोग हैं जो किताबें पढ़ते हैं। किताबें पढ़ना वास्तव में एक ऐसी आदत नहीं है जिसे मनोरंजन से जोड़ा जाना चाहिए। इसके बजाय, आपको इसे अपने दैनिक कार्यक्रम में शामिल करना चाहिए। यह देखते हुए कि किताबें लोगों को खुश करती हैं। जब पूछा जाता है कि उन्होंने आखिरी बार कब किताब पढ़ी थी, तो अधिकांश लोग हैरान दिखेंगे। स्कूल और कॉलेज में नामांकित छात्रों के अलावा, यह सवाल कामकाजी युवाओं द्वारा भी पूछा जाता है जो स्नातक होने के बाद अपने भविष्य को निर्धारित करने में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं।

आज की व्यस्त दुनिया में, लोग पढ़ने से परहेज कर रहे हैं। दुनिया के हर सफल और प्रशंसनीय व्यक्ति को किताबें पढ़ने की आदत होती है। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त मानी जाती हैं। नियमित रूप से पढ़ना न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, बल्कि यह आपके ज्ञान को भी बढ़ाता है। यह जीवन और विचारों के प्रति व्यक्ति के दृष्टिकोण को भी बदलता है। इंटरनेट चाहे कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो जाए, किताबें पढ़ना हमेशा सबसे अच्छा विकल्प रहेगा। किताबें पढ़ने के फायदों की बात करें तो वे बहुत हैं। जब आप कोई किताब पढ़ते हैं, तो आपका ध्यान एक क्षेत्र पर केंद्रित होता है। हर दिन पढ़ने की आदत से फोकस बेहतर होता है। किसी प्रोजेक्ट पर काम करने का मन भी करता है।

अखबारों में राजनीति, विज्ञान, तकनीक, कला और संस्कृति सहित कई विषयों पर लेख प्रकाशित होते हैं, साथ ही जाने-माने लेखकों और विषय विशेषज्ञों के लेख भी होते हैं। नियमित रूप से पढ़ने वाले बच्चों को नया ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलता है। ज्ञान की कमी के कारण आपको कई स्थितियों में चुप रहना पड़ता है।

आप स्पष्ट रूप से बोलने में असमर्थ होते हैं या ऐसा करने में बहुत शर्म महसूस करते हैं। पढ़ने से ज्ञान और जानकारी बढ़ती है। जिसके आधार पर आप किसी भी विषय पर कहीं भी, किसी से भी चर्चा कर सकते हैं। किताबें पढ़ने से बोलने और संवाद करने का आत्मविश्वास बढ़ता है। कहा जाता है कि अच्छा लिखना, अच्छे बोलने से ही संभव होता है। हालांकि, चूंकि घरों में अखबार, पत्रिकाएं या किताबें नहीं हैं, इसलिए युवाओं को ही दोष देना अनुचित है। अगर कोई किताब, अखबार या पत्रिका है, तो बच्चा कम से कम तस्वीर तो देखेगा और आश्चर्य करना शुरू कर देगा। अब ऐसा भी नहीं है। अगर माता-पिता प्रमुख पत्रिकाओं और अखबारों के नामों की भी परवाह नहीं करते हैं, तो इसमें युवाओं का क्या दोष है? जब तक माता-पिता ध्यान नहीं करेंगे, तब तक यह समस्या हल नहीं होगी। चूंकि अधिकांश माता-पिता खुद कुछ नहीं पढ़ते हैं, तो वे क्या और किससे बात करेंगे?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अच्छे व्यवहार पर आधारित मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं



लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
लोअर अरनियाला, ऊना





व्यवहार का हमारे दैनिक जीवन में पर्याप्त महत्व है। हमारे समूचे कार्य-व्यवहार की नींव इस पर ही आधारित है। अत: जीवन रूपी गाड़ी का उचित ढंग से संचालन करना अत्यावश्क है। आप कैसा जीवन जीना चाहते हैं यह सब कुछ आप पर अधिकांशत: निर्भर करता है।

गौरतलब है कि काम ही पूजा है तो हम सब को मन लगा कर प्रसन्नचित होकर प्रत्येक कार्य करना चाहिए। आइए देखें हमारे देश के नागरिक अपनी कार्यशैली में कहां खड़े हैं। प्राय: देखने में आता है कि अधिकांश कार्यालयों में ड्यूटी के दौरान कर्मचारी कार्य करने की अपेक्षा परस्पर बातें करने में व्यस्त रहते हैं। काम करवाने आए लोग बेबस होकर उनकी तरफ देखते रहते हैं।

चाय कल्चर ने कार्यालयों के कार्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रखा है। कोई भी संस्था अथवा कार्यालय हो उसका कर्मचारी चाय पिए बिना काम करने के मूड में नहीं होता। नि:संदेह कार्यालयों में तख्ती पर लिखा होता है -- 'सरविस विद स्माइल'। पर लोगों के प्रति अधिकांश कर्मचारियों का व्यवहार बहुत रूखा व घटिया होता है। वे टूट-टूट कर ग्राहकों पर पड़ते हैं। कई बार वे अपना आपा भी खो बैठते हैं। इसका क्या औचित्य ? हां, कुछेक बहुत कुशल, मृदुभाषी, हंसमुख एवं व्यवहारिक भी होते हैं।

वे प्रत्येक ग्राहक का काम प्रसन्नतापूर्वक करते हुए आनंद व संतुष्टि प्राप्त करते हैं। अफसोस! ऐसे बेहतरीन कर्मचारियों की संख्या निगुनी है। अच्छे व्यवहार वाले व्यक्ति को समाज से पूर्णतया सम्मान मिलता है। एक कंडक्टर अपनी मृदुल वाणी से सवारियों का दिल जीत सकता है।

सरकारों ने अगर महिला सवारी या सीनियर सीटिजन को कोई विशेष सहूलियत दे रखी है तो कंडक्टर को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। एक डॉक्टर अपने सौम्य स्वभाव से अपने रोगियों का दिल जीत सकता है। ऐसे डॉक्टर के पास मरीज खुद-ब-खुद ठीक हो जाता है। विद्यार्थियों को भी आदर्श अध्यापक अपनी विशेष शैली से सहज ही पढ़ाई करवा सकता है। ऐसे और भी क्षेत्र हैं जहां मालिक व कामगार का परस्पर सौहार्दपूर्ण संबंध दोनों के लिए बेहद कारगर साबित हो सकता है। सिक्के का दूसरा पहलू देखिए। कई कर्मचारी अपने घरों की समस्याएं और तनाव को साथ लेकर चलते हैं। वे कुंठाग्रस्त होते हैं। इसीलिए वे लोगों से उचित व्यवहार नहीं करते। कई तो झगड़ने को हर समय तैयार रहते हैं।

अच्छा व्यवहार इंसान को बढ़िया और योग्य कुशल नेतृत्व करने में समर्थ बनाता है। बुरा व्यवहार एक छूत के रोग की भांति है जो कि समूचे संसार को बुराई से भर देता है। हमने इस धारणा को दृढ़ता से अपनी इच्छा शक्ति के अनुसार बदलना है। आवश्कता है अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने की। फिर देखना चमत्कार। हमें विदित ही है कि अच्छे व्यवहार का कोई भी मूल्य नहीं होता। अच्छे बनो, नेक बनो। इज्जत मुफ्त मिलती है। नियमबद्ध होकर काम करो। लंच समय को अपनी मर्जी से लम्बा न खींचो। अपने काम, कार्यव्यवहार और समय प्रति पूरी निष्ठा रखो। इससे सब जगह आपकी प्रशंसा होगी। काम ही पूजा है तो काम से जी क्यों चुराते हो। एक बार अपने व्यवहार में तबदीली लाकर देखो तो सही फिर देखना जिंदगी कितनी सुखद,रंगीन व आनंदमयी बन जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बीबीएमबी के सरकारी क्वार्टरों के रास्ते हों पक्के



**भीम बसेड़ू, महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना सुंदरनगर के पुराने सरकारी क्वार्टरों जहां कर्मी रहते हैं के एक बड़े भाग में वर्षों से कच्चे पड़े रास्ते अपनी दयनीय हालत पर आंसू बहा रहे हैं। बीबीएमबी प्रशासन से इस बारे कई बार मांग उठाई जा चुकी है कि समतल, पक्के तथा साफ सुथरे रास्तों की सख्त जरूरत है मगर अभी तक इस दिशा में किसी किस्म की हितकर कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है, जिससे छोटे-बड़े सभी को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि रास्ते पर झाड़ियों से आने जाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों ने बीबीएमबी के चीफ इंजीनियर व चेयरमैन से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही वह कच्चे पड़े रास्ते जो बरसात होने पर तालाब बन जाते हैं को पक्का बनाने के लिए कारगर कदम उठाए।

### लोगों को स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

**लक्की, करसोग।** नगर पंचायत करसोग के वार्ड नंबर 1 में शनि देव मंदिर जगातखाना के समीप 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' के तहत स्वच्छता एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। सचिव नगर पंचायत करसोग बलदेव ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता शिविर में गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा और हानिकारक कचरे को अलग रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया और लोगों से अनुरोध किया गया कि वह नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को अलग-अलग रूप में सूखे व गीले कचरे को दें व प्लास्टिक को न जलाएं। शिविर में वार्ड नंबर एक से सदस्य चेतन शर्मा, वार्ड नंबर चार से सदस्य सीमा गुप्ता, वार्ड नंबर पांच से सदस्य नरसिंह, जन समाजसेवी खेम राज, सामुदायिक आयोजक अनु व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नशा स्वस्थ व जिम्मेदार समाज के लिए अभिशाप

**अनंत ज्ञान, मंडी/जोगिंद्रनगर।** जिला बाल संरक्षण इकाई मंडी द्वारा चौंतड़ा खंड की ढेलू पंचायत में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि आज नशा समाज को खोखला कर रहा है। नौजवान पीढ़ी चिट्टे जैसे नशे की चपेट में आकर मौत के मुहाने में खड़ी है। नशा किसी भी स्वस्थ और जिम्मेदार समाज के लिए अभिशाप से कम नहीं। इस अवसर पर जोगिंद्रनगर के डीएसपी देवराज ने भी प्रतिभागियों के समक्ष नशे के कारणों और बचाव की जानकारी रखी। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बीके पल्लवी ठाकुर, ढेलू पंचायत की प्रधान सपना देवी, मंडी जन विकास एवं साक्षरता समिति की खंड समन्वयक लता गोस्वामी और डिस्ट्रिक्ट एग्जिक्यूटिव मेंबर खेम सिंह ने भी प्रतिभागियों को सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुटता से लड़ने को कहा।

### ऑडिशन के दूसरे दिन चंबा, कुल्लू, कांगड़ा के पहुंचे कलाकार



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी-2025 की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने तथा वॉयस ऑफ शिवरात्रि के लिए आयोजित ऑडिशन के दूसरे दिन चंबा, कुल्लू, ऊना, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर जिलों के अलावा पंजाब के लुधियाना से कलाकार पहुंचे। ऑडिशन के दूसरे दिन वीरवार को पड्डल मैदान स्थित टेनिस हाल में 50 कलाकारों को ऑडिशन के लिए बुलाया गया था। निर्णायक मंडल के समक्ष इन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को 60 कलाकारों को ऑडिशन के लिए बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी तक बुलाए जाने वाले कलाकारों के नाम डीसी मंडी के फेसबुक पेज पर अपलोड कर दिए गए हैं तथा कलाकारों के मोबाइल नंबर पर भी संदेश के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। रोहित राठौर ने बताया कि ऑडिशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ही वॉयस ऑफ शिवरात्रि में भाग लेने का मौका मिलेगा।

### रिवालसर में स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत नगर पंचायत रिवालसर के सभी वार्डों में सफाई अभियान जारी है। गुरुवार को नगर पंचायत की बार्ड नंबर 7 में सफाई अभियान और वार्ड 3 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत सचिव विनोद कुमार ने बताया की शिविर में लोगों की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया गया तथा उन्हें सफाई के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया की अभियान के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही है तथा विभाग द्वारा ऑनलाइन की जा रही सेवाओं के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध करवा रही है, जिसमें अब लोग स्ट्रीट लाइट के खराब होने बारे, सफाई कर्मचारियों के कूड़ा न उठाने पर, पड़ोस में में हो रहे अवैध निर्माण, खुले में शौच और कूड़ा फेंकने आदि शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करवा सकते हैं।

### उपभोक्ता पेयजल टंकियों की समय पर करें सफाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता, जल शक्ति उपमंडल नम्बर-एक ने आज यहां बताया कि अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव तथा आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विभाग ने सभी जल शोधन संयंत्र व जल संग्रहण भंडारण की साफ-सफाई कर दी है। उन्होंने उपमंडल के तहत आने वाले सभी पेयजल उपभोक्ताओं, सरकारी व गैर-सरकारी भवनों, सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों, होटल एवं ढाबा संचालकों से आग्रह किया कि वे अपने घरों, संस्थानों व कार्यालयों में लगाई पेयजल भंडारण टंकियों की समय-समय पर सफाई करना सुनिश्चित करें तथा पेयजल भंडारणों को ढक कर रखें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा आवश्यक मानकों के आधार पर शुद्ध पेयजल वितरित किया जा रहा है, इसलिए पीने के लिए इसी जल का प्रयोग करें। किसी भी प्रकार की पेयजल व सीवरेज की शिकायत 01905-222955 व 01905-222855 पर कर सकते हैं।

### स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के तहत लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्वचछ शहर समृद्ध शहर के तहतवार्ड नंबर 8 पैलेस प्रथम में पार्षद हरदीप सिंह राजा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगर निगम के एसडीओ नरेश कुमार, डॉ. वसीम अख्तर तथा अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे। शिविर का आयोजन नागरिकों को सिटिजन सेवा पोर्ट्ल की जानकारी देने और इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किया गया। इसके माध्यम से व्यापार लाइसेंस, संपत्ति कर का भुगतान और रजिस्ट्रेशन, होर्डिंग, कैनोपी, विज्ञापन की अनुमति, पालतू पशुओं का पंजीकरण, कचरा संग्रहण, सामुदायिक हॉल और मैदान की बुकिंग, नगर निगम से संबंधित शिकायतें, संपत्ति प्रबंधन, आरडीपी मॉनिटरिंग जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं। डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत न पड़े। शिविर में नागरिकों के सवालों के जवाब दिए गए और पंजीकरण की प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

# युवक की गोली लगने से मौत

## शिकार के दौरान लगी गोली, मामले की जांच शुरू

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



उपमंडल क्षेत्र के रोहांडा क्षेत्र के जंगल में दोस्तों के साथ शिकार को गए 33 वर्ष के युवक की रहस्यमयी परिस्थितियों में गोली लगने से दर्दनाक मौत हो गई है। घटना बुधवार रात करीब 11 बजे पेश आई है। गोली युवक के जांघ पर लगी जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के साथ शिकार पर गए उसके साथी उसे तुरंत जंगल से सड़क पर लाए और वाहन में डाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहांडा पहुंचे।

जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत करार दे दिया। पुलिस थाना बीएसएल कालोनी की टीम ने रात को शव कब्जे में लेकर उसका वीरवार सुबह श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में पोस्टमार्टम कराया है।

पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। वहीं पुलिस ने मामले में बंदूक को भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार (33) पुत्र ठाकुर दास निवासी गांव औकल डाकघर रोहांडा तहसील निहरी जिला मंडी बुधवार रात अपने दो-तीन दोस्तों के साथ गनसाडी खड्ड के साथ जंगल में शिकार करने के लिए गए थे। गंभीर अवस्था में उसके साथी उसे उठा कर सड़क तक लाए और वहां से रोहांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

अस्पताल पहुंचने से जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया पुलिस थाना बीएसएल कालोनी में एफआईआर दर्ज कर जांच आरंभ कर दी गई है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## स्कूली छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में पुलिस जांच शुरू

**आदर्श, नेरचौक**



- सलवाहन पंचायत में छात्रा ने की खुदकुशी

नाचन विधानसभा क्षेत्र की सलवाहन पंचायत में संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूली छात्रा कि मंगलवार को मौत हो गई थी उसके शव का पोस्टमार्टम करवा कर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला खुदकुशी का लग रहा है।

मृतिका के माता-पिता बेटी की मौत की खबर सुनकर दुबई से वापस घर लौट आए हैं। पिता के घर पहुंचने पर पुलिस ने परिजनों के सामने पिछले दिन से बंद पड़े दरवाजे को खोल कर छात्रा के शव को अपने कब्जे में लिया।

पुलिस ने जांच को आगे बढ़ते हुए पोस्टमार्टम करवा कर शव को दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। जांच के दौरान पुलिस ने परिजनों के समक्ष शव को फंदे से नीचे उतारा तथा कमरे से छात्रा के मोबाइल व जरूरी दस्तावेज व सामग्री को भी कब्जे में ले लिया है। बता दें कि मंगलवार कि इस घटना में विलंब माता-पिता के विदेश में होने के कारण हुआ। पिता के वापस पहुंचते ही पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाया।

मामले की पुष्टि डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने की है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला खुदकुशी का लग रहा है। बाकी पूरा खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर होगा। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।(अनंत ज्ञान)

## मिनिस्ट्रीयल स्टाफ हेतु निर्धारित कोटे में न की जाए छेड़छाड़: विजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- निर्धारित कोटे को समाप्त करने पर कर्मचारी संघ का विरोध

उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ की जिला मंडी इकाई के अध्यक्ष विजय सिंह, महासचिव कुलभूषण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रिथी पाल सिंह और उपायुक्त कार्यालय इकाई के अध्यक्ष अजय गुलेरिया, महिला उपप्रधान सरोज गौतम, चतुर्थ श्रेणी उपप्रधान हुकुम चंद ने कहा कि पटवारी कानूनगो संघ की कानूनगो से नायब-तहसीलदारी पद पर पदोन्नति हेतु लिपीकीय वर्ग का 20 प्रतिशत कोटा समाप्त करने पर विरोध करता है तथा इस बारे सरकार से अनुरोध किया है कि मिनिस्ट्रीयल स्टाफ हेतु निर्धारित कोटे में किसी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए।

अगर सरकार इस निर्धारित कोटे के साथ कोई छेड़छाड़ की जाती है तो इसके लिए महासंघ को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा तथा अगर उनके आंदोलन के कारण कार्यालयों में आम जनता व सरकार के कार्य प्रभावित होते हैं तो महासंघ इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर पटवारी कानूनगो संघ की मांगों का अवलोकन कर रिपोर्ट सरकार को प्रेषित करने हेतु 4 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

पटवार/कानूनगो संघ इस बारे पिछले लंबे समय से प्रयास कर रहा है,परंतु किसी भी सरकार द्वारा उनकी इस निराधार व तर्कहीन मांग को आज तक स्वीकार नहीं किया है। उपायुक्त कार्यालय संघ के संज्ञान में आया है कि बलवान कमेटी ने रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ से चर्चा बिना ही सरकार को प्रेषित की है, जबकि उनके महासंघ ने मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व), निदेशक, शिमला तथा उक्त गठित कमेटी के अध्यक्ष बलवान चंद से अनुरोध किया था कि उनके महासंघ की भी उक्त कमेटी के साथ बैठक करवाई जाए, ताकि वह अपना पक्ष रख सके, परंतु सरकार द्वारा आज तक उन्हें बैठक के लिए नहीं बुलाया।

## रुक-रुक कर हो रही बारिश से खिले किसानों के चेहरे

**भीम बसेड़ू, महादेव**



मंडी जिले भर में रुक-रुक कर हो रही व्यापक बारिश से किसानों एवं बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। भले ही फसल बोआई का समय प्राकृतिक तौर पर खेतों की मिट्टी नम न होने से खासकर गेहूं की बिजाई का समय निकल गया था और बहुत सारी भूमि खाली पड़ी रह गई लेकिन जिन किसानों ने बहुत पहले खेतों में बाड़बंदी कर बिजाई कर दी थी उसके लहलहाने की उम्मीद इस बारिश के होने से अब कुछ ज्यादा ही हो गई है।

बेहद लंबे सूखे के बाद हो रही बारिश को रबी की फसल के लिए सोने पे सुहागा माना जा रहा है क्योंकि शुष्क ठंड से निजात मिलने से कुछ हद तक स्वास्थ्य लाभ मिला है वहीं गेहूं सहित अन्य फसलों को फायदा हुआ है और रोजी रोटी का जुगाड़ नजदीक आता दिख रहा है।

बता दें कि मौसम के खुले रहने से अप्रैल माह जैसी तपिश महसूस हो रही थी, लेकिन अब लगातार हुई बारिश से मौसम फिर से कूल - कूल हो गया उधर कमरुघाटी आदि में बर्फबारी होने से समूचा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में है। मौसम भीगा -भीगा होने से लोग घरों में ही दुबके रहे जिससे महादेव सहित सुंदरनगर के बाजारों से रौनक गायब रही।(अनंत ज्ञान)

## द्रंग छात्र कल्याण संघ ने मनाया वार्षिक उत्सव

**अनंत ज्ञान, मंडी।** द्रंग छात्र कल्याण संघ का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे मुख्यातिथि के स्वागत से हुआ। हितेश ठाकुर ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा प्रदीप ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

द्रंग छात्र कल्याण संघ के सभी सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि वह अन्य मुख्य अतिथि का स्वागत ढोल नगाड़े की थाप पर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम सदस्यों द्वारा पेश किए गए। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण बाख्ली नाटी, बान्ठणा, वाद्य यंत्र नाटी रही। रमेश ठाकुर की गानों से सभी दर्शकों के मन को मोह लिया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे के खिलाफ सजग रहने को कहा।

## नशा तस्करों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की दरकार

**अनिल शर्मा, मंडी**

- लोग संभाल रहे मोर्चा, अब पुलिस से किलेबंदी का इंतजार

नशे के खिलाफ अनंत ज्ञान का महाअभियान

नशे के खिलाफ समय रहते कार्रवाई न करने वाली सरकारें आज नशे को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने में लगी है, लेकिन अभी तक नशा तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है।

नशे से मौत के मामलों को देखते हुए सर्जिकल स्ट्राइक की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही बड़े-बड़े लोगों की संलिप्तता ने सबको चोंका दिया है। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र व वेब टीवी द्वारा नशे के खिलाफ छेड़े महाअभियान में आए विभिन्न भक्तों ने इसे अंतरराष्ट्रीय साजिश करार दिया है।

यदि एक क्षण के लिए भी मान लिया जाए कि यहां बिकने वाला नशा अंतरराष्ट्रीय साजिश है, तो फिर हमारी सुरक्षा एजेंसियां क्या कर रही है? हमारी पुलिस, सीआईडी, सीबीआई, आईबी और रॉ क्या कर रही है। यह सोचने वाली बात है। देश के दुश्मन यदि हमारे युवा पीढ़ी को बर्बाद करने के लिए यहां नशा पहुंचा सकते हैं तो फिर वह और कुछ भी कर सकते हैं। सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करते हुए नशे के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करनी चाहिए, ताकि उनकी विश्वसनीयता जनता के दिलों में बनी रहे। लोग नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा किलेबंदी का इंतजार कर रहे हैं।(अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों द्वारा भेजे गए संदेश

- नशे से दूर रहो, जीवन को संवारो।

**भव्य, दसवीं, हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंडोह।**

- जो नशे को अपनाएगा, वो घर लौट कर न आएगा।

**पूनम, दसवीं, हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंडोह।**

### इस नंबर पर भेजें संदेश

प्रबुद्ध पाठक और आम जनमानस भी अनंत ज्ञान के इस अभियान में शामिल होकर 9418980288 व्हाट्सएप नंबर पर संदेश भेज कर विरोध जता कर नशे पर टंकार कर सकते हैं। ये संदेश प्रतिदिन समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे।

## सिर पर चाकू से वार, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में सिर पर चाकू से हमला करने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी अनुसार नवीन कुमार पुत्र धर्म सिह निवासी गांव सैहल मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने ढाबे में था तो रात एक सफारी टाटा गाड़ी नंबर एचपी 31सी-0311 में दो व्यक्ति आए व बिना कारण गाली-गलौज की, जिसका विरोध किया तो दोनों ने सिर पर चाकू से हमला किया। जब राहुल व वर्कर काकू बचाने आए तो दोनों व्यक्ति भाग गए। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 108 में गूंजी जुड़वां बच्चों की किलकारियां

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**



बालीचौकी में वीरवार को 108 एंबुलेंस में जुड़वां बच्चों की किलकारियों से न केवल एक मां को मातृत्व सुख की अनुभूति हुई बल्कि 108 एंबुलेंस सेवा में कार्यरत ईएमटी डिणे राम एवं पायलट निका राम को भी उनकी कर्तव्यनिष्ठा के चलते लोगों से काफी सराहना मिल रही है। जानकारी अनुसार कांढा निवासी करिश्मा ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माणी में कला अध्यापिका के पद पर कार्यरत है। इस दौरान करिश्मा को मेडिकल कालेज नेरचौक के लिए 108 एंबुलेंस के माध्यम से रैफर किया गया था। ईएमटी डिणे राम एवं पायलट निका राम ने बताया कि रास्ते में करिश्मा ठाकुर ने 108 में 2 जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। करिश्मा ठाकुर के पति युद्धवीर सिंह हिमाचल पुलिस में कार्यरत है और शिमला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बालीचौकी में इस घटना की काफी चर्चा है। (अनंत ज्ञान)

## नशे के खात्मे के लिए समाज को होना होगा एकजुट: जितेंद्र

**अनंत ज्ञान, मंडी**



आज नशा समाज को खोखला कर रहा है तथा हमारी नौजवान पीढ़ी चिट्टे जैसे नशे की चपेट में आकर मौत के मुहाने में खड़ी है।

जिला मंडी के धर्मपुर में चिट्टे तस्करों के खिलाफ अभियान में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव जितेंद्र ठाकुर ने लोगों को जागरूक करते हुए यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि जो अभियान उन्होंने धर्मपुर से शुरू किया था वह अभियान अब पूरे हिमाचल में गति पकड़ चुका है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल हमें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक या आर्थिक तौर पर कमजोर कर रहा है बल्कि अपराधी भी बना रहा है।

नशा स्वास्थ्य और जिम्मेदार समाज के लिए अभिशाप से कम नहीं । नशे के खात्मे के लिए समाज को एकजुट होना होगा। सरकार, प्रशासन और समुदाय को मिलकर नशे के खिलाफ लड़ना होगा ताकि नशे जैसी महामारी को हम अपने बच्चों की जिंदगी से बाहर निकाल सके।

## कंपनी के नाम पर नकली सामान बेचने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी**

बल्ह थाना में कंपनी के नाम नकली सामान बेचने पर मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार मोनिका रांकावत पुत्री माल चंद रांकावत राम नागौर कॉलोनी, थाना मरकाना राजस्थान ने शिकायत की है कि तारापति महाजन एंड कंपनी, संजीव महाजन और सौरव महाजन नेरचौक तहसील बल्ह और अमृत सरिया माल एंड संस, अमित प्लाटिया वीपीओ रत्ती जिला मंडी की खुदरा दुकानें जिंदल रूफिंग और जिंदल रंगीन रूफिंग शीट्स ऑफ जिंदल इंडिया लिमिटेड के नकली व छेड़छाड़ किए गए उत्पादों के भंडारण, बिक्री में शामिल है। वहीं विक्रेताओं व थोक विक्रेताओं को जिंदल सबरंग और जिंदल रंगीन छत शीट्स की नकली गुणवत्ता का अवैध व्यवसाय कर रहे हैं।

पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि किसी भी कंपनी के नाम पर नकली सामान बेचना, लोगों के साथ धोखा करना बड़ा अपराध है।

## पंचायतों में नशे के खिलाफ फैलाई जा रही जागरूकता

**आदर्श, नेरचौक**



नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत बल्ह उपमंडल में उप मंडला अधिकारी स्मृतिका नेगी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

खंड विकास कार्यालय बल्ह के सभागार में आयोजित इस बैठक में विकास खंड के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें विशेष रूप से डीएसपी हेडक्वार्टर दिनेश कुमार शामिल हुए। एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि नशा निवारण से संबंधित अनेक गतिविधियां जन सहभागिता से पूर्ण की जा रही है। आने वाले समय में भी सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों का बल्ह को नशा मुक्त विशेष कर चिट्टा मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास हम सबको आम जनता को साथ लेकर करने होंगे। अभी तक अधिकतर पंचायतों में नशे को लेकर जागरूकता फैलाने में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। बैठक में पंचायत प्रधानों से अपनी अपनी पंचायत में कमेटियां गठित करने को कहा गया है और एक संयुक्त कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें पुलिस और प्रशासन भी शामिल होगा जिसमें सभी प्रकार की जानकारियां साझा कर उनका समाधान किया जाएगा। लोगों को नशे के खिलाफ एक जुट होकर लड़ने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार सुदर्शन कुमार पुत्र नरपत राम गांव व डाकघर भंगरोटु तहसील बल्ह मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह रास्ते में जा रहा था कि पीछे से बाइक चालक विक्की पुत्र कांशी राम गांव ने बाइक का टायर चढ़ा दिया और गाली-गलौज किया। जब वह घर वापस आया तो विक्की व उसकी मां कौशल्या व परिवार वालों ने डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**समस्या** फ्लेक्स बोर्ड से भरा शौचालय और सफाई व्यवस्था भी खराब, लोग परेशान

# बीडीओ कार्यालय धनोटू का शौचालय बना स्टोर

**भीम बसेड़ू, महादेव**



अनंत ज्ञान खास खबर

गांव धनोटू स्थित बीडीओ कार्यालय का शौचालय, जहां समुचित ढंग की सफाई व्यवस्था को तरस गया है वहीं शौचालय स्टोर बनकर रह गया है, बीडीओ पर सवालिया निशान लगता है कि सरकारी स्कीमों इत्यादि के सामान के लिए क्या यही जगह सुरक्षित व उचित है? जिससे विभाग की नासमझी का भी परिचय मिलता है।

प्रदेश स्टेट हाइवे से स्टा यह ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त ग्राम पंचायत महादेव में आता तो जरूर है मगर वर्तमान में इस सरकारी क्षेत्र ने कुछ हद तक स्वच्छता अभियान के लिए वर्षों पहले पंचायत द्वारा किए धरे को पुन: वहीं लाकर खड़ा कर दिया है। शौचालय की नियमित साफ-सफाई के मामले में विभाग इसलिए भी पीछे दिखता है क्योंकि शौच करने वाले वाले स्थान पर सरकारी तौर पर किए जाने वाले प्रचार एवं जागरूकता से संबंधित सामग्री यानि भारी भरकम बोर्ड आदि रख दिए गए हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि जिस विभाग को स्वच्छता संबंधी विकास की सीख देनी चाहिए वह स्वयं एक तरह से अपना बोरिया- बिस्तर लेकर शौचालय में ही घुस गया है जो बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि सरकार कार्यक्रम तो बढ़ाती है मगर व्यवस्था के लिए शौचालय में धकेलती है जबकि होना यह चाहिए कि किस वस्तु को कहां रखा जाना चाहिए पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### समस्या के समाधान की मांग

**लोगों** ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों तथा उपायुक्त मंडी से मांग की है कि बीडीओ कार्यालय के स्टोर बने शौचालय को मुक्त कर साफ-सफाई को लेकर कारगर कदम उठाए जाएं।

## नेरचौक से पंडोह सड़क दो-दो घंटे रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेरचौक से पंडोह सड़क फोरलेनिंग के लिए की जा रही कटिंग व ब्लास्टिंग के कारण 22, 24 और 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक दो-दो घंटे बंद रहेगी।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग पीआईयू मंडी ने एनएच-21 के नेरचौक से पंडोह खंड के 4 से 5 मील के हिस्से में फोरलेनिंग कार्य के लिए कटिंग और ब्लास्टिंग करने के लिए सड़क पर यातायात सीमित अवधि के लिए बंद रखने का आग्रह किया था। इस अवधि में निर्माण कंपनी द्वारा 4 मील से लेकर 5 मील के मध्य कार्य किया जाएगा।

## खुले में कूड़ा फेंकने पर 15 लोगों का चालान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

- लोग सफाई में करें सहयोग स्वच्छता का रखें ध्यान

स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत नगर परिषद सुंदरनगर में स्वच्छता सर्वेक्षण शुरु होते ही स्वच्छता को दरकिनार कर खुले में कूड़ा कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई आरंभ हो गई है। नगर परिषद सुंदरनगर की विभिन्न टीमों ने बुधवार रात्रि 9 से 11 बजे तक खुले में कूड़ा फेंकते 15 लोग रंगे हाथों धरे है। जिनके मौका पर ही चालान भी किया गया है और उन्हें आगे से खुले में कचरा न फेंकने की चेतावनी दी गई है।

नगर परिषद की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। नगर परिषद का कहना है कि सुंदरनगर के नाम के अनुरूप सुंदर बनाने के लिए स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत 10 फरवरी से 9 अप्रैल तक स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत रोजाना नगर परिषद लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए अलग-अलग वार्ड में गतिविधियां के माध्यम से लोगों से शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कूड़ा नगर परिषद के सफाई दूतों व वाहनों में डालने का आवाहन कर रही है।

सुंदरनगर में स्वच्छता अभियान आरंभ होते ही नगर परिषद नियमों की अवहेलना करने वालों के प्रति कड़ा रुख अपनाये हुए है। जिसके तहत महज 10 दिन में 20 फरवरी तक नगर परिषद ने तीन दर्जन से अधिक चालान कर 55 हजार जुर्माना वसूल किया है। नगर परिषद ने खुले में लोगों को कूड़ा फेंकने से रोकने के लिए और उनकी धरपकड़ के लिए 13 वार्ड में टीमों का गठन किया है जो दिन रात विभिन्न स्थानों पर जाकर खुले में कूड़ा फेंकने वालों को पकड़ने का काम करेगी।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी हितेश कुमार का कहना है कि नियमों की अवहेलना करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। अगले कुछ दिनों में केंद्रीय टीम सुंदरनगर में स्वच्छता सर्वे को जांचने के लिए आ रही है। लोग इसलिए स्थानीय लोग साफ-सफाई में सहयोग करें स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट-अंब रोड पर आवाजाही एक माह के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गगरेट-अंब रोड पर वाहनों की आवाजाही 21 फरवरी से 21 माच तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग पर सीमेंट उपचारित परत बिछाने के साथ-साथ अन्य निर्माण कार्यों को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। इस दौरान यातायात को गगरेट से कलोह वैकल्पिक मार्ग से होते हुए गगरेट-अंब रोड और कलोह चौक शिवड़ी रोड के मिलन बिंदु पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### अंब-अंदौरा-गगरेट रोड 21 अगस्त तक बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंब-अंदौरा-गगरेट सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही 21 फरवरी से 21 अगस्त तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन कार्य सहित अन्य निर्माण कार्यों को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों की आवाजाही के लिए यातायात को एनएच 503 एक्सटेंशन के माध्यम से पक्का परोह-बदांयू रोड से अंदौरा और एनएच 503 के माध्यम से आदर्श नगर अठवां रोड तक वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### अब विकास के पथ पर अग्रसर होगी दिल्ली : भुट्टो



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केजरीवाल और कांग्रेस की राजनीति धराशायी हो गई है और अब दिल्ली दुनिया की सबसे सुंदर राजधानी बनेगी। भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा सरकार दिल्ली को एक विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। भुट्टो ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई नेतृत्व और भाजपा की विकासोन्मुखी नीतियों का परिणाम है। भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस दौरान कई बड़ी योजनाएं शुरू की गईं, जिन्होंने देश के विकास को नई गति दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का व्यापक प्रभाव समाज के विभिन्न वर्गों पर पड़ा है। भुट्टो ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई क्रांतिकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनसे करोड़ों लोगों को सीधा लाभ मिला है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, भाजपा नेता बलराम बबलू, सुदर्शन शर्मा, सुभाष शास्त्री के अलावा अन्य मौजूद रहे।

### मनरेगा मजदूरों से मिले विधायक विवेक



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने वीरवार बंगाणा के मुच्छाली गांव का दौरा किया और वहां मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मजदूरों की समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि रोजगार से जुड़ी किसी भी कठिनाई को दूर करने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मनरेगा मजदूरों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए निरंतर मनरेगा में कार्य मिलने का विधायक विवेक शर्मा के पास आह्वान किया। विधायक विवेक शर्मा ने तत्काल लोक निर्माण विभाग मंडल बंगाणा को आदेश दिए कि मनरेगा का हर कार्य नियम के अंतर्गत हो और लोनिवि में हर कार्य के लिए हर पंचायत से मनरेगा मजदूर की टीम ली जाए ताकि लोगों की मजदूरी मिलती रहे। उन्होंने कहा मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अगर मजदूरों को समय पर कार्य या भुगतान नहीं मिलेगा, तो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित होगी। इसलिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने में पूरी जिम्मेदारी निभाएं।

### चिट्टे की रोकथाम के लिए ठोस कानून बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रदेश में ताजा मामलों में कई अधिकारियों का चिट्टे के मामलों में गिरफ्तार होना बहुत ही चिंता का विषय है। उड़ता पंजाब के बाद अब चिट्टे में हिमाचल धंसता चला जा रहा है। यह बात अंतराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कही। उन्होंने कहा की प्रदेश में चिट्टे का काला कारोबार चरम सीमा पर है। वहीं, कई अधिकारी भी इसमें शामिल हैं। यहां तक कि कई महिलाएं भी इसमें संलिप्त हैं। शर्मा ने चिंता जाहिर करते हुए कहा की चिट्टे के इस साम्राज्य को ध्वस्त करने के लिए अब सभी को आगे आना होगा, अन्यथा परिणाम गंभीर होंगे। आज किसी और के घर का चिराग बुझा है, कल को यह हमारे साथ भी होगा।।

### बंगाणा कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता और एक स्पेशल लेक्चर रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में जिला ऊना के एडीशनल सुपरिंटेंडेंट ऑफिस, संजीव कुमार भाटिया ने शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय रोड सेफ्टी क्लब के नोडल ऑफिसर, प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की।

# प्यार का खौफनाक अंत

## सोशल मीडिया से शुरू हुआ था कसमे-वादे खाने का सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

लगभग आठ साल पहले शिमला जिले के रोहड़ू की रहने वाली दिनेश्वरी की दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए ही दिनेश उर्फ काकू से हुई थी। दोनों का प्यार परवान चढ़ा और उन्होंने जन्मों-जन्मों तक साथ रहने की कसमें खाकर प्रेम विवाह कर लिया था। शादी के बाद दोनों का एक बेटा भी हुआ, लेकिन बीते कुछ समय से दिनेश अपनी पत्नी से अलग रहने लगा था।




दस साल में ही प्यार का अंत हो जाएगा, शायद दिनेश्वरी ने सपने में भी नहीं सोचा था। यह दोस्ती शादी से पहले ही दोनों में हुई थी। सोशल मीडिया से ही यह दोस्ती शुरू हुई थी, लेकिन ऐसा क्या हो गया जो प्यार में दरार पड़ गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि दिनेश को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। वहीं, दूसरी ओर कथित तौर पर वह खुद भी किसी अन्य महिला के साथ रह रहा था। अब एक साथ दो परिवार संकट में आ चुके हैं। खबर आई थी कि अंदरोली गांव में एक पति ने अवैध संबंधों के शक में अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड के आरोपी पति को महज 48 घंटे के भीतर दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि यह दर्दनाक घटना घटी थी।

35 वर्षीय दिनेश्वरी उर्फ मीनू अपने पांच साल के बेटे के साथ घर में सो रही थी। आधी रात को बेटे ने जब अपनी मां को जगाने की कोशिश की, तो वह कोई जवाब नहीं दे पाई। घबराए हुए बच्चे ने तुरंत अपनी दादी को बुलाया, जिसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। जब परिजनों ने महिला को बेसुध पाया, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। यह वही मीनू थी जिसे शादी से पहले रात को भी देर देर तक कसमें और वादे करता था।

पुलिस जांच में पता चला कि हत्या की रात दिनेश अपनी पत्नी के घर आया हुआ था। घटना को अंजाम देने के बाद वह ऊना जिले के अंब रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर दिल्ली फरार हो गया, लेकिन ऊना पुलिस ने इस खौफनाक मर्डर मिस्ट्री को महज 48 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को दिल्ली से धर दबोचा। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस हत्या की साजिश पहले से रची गई थी या फिर यह गुस्से में उठाया गया कदम था। महिला की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस की तेजी से की गई कार्रवाई ने अपराधियों को यह संदेश दिया है कि कानून की पकड़ से कोई नहीं बच सकता।

## बारिश से खिले किसानों के चेहरे



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना में मौसम ने करवट ली है, अधिकतम तापमान एक दिन पहले 28 से लुढ़ककर 21 तक पहुंच गया है। करीब 10 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो फसलों के लिए लाभदायक बताई जा रही है, जिससे किसानों के चेहरे खिल गए हैं।

## 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' अभियान के तहत किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान के तहत वीरवार को नगर निगम ऊना द्वारा शहर के बल्क वेस्ट जनरेटर्स- अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल ऊना में जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश धीमान ने की। इस दौरान हिमाचल पथ परिवहन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आईएसबीटी के संचालकों के अलावा स्थानीय दुकानदारों और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम से सामाजिक विकास विशेषज्ञ मनोज शर्मा ने स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन स्रोत पर उचित अपशिष्ट पृथक्करण सुनिश्चित बनाने, बस स्टैंड और डिपो पर निर्दिष्ट संग्रह बिंदुओं का उपयोग करने और ड्राइवरों और कर्मचारियों को शिक्षित करके जिम्मेदार अपशिष्ट निपटान प्रथाओं को बढ़ावा देने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर व्यापक दिशा-निर्देशों के साथ संरेखित करने तथा स्रोत पृथक्करण और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित बनाने के साथ-साथ गीले और सूखे एवं हानिकारक कचरे के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने तथा सूखे कचरे को नीले, गीले कचरे को हरे एवं हानिकारक कचरे को लाल डस्टबिन में डालें और अलग-अलग करके ही सफाई कर्मचारियों को दें।

इसके अलावा उन्होंने एक बार में प्रयोग हुए पॉलीथिन का दोबारप्रयोग न करने तथा इसको न ही जलाने और न ही इधर उधर फेंकने बारे भी जागरूक किया। इस कार्यक्रम में नगर निगम के सफाई पर्यवेक्षक विजय कुमार एवं प्रबंधक प्रवेश शर्मा उपस्थित रहे।

## चिट्टे का नशा समाज के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं : बबलू

**विवेक शर्मा, अंब**

हिमाचल प्रदेश में चिट्टा और अधिक पांव न पसार सके, इसके लिए सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। इसके चलते आने वाले समय में चिट्टा तस्करी में शामिल लोगों को जमानत नहीं मिल पाएगी। वीरवार को अंब में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने प्रदेश में बढ़ रहे चिट्टे के कारोबार और नशे पर कहा कि चिट्टे का नशा युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है। कई सरकारी अधिकारी भी इस नेटवर्क में पकड़े गए हैं, जिनके खिलाफ प्रदेश सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि चिट्टा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बक्शा न जाए चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल का हिस्सा



चिट्टे के खिलाफ प्रदेश सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कियुवाओं में चिट्टे का नशा बहुत तेजी से बढ़ रहा है जोकि समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। चिट्टे का पूरी तरह से खात्मा करने के लिए हम सबको दलगत राजनीति से उठकर एकजुटता के साथ प्रयास करने होंगे। चिट्टे के कारोबार को रोकने के लिए शासन व प्रशासन के साथ जनसहयोग की भी आवश्यकता है।

## ऊना में दिखेगी हिमाचल की समृद्ध संस्कृति की झलक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को ऊना में नेहरू युवा केंद्र ऊना तथा केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के ग्वालियर, मुरैना, विदिशा, रीवा एवं खरगोन जिलों से 25 युवा प्रतिभागी और 2 एस्कॉर्ट शामिल हुए हैं। प्रतिभागियों को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास मॉडल को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को आपसी संवाद, अनुभवों के




उपायुक्त जतिन लाल और अन्य अधिकारी बैठक के दौरान।

आदान-प्रदान और सांस्कृतिक समृद्धि को समझने का बेहतरीन अवसर प्रदान करते हैं।

विभिन्न राज्यों के युवा जब एक-दूसरे से जुड़ते हैं, तो उनके विचारों का विस्तार होता है और वे राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर बहुत सी जानकारी और विचार आते हैं जो कभी-कभी भ्रमित करने वाले होते हैं, इसलिए युवा वर्ग जीवन के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें ताकि समय रहते उसे हासिल किया जा सके। अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता और खुद की दिशा पर ध्यान देना ही सफलता की कुंजी होती है। कार्यक्रम के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास सत्र, श्रमदान, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, साथ ही, प्रतिभागियों को जिले के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा और माता श्री चिंतपूर्णी के दर्शन करवाए जाएंगे।

नेहरु युवा केंद्र के जिला अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न संस्कृतियों एवं परंपराओं से परिचित कराना है, ताकि वे एकता और समावेशिता के महत्व को समझते हुए राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका को और प्रभावी बना सकें। इस मौके पर एनएसएस की जिला नोडल अधिकारी लिली ठाकुर, आरसेटी की ओर से आकाश दविन्द्र साहू, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रवासी ऊना में कर रहे अवैध धंधा : इशांत

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा हिमाचल प्रदेश इकाई ऊना के अध्यक्ष इशांत तुग्गा ने कहा कि जिले में कुछ बाहरी तत्वों व प्रवासी लोगों के द्वारा अवैध धंधा किया जा रहा है। इसमें सट्टा व शराब का खुलेआम काम चल रहा है जिसके चलते छोटे-छोटे बच्चों व युवाओं पर बड़ा ही गलत असर हो रहा है।



इशांत ने कहा की शहर के लगते नजदीक छोटी-छोटी दुकानों में अवैध करोबार के लिए खुलेआम हो रहा है और पुलिस खानापूर्ति कर चालान काट देती है और आरोपी चालान कटवा उसी समय अवैध काम करने फिर लग जाता है। उन्होंने कहा की यह सब शासन व प्रशासन की आड़ में हो रहा है। यदि प्रशासन इस पर विचार नहीं करता तो आने वाले समय में महासभा सभी की पोलें खोलेगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की है की जल्द से जल्द इस कड़ी कार्रवाई करें।

## विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के बारे में किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय उच्च विद्यालय घरवासड़ा में सरकार एवं शिक्षा निर्देशक के निर्देशानुसार प्री वोकेशनल ट्रेनिंग व्यावसायिक शिक्षा के बारे में छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अपना व्यवसाय एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए जागृत किया। स्कूल की मुख्य अध्यापिका विजय पराशर ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी स्वरोजगार अपनाकर अपने जीवन में अन्य समाज के लोगों को भी रोजगार देने की दिशा में कदम उठाएं।

स्कूल की पढ़ाई के बाद विद्यार्थी अपना काफी समय नौकरी की तलाश में ही व्यतीत करने के उपरांत भी नौकरी नहीं मिलती है। घरवासड़ा स्कूल के मुख्य अध्यापिका विजय पराशर ने रोजगार और स्वरोजगार सृजित करने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए इलाके की सुलोचना देवी एवं निर्मला देवी स्वरोजगार अपना कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, उन्हें स्कूल में बुलाकर विद्यार्थियों को जानकारी दी, ताकि स्कूल के विद्यार्थी स्वरोजगार के माध्यम से अपना और अन्य समाज के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें। स्कूल के विद्यार्थियों को खजूर की पत्तियों के प्रयोग के बारे में बहुत ही बढ़िया जानकारी दी, क्योंकि खजूर इस इलाके में बहुत ज्यादा मात्रा में पाई जाती है। स्कूल के विद्यार्थियों ने विशेष वृक्ष के पत्तों से पतले, डूने खजूर की पत्तियों से झाड़ू, चटाई, चटाई यानी बिन्ना एवं छज, टोकरी बनाने, पंखा , टोपी, एवं सजावट की सामग्री के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

स्कूल के शिक्षक हरपाल सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने जंगल में विशेष वृक्ष के पत्तों से बनाए जाने सामग्री के बारे में बहुत ही अच्छे ढंग से जानकारी हासिल की। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान गहनुद्दीन, तिलकराज धीमान, हरपाल सिंह, अलका चौधरी, मीना, सोम सिंह एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं छात्र मौजूद थे।

## थानाकलां की छात्राओं ने विदेश जाकर बढ़ाया ज्ञान

**अनंत ज्ञान, थानाकलां**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां की छात्राओं कुमारी समीक्षा और कनक ठाकुर का 8 से 18 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय भ्रमण सिंगापुर और कंबोडिया में शैक्षणिक भ्रमण करने के पश्चात स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्कूल की छात्राओं ने अपने अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मेधावी छात्रा कुमारी समीक्षा ने बताया कि इस दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला और वहां की संस्कृति के बारे में जानकारी ली। कनक ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय भ्रमण के दौरान हम सिंगापुर और कंबोडिया सौंदर्य और शिक्षा के बारे में बहुत ही अच्छी जानकारी उपलब्ध हुई। दोनों छात्राओं ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय भ्रमण का सौभाग्य अपने माता-पिता, स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर एवं सभी शिक्षकों को दिया, जिनके मार्गदर्शन से हमें अंतरराष्ट्रीय भ्रमण करने का अवसर मिला। कनक ठाकुर व कुमारी समीक्षा ने कहा कि शिक्षा विभाग और सरकार के माध्यम से ही हमें अंतरराष्ट्रीय




एक्सपोजर विजिट के बाद स्कूल पहुंचने पर छात्राओं का स्वागत करता स्कूल प्रबंधन।

भ्रमण का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसके लिए हम शिक्षा विभाग और सरकार के बहुत-बहुत आभारी हैं। दोनों छात्राओं ने कहा कि स्कूल का वातावरण पढ़ाई के लिए बहुत ही अनुकूल है।

स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान राजकुमार शर्मा एवं सलाहकार राम रखा सौंखला ने स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर एवं सभी शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा की स्कूल दिन प्रतिदिन कई बुलंदियां हासिल कर रहा है। थानाकलां पंचायत की प्रधान सरोज वाला एवं उपप्रधान ओम प्रकाश ने स्कूल प्रशासन की बहुत प्रशंसा की।स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हमारे स्कूल की होनहार छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय भ्रमण किया है। उन्होंने इसका श्रेय स्कूल के सभी शिक्षकों एवं उनके अभिभावकों को दिया है।

संजीव पराशर ने कहा की सरकार एवं शिक्षा विभाग के द्वारा हमारे स्कूल की छात्रों की प्रतिभा को देखकर अंतरराष्ट्रीय भ्रमण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने इन होनहार छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक बलविंदर कुमार, हंसराज, रजनीश कुमार, विजय कुमार, कमल सिंह, अनूप कुमार, विनोद कुमार, कांता देवी, नीता रानी, नीलम कुमारी, राधिका, संयोगिता शर्मा के अलावा सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## मैहतपुर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में किया ध्वजारोहण



**अनंत ज्ञान, ऊना**

मैहतपुर स्थित ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी संजीव सोनी ने की। इस अवसर पर इस सेवा केंद्र पर ध्वजारोहण की रस्म ब्रह्मकुमारीज जिला प्रभारी बीके आशा दीदी, मैहतपुर सेवा केंद्र की प्रभारी बीके बबिता, बीके अशोक भाई, बीके रामकृष्ण भाई सहित उपस्थित भाई-बहिनों तथा समारोह के अध्यक्ष संजीव सोनी ने निभाई।

ध्वज के समक्ष सभी उपस्थित जनों पवित्र जीवन बनाने की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर ऊना जिला ब्रह्मकुमारीज प्रभारी बीके आशा दीदी ने शिव व शंकर में अंतर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिवलिंग को काला इसलिए दिखाया गया है कि अज्ञानता रूपी रात्रि में परमात्मा अवतरित होकर अंधकार व अज्ञान मिटाते हैं।

मुख्यातिथि संजीव सोनी ने महाशिवरात्रि महापर्व की सबकों बधाई व शुभकामनाएं दीं। ब्रह्मकुमारीज द्वारा उनको ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। इस संदेश रथ द्वारा गांव भटोली, भभौर साहिब, जखेड़ा, स्वामीपुर बाग, भरमौती आदि में महाशिवरात्रि पर्व की महिमा व उसके वास्तविक उद्देश्य को समझकर लोगों को जागरूक किया।।

**आयोजन** चौकीमन्यार कॉलेज में पांचवीं वार्षिक एथलीट मीट पर छात्रों ने दिखाया दम

## विशाल कुमार और ज्योति ठाकुर चुने बेस्ट एथलीट

**अनंत ज्ञान, चौकीमनियार**

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में पांचवीं एथलेटिक मीट का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिता में अपनी एथलीट क्षमता का प्रदर्शन किया। ट्रैक इवेंट और फील्ड इवेंट में परफॉर्मेंस के आधार पर पुरुष वर्ग में बेस्ट एथलीट विशाल कुमार कला स्नातक द्वितीय वर्ष का छात्र एवं महिला वर्ग में बेस्ट एथलीट ज्योति ठाकुर बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा रही।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर बलविंदर सिंह राणा रहे जिनकी उपस्थिति और समर्थन में छात्रों को काफी प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत एक जीवंत मार्चपास्ट से हुई। इसके बाद मशाल जलाने की रस्म और एक शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिससे निष्पक्ष खेल और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पर जोर दिया गया। डॉ. राणा ने अपने संबोधन में छात्रों के समग्र विकास में शारीरिक फिटनेस के महत्व पर जोर



इवेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आयोजकों के साथ

दिया। उन्होंने कहा एथलेटिक्स केवल जीतने के बारे में नहीं है, यह अनुशासन, सहनशक्ति और टीमवर्क की भावना को विकसित करने के बारे में है। इस प्रकार के आयोजन छात्रों के चरित्र निर्माण और भविष्य की चुनौतियों के लिए उन्हें तैयार करने में मदद करते हैं।

छात्रों ने विभिन्न इवेंट्स में उत्साह से भाग लिया, जिसमें उनकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प ने सभी को प्रभावित किया। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में 100 मीटर की रेस में ज्योति ठाकुर प्रथम, तमन्ना द्वितीय, शहनाज तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं पुरुष वर्ग में विशाल प्रथम, मोहित द्वितीय, अंकित तीसरे स्थान पर रहा। 200 मीटर रेस में महिला वर्ग में महिला वर्ग में शहनाज प्रथम, ज्योति ठाकुर द्वितीय, तमन्ना तृतीय स्थान पर रहीं और पुरुष वर्ग में विशाल कुमार प्रथम, मोहित द्वितीय, अंकित शर्मा तृतीय स्थान पर रहा।

200 मीटर रेस में महिला वर्ग में शहनाज प्रथम, ज्योति द्वितीय, तमन्ना तीसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में विशाल कुमार प्रथम, मोहित द्वितीय, अंकित तृतीय स्थान पर रहा। फील्ड इवेंट की श्रेणी में लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग विशाल कुमार प्रथम, अंकित शर्मा द्वितीय, ईशान कुमार तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग लॉन्ग जंप में तमन्ना प्रथम, शहनाज एवं ज्योति द्वितीय स्थान, नेत्र तीसरे स्थान पर रहीं। शॉटपुट महिला श्रेणी में तमन्ना प्रथम, पूजा द्वितीय, ज्योति तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष श्रेणी में अक्षय प्रथम, मोहित द्वितीय, इशांत तीसरे स्थान पर रहा। 400 मीटर रेस में महिला श्रेणी में शहनाज प्रथम, ज्योति द्वितीय, पूनम तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में ईशान प्रथम, विशाल द्वितीय, अंकित तीसरा स्थान पर रहा।

इस एथलीट मीट का सफल आयोजन करने के लिए महाविद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रोफेसर नवीन शर्मा की योजना के अनुसार समूह टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ ने अपने-अपने दायित्व का पूरा निर्वाह किया। कॉलेज के स्पोर्टस इंचार्ज प्रो. नवीन शर्मा ने डॉ. बलविंदर सिंह राणा एवं समूह टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## नवाचार और उद्यमिता पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए ट्रिपल आईटी ऊना चयनित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सैल (एमआईसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने नवाचार और उद्यमिता पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) आयोजित करने के लिए देश के 50 संस्थानों का चयन किया है। इनमें भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) ऊना को शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस पहल का प्रस्ताव दिव्यांश ठाकुर, एसोसिएट फैकल्टी सदस्य और डॉ. शिवदत्त शर्मा, सहायक प्रोफेसर द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिन्होंने शिक्षा जगत में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के अपने विजन को प्रदर्शित किया। यह कार्यक्रम फैकल्टी सदस्यों को युवा नवप्रवर्तकों और उद्यमियों को मार्गदर्शन देने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने का लक्ष्य रखता है।

ट्रिपल आईटी ऊना के निदेशक मनीष गौर ने बताया कि यह उपलब्धि आईआईआईटी ऊना के क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एफडीपी फैकल्टी सदस्यों को छात्रों के विचारों को प्रभावशाली उद्यमों में बदलने के लिए मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे भारत के बढ़ते उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के एकमात्र संस्थान के रूप में इस प्रतिष्ठित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को आयोजित करने के लिए चुने जाने पर गर्व है।

एफडीपी न केवल हमारे फैकल्टी सदस्यों के कौशल को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें अगली पीढ़ी के नवप्रवर्तकों और उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के लिए सशक्त भी करेगा। उन्होंने बताया कि एफडीपी सत्रों की तैयारी चल रही है और आईआईआईटी ऊना प्रतिभागियों के लिए एक परिवर्तनकारी शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है। ट्रिपल आईटी संस्थान ऊना नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के राष्ट्रीय एजेंडे में महत्वपूर्ण योगदान देने और शैक्षणिक उत्कृष्टता और तकनीकी प्रगति का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में बारिश-बर्फबारी का दौर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो कुल्लू/केलांग**

मौसम के करवट बदलते ही कुल्लू, मनाली सहित जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया है।

मौसम के बदले मिजाज से जहां बागवानों और किसानों सहित पर्यटन से जुड़े व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है। वहीं, बर्फ से दुश्वारियां बढ़ गई हैं और जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। कुल्लू के मनाली सहित लगघाटी, मणिकर्ण, सैंज व आनी, बंजार के कुछ निचले क्षेत्रों में बारिश के साथ बर्फबारी हो रही है। वहीं, चोटियों में भी बर्फबारी का दौर लगातार जारी है। इसके अलावा रोहतांग दर्रा व अटल टनल रोहतांग, धुंधी, सोलंगनाला में भी बर्फ की एक फुट मोटी चादर बिछ गई है। मनाली व आसपास के इलाकों में सुबह से ही बर्फबारी जारी है। उधर, शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भी ऊपरी व निचले सभी क्षेत्रों में बर्फबारी का क्रम लगातार जारी है। अधिकतर सड़क मार्ग बंद हो गए हैं। ऐसे में जिला प्रशासन की ओर से लोगों से इस दौरान सुरक्षित और सफर न करने की हिदायत दी गई है। (अनंत ज्ञान)



### आसमान से बर्फ के फाहे देख रोमांचित हुए पर्यटक, बर्फ से खूब की मस्ती

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में वीरवार को आसमान से गिरते बर्फ के फाहे देख पर्यटक रोमांचित हो गए। पर्यटक मनाली से सोलंगनाला तक बर्फ के फाहों में पर्यटक खूब झूमें। पर्यटकों ने जगह-जगह बर्फ के फाहों के बीच जमकर मस्ती की। हिमपात से पर्यटन कारोबार को संजीवनी मिली है। वीरवार दोपहर बाद बर्फ बढ़ती देख पर्यटक वाहनों को नेहरू कुंड में ही रोका गया। सुबह के समय कई पर्यटक सोलंगनाला तक पहुंच गए थे। बर्फबारी की रफ्तार बढ़ती देख मनाली पुलिस ने सामान्य वाहनों को नेहरूकुंड में ही रोक दिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि फोर बाई फोर पर्यटक वाहनों को सोलंगनाला तक भेजा गया, जबकि सामान्य वाहन नेहरूकुंड तक भेजे गए। शुक्रवार को हालात के हिसाब से ही पर्यटकों को नेहरूकुंड से आगे भेजा जाएगा।

### होम स्टे एवं होटल संचालकों से अपील

**जिला** प्रशासन ने कहा कि होम स्टे एवं होटल संचालक अपने यहां ठहरे पर्यटकों को अत्यधिक बर्फबारी के दौरान यात्रा न करने की सलाह दें, सड़कें फिसलन भरी और खतरनाक हो सकती हैं यदि किसी पर्यटक को यात्रा करनी पड़े, तो उन्हें ताजा मौसम अपडेट और मार्ग स्थिति की जानकारी अवश्य दें।

**जिला** पुलिस केलांग से उपअधीक्षक ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में जिला पुलिस की हेल्पलाइन पर संपर्क करें। बर्फबारी के इस मौसम में सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

### अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद

**मनाली** व आसपास के इलाकों में सुबह से ही बर्फबारी जारी है। सोलंगनाला और अटल टनल में भी जमकर बर्फबारी हुई है। ऐसे में अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद कर दी गई है। मनाली से पर्यटक वाहनों को सिर्फ नेहरूकुंड तक जाने दिया जा रहा है। इससे आगे सोलंगनाला तक सिर्फ फोर बाई फोर वाहन ही भेजे जा रहे हैं। सुबह से ही जिला लाहौल-स्पीति में लगातार बर्फबारी हो रही है, जिससे सड़क मार्ग प्रभावित हो सकते हैं और यात्रा जोखिमपूर्ण हो सकती है। ऐसे में घाटी में आने वाले सभी पर्यटकों से आग्रह है कि वे अनावश्यक यात्रा करने से बचें और मौसम के हालात को ध्यान में रखते हुए ही कोई भी निर्णय लें।

### कौन-कौन से सड़क मार्ग बाधित

**कुल्लू** जिले में बारिश व बर्फबारी के कारण निरमंड उपमंडल के नौ सड़क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बाधित हुए हैं। इसके अलावा जलोड़ी पास एनएच-305 सामान्य वाहनों के लिए बंद है, जबकि फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही ही इस मार्ग पर हो रही है। वहीं, एनएच-03 मनाली से एटीआर नेहरुकुंड से लेकर अटल टनल के साउथ पोर्टल तक बंद है। उधर, लाहौल-स्पीति में भी अधिकतर सड़क मार्ग बर्फबारी के कारण बाधित हुए हैं।

### पर्यटकों के लिए सुरक्षा निर्देश

**जिला** प्रशासन ने कहा कि बेहतर होगा कि अनावश्यक यात्रा न करें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। यदि यात्रा करना आवश्यक हो, तो जिला पुलिस से जानकारी लेकर ही निकलें। वाहन चालकों से आग्रह है कि वे सुरक्षित गति से वाहन चलाएं और अपने वाहनों में बर्फ में चलने के आवश्यक उपकरण साथ रखें यदि कहीं रास्ता बंद हो या आप किसी परेशानी में हो, तो तुरंत जिला पुलिस से संपर्क करें।

# 23 दिन बाद भी लापता महिला का नहीं मिल पाया कोई सुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पर्यटन नगरी मनाली से नेपाली मूल की एक महिला 23 दिनों से लापता है। वहीं, महिला का पति चकरा बहादुर 28 जनवरी से अपनी पत्नी की तलाश में दर-दर भटक रहा है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।



चकरा बहादुर ने अपनी व्यथा बताते हुए बताया कि उसकी पत्नी 28 जनवरी से मनाली के बाजार से लापता हुई है। उन्होंने बताया कि दो-तीन दिनों तक उन्होंने अपने रिश्तेदारों व आस पड़ोस में अपनी पत्नी को काफी ढूंढा, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं लग पाई, जिसके बाद एक फरवरी को उन्होंने मनाली पुलिस थाना में अपनी पत्नी सुनीता तमांग (28) के लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन 23 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक पुलिस उसे ढूंढ नहीं पाई है। उन्होंने बताया कि इनके दो बच्चे भी हैं, जो नेपाल में रहते हैं वह भी अपनी मां के लिए परेशान हैं। उन्होंने बताया कि मनाली पुलिस उनकी पत्नी को ढूंढने में नाकाम रही है, जिसके चलते अब वह एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन से मिले और उन्हें लिखित रूप से पत्नी के लापता होने और उसे जल्द ढूंढने की गुहार की। चकरा बहादुर तमांग ने बताया कि सुनीता घर से यह बोल कर निकली कि मैं अपने बच्चों को मिलने नेपाल जा रही हूं। तीन दिन लगातार उसने अपनी पत्नी को फोन किया, तो उस का फोन स्विच ऑफ आया। चकरा बहादुर ने बताया कि उस ने अपने रिश्तेदारों के वहां फोन कर सुनीता के बारे में भी पता किया, मगर कोई सुराग नहीं लगा। तब चकरा बहादुर ने एक फरवरी को मनाली थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि उक्त महिला की गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कर उसे ढूंढने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि उसके फोन लोकेशन के आधार पर उसकी जानकारी मिल सकती है, जिसकी प्रकिया जारी है। वहीं, एसपी कुल्लू ने बताया कि महिला के लापता होने की शिकायत मिली है, छानबीन जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 13 ग्राम चिट्टे सहित पंजाब के दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीम ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए पंजाब के दो लोगों से 13 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर हाट बजौरा फोरलेन फ्लाई ओवर के नीचे इन दोनों लोगों को चिट्टा सहित गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान कृष्ण (40 वर्ष) पुत्र श्याम सुंदर निवासी हाउस नंबर 605, गली नंबर 13, वार्ड नंबर 24, नानक नगर लुधियाना सेंट्रल पोस्ट ऑफिस पंजाब व सन्नी (40 वर्ष) पुत्र राम स्वरूप निवासी हाउस नंबर 624, गली नं. 15, नानक नगर लुधियाना (पंजाब) के रूप में हुई है। वहीं, केवल कृष्ण व सन्नी उपरोक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना भुंतर में धारा 21, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उधर, डीएसपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुल्लू हेमराज वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि दोनों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

### जरूरतमंदों को गृह निर्माण के लिए प्रदान किया अनुदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार कक्ष में किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार, टीकाकरण, स्वस्थ जांच संप्रेषण सेवाएं व शालापूर्वक शिक्षा से संबंधित सूचनाएं प्रदान करना है। बताया कि जिले में 76 आंगनबाड़ियों के माध्यम से 757 अल्पसंख्यक लाभार्थियों को पूरक पोषाहार, 27 अल्पसंख्यक गर्भवती महिलाओं व 26 धात्री महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है और 784 अल्पसंख्यक लाभार्थियों को टीकाकरण व स्वास्थ्य संबंधित अन्य लाभ व 390 अल्पसंख्यक लाभार्थियों को शाला पूर्वक सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बिछी बर्फ की सफेद चादर, जनजीवन अस्त-व्यस्त।

# भाजपा 22 को करेगी बजट पर प्रबुद्ध जनगोष्ठी का आयोजन : अमित सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के देवसदन में जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा 22 फरवरी को 11:30 बजे बजट पर प्रबुद्ध जनगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने दी।



भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि इस प्रबुद्ध जनगोष्ठी में प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश जमवाल मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा के द्वारा भारत के हर राज्य और हर जिले में इस तरह की गोष्ठी के माध्यम से आम जनता को केंद्रीय बजट के बारे में जागरूक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम देश भर में 23 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें भाजपा के पदाधिकारी, मंत्री व सांसद भाग लेकर बजट के बारे में जानकारी देंगे, ताकि बजट को लेकर भ्रम फैलाने वालों से जनता भ्रमित न हो। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा इस बार पेश किए गए बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है और प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। केंद्र सरकार के आम जन के हित में इस बार 50 लाख करोड़ से अधिक का बजट पेश किया गया है। इस कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गोष्ठी में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, कुल्लू से 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, जिला कुल्लू के 12 मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, जिला व प्रदेश पदाधिकारी, सभी मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि गोष्ठी में आम जनमानस की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

### प्राकृतिक आपदा व दैवीय प्रकोप से बचाव के लिए देवता लक्ष्मी नारायण की शरण में एनएचपीसी प्रबंधन

# फाइनल स्टेज में पहुंचा पार्वती प्रोजेक्ट-2 का निर्माण कार्य

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

नवरत्न से नवाजी गई ऊर्जा सेक्टर की अग्रणी कंपनी एनएचपीसी के पार्वती प्रोजेक्ट चरण-दो में अब अच्छे दिनों की आहट सुनाई दे रही है।

लंबे अरसे के बाद अब जल्द ही एनएचपीसी चरण दो प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण होने जा रहा है। करीब अढ़ाई दशकों से इस परियोजना के निर्माण के दौरान काफी दिक्कतें पेश आई, लेकिन अब जबकि परियोजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, ऐसे में अब परियोजना प्रबंधन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है और इस दौरान अब किसी तरह की दिक्कत, परेशानी और प्राकृतिक आपदा व दैवीय प्रकोप से बचाव के लिए एनएचपीसी प्रबंधन सैंज घाटी के रैला के अधिष्ठाता देवता लक्ष्मी नारायण की शरण में आया है। वीरवार को देवता लक्ष्मी नारायण परियोजना प्रबंधन के निमंत्रण पर सियूंड स्थित पावर हाउस पहुंचे। 800 मेगावाट के पार्वती प्रोजेक्ट के द्वितीय



चरण में उद्घाटन से पूर्व सियूंड पावर हाउस में वीरवार को एक देव संसद का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय देवता लक्ष्मी नारायण विशेष रूप से हाजिर हुए। एनएचपीसी द्वारा आयोजित इस देव संसद में रैला पंचायत के अधिष्ठाता देवता लक्ष्मी नारायण ने गुर के माध्यम से भविष्यवाणी में परियोजना प्रबंधन को खूब खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि बिजली उत्पादन के बाद परियोजना क्षेत्र में देवी-देवता की परंपरा व मर्यादा के अलावा शुद्धता को बनाए रखें। साथ ही देव कार्य में कोई विघ्न न हो और देव नीति भी बरकरार रहे, अगर परियोजना प्रबंधन ने इन नियमों को नहीं माना, तो भविष्य में परिणाम भुगतने को भी तैयार रहे। इससे पूर्व देवालय में पूजा-अर्चना के बाद देवता लक्ष्मी नारायण वाद्ययंत्रों तथा लाव लश्कर के साथ पार्वती के पावर हाउस पहुंचे तथा परियोजना प्रबंधन ने देवता का जोरदार स्वागत किया। फरीदाबाद से विशेष रूप से आए एनएचपीसी के निदेशक एसके सिंह तथा कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने देवता लक्ष्मी नारायण से आशीर्वाद लिया और भविष्य में परियोजना क्षेत्र में कोई अनहोनी न हो इसके लिए मन्नत रखी। कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने बताया कि देवभूमि हिमाचल में लोगों का देवता के प्रति अटूट विश्वास है इसलिए एनएचपीसी ने भी देव संसद करने का निर्णय लिया और देवी-देवता पर हमें पूर्ण विश्वास है कि वे हमें अपनी शरण में रखेंगे। देवता के कारदार जगन्नाथ ने बताया कि रैला पंचायत क्षेत्र में पार्वती प्रोजेक्ट का 70 फीसदी भूभाग है तथा भविष्य में देवी-देवताओं के संरक्षण में ही पार्वती प्रोजेक्ट का संचालन होगा। देवता लक्ष्मी नारायण ने भी प्रथम चरण में एनएचपीसी के प्रोजेक्ट में उत्पादन की हरी झंडी दे दी है, जिसके चलते परियोजना प्रबंधन में खुशी की लहर है। इस अवसर पर पार्वती पावर स्टेशन बिहाली के प्रभारी प्रकाश चंद, पावर हाउस सियूंड के प्रभारी रणजीत सिंह, महाप्रबंधक मानव संसाधन श्वेता ओझा, देव समाज से जुड़े लोगों के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। लिहाजा, एनएचपीसी प्रबंधन ने परियोजना के उद्घाटन से पहले देवता को पावर हाउस लाकर सुरक्षा कवच बंधवा दिया, ताकि भविष्य में किसी तरह की दिक्कत पेश न आए। (अनंत ज्ञान)

# आर्थिक गणना का कार्य अप्रैल से होगा शुरू

## अनुमानित 315 क्षेत्रीय अन्वेषकों व 107 पर्यवेक्षकों की होगी तैनाती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में आठवीं आर्थिक गणना के क्षेत्रीय स्तर पर सुचारू संचालन के लिए जिले में गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक वीरवार को डीसी तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बैठक में जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए डीसी ने बताया कि आर्थिक गणना 2025-26 का कार्य अप्रैल माह से शुरू किया जाएगा। प्रदेश में यह कार्य अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग के अधीन जिले में कार्यरत जिला सांख्यिकीय कार्यालयों के माध्यम से पूर्ण किया जाना है। डीसी ने बताया कि इस आर्थिक गणना में कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त संगठित और गैर-संगठित क्षेत्रों में कार्यरत सभी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों में संलिप्त उद्योग तथा उनमें कार्यरत कामगारों की गणना की जाएगी, जिसके लिए जिले में क्षेत्रीय कार्य के लिए आंगनबाड़ी में कार्यरत कार्यकर्ता तथा आशा वर्कर्स की अन्वेषक तथा पटवारी, पंचायत सचिव और पंचायत सहायक की पर्यवेक्षकों के रूप में नियुक्ति की जाएगी, जिसके लिए अनुमानित 315 क्षेत्रीय अन्वेषकों तथा 107 पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी, जो आईटी आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आंकड़ों का एकत्रीकरण करेंगे। आर्थिक गणना का सारा डेटा मोबाइल ऐप के माध्यम से एकत्रित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि इस गणना से एकत्रित आंकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं, जो भविष्य में देश की आर्थिक नीतियों के निर्माण के लिए सहायक सिद्ध होंगे।

# जंगल व बगीचे में लगी आग, 10 हजार की संपत्ति राख

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के भाटग्रां के साथ लगे जंगल और बगीचे में वीरवार को आग लग गई। सूचना मिलते ही पतलीकूहल अग्निशमन की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया।

पतलीकूहल अग्निशमन के अधिकारी सुरज भारद्वाज ने जानकारी देते हुए कहा कि आग में लगभग 10 हजार रुपए की संपत्ति राख हुई है। उन्होंने बताया कि टीम की त्वरित कार्रवाई से लगभग 5 लाख रुपए की संपत्ति सुरक्षित बचा ली गई है। बचाई गई संपत्ति में घर और 250 से अधिक फल पेड़ शामिल हैं। आग के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है और घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है। इसके बारे में आगामी जांच की जा रही है।

# सावधान! फुटपाथ पर सामान रखा तो उठा ले जाएगी नगर परिषद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

**नप कर्मियों ने लाउड स्पीकर से सभी पर्यटन कारोबारियों को किया आगाह**

पर्यटन नगरी मनाली को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने की मुहिम शुरू हो गई है।

नगर परिषद के कर्मियों ने फुटपाथ को खाली करवाने के लिए पर्यटन कारोबारियों को लाउड स्पीकर से आगाह किया। नगर परिषद मनाली के मनु मार्केट, सब्जी मार्केट, मालरोड, गोंपा रोड और मॉडल टाउन आदि स्थानों पर फुटपाथ तक दुकानों का सामान लगाया जा रहा है। शहर की नालियों का भी उपयोग किया जा रहा है। यह नगर पालिका अधिनियम-1991 की धारा 183 की अवहेलना है। इसे देखते हुए नगर परिषद ने नोटिस जारी करने की तैयारी कर ली है। इसके माध्यम से कब्जा करने वालों को कब्जा हटाने की हिदायत दी जाएगी। नगर परिषद ने साफ किया है कि फुटपाथ और नालियों पर तुरंत कब्जा हटा दें, अन्यथा नगर परिषद कार्रवाई करेगी। बार-बार अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज लारजे ने कहा कि शहर में कई जगह लोगों को चलने में दिक्कत हो रही है। शहर को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने के लिए सभी शहरवासियों से सहयोग की अपील है। पहले कब्जा हटाने के नोटिस जारी होंगे। इसके बाद कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि नप कर्मी लाउड स्पीकर से पर्यटन कारोबारियों को आगाह कर रही है।

**समीक्षा** लाहौल-स्पीति की जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन

# 26 बच्चे मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से हो रहे लाभान्वित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की।




डीसी ने मिशन वात्सल्य व मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना की समीक्षा की। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 0-27 वर्ष के पात्र बच्चों एवं व्यक्तियों को चार हजार रुपए महीना सामाजिक सुरक्षा अनुदान के रूप में दिया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में इस योजना के तहत 26 पात्र बच्चों को इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार 0-14 वर्ष के बच्चों को एक हजार तथा 15-18 वर्ष के बच्चों को 2500 रुपए महीने के रूप में सामाजिक सुरक्षा अनुदान दिया जा रहा है। डीसी ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत पात्र बच्चों को उच्च व्यावसायिक शिक्षा, विवाह अनुदान, घर से वंचित बच्चों को 3 बिस्वा जमीन और गृह निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। जिले में एक बच्चे को गृह निर्माण के लिए जमीन प्रदान की जा रही है और मकान के निर्माण के लिए 3 लाख का प्रावधान किया गया है। उन्होंने योजना के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में योजना को सैचूरेशन लेबल प्राप्त किया जा सके और कोई भी पात्र बच्चा इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना बेसहारा बच्चों के लिए एक बहुत बड़ा सहारा है। बैठक में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति व चाइल्ड हेल्प लाइन लाहौल-स्पीति के कार्यों की समीक्षा की गई। बताया कि इसमें दो तरह की संस्थागत व गैर-संस्थागत सेवाएं प्रदान की जाती हैं। बैठक में डीसी ने आदेश दिए कि यदि कोई भी अनाथ बच्चा बाल गृह जाने के लिए पात्र हो, तो उसे तुरंत बाल गृह में भेजा जाए तथा जिले में प्रस्तावित बाल गृह के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। डीसी ने निर्देश दिए कि स्पांसरशिप योजना के अंतर्गत जल्द नए बच्चों की सामाजिक जांच पूर्ण कर ली जाए व जल्द उनकी औपचारिकताएं पूर्ण कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। डीसी ने जिला, खंड व पंचायतों व पाठशालाओं में जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों व अभिभावकों को पोक्सो अधिनियम व बच्चों को अपने अधिकारों की जानकारी मिल सके। बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अभी तक स्पीति उपमंडल सहित जिले में 20 जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

### 2025 में अभी तक कोई मामला अन्वेषणाधीन नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** डीसी राहुल कुमार ने वीरवार को अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने संबंधित विभाग को जिले के लंबित मामलों की सुनवाई के संदर्भ में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ित व्यक्तियों को राहत उपलब्ध हो सके। बैठक में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण के तहत विचाराधीन मामले की समीक्षा की गई। बैठक में बताया कि न्यायालय में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत एक मामला न्यायालय में लंबित है। उन्होंने बताया कि पीड़ित को राहत राशि की प्रथम व द्वितीय किस्त का भुगतान कर दिया गया है। पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि कलैंडर वर्ष-2025 में अभी तक कोई मामला अन्वेषणाधीन नहीं है। डीसी ने विभाग को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के संदर्भ में अन्य कल्याणकारी व बहुलाभकारी योजनाओं सहित स्कूलों व पंचायतों में जागरूकता शिविरों का आयोजन करें। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि अभी तक चालू वित वर्ष में 10 जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

# मांगों को लेकर सड़क पर उतरे एबीवीपी के कार्यकर्ता

## कहा-छात्रों की मांग जल्द हो पूरी, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कुल्लू इकाई की ओर से वीरवार को विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।



इस दौरान इकाई कार्यकर्ताओं द्वारा कुल्लू कॉलेज से लेकर ढालपुर स्थित डीसी कार्यालय तक प्रदर्शन किया गया और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगाकर छात्र विरोधी नीतियों का विरोध किया गया। वहीं, डीसी कुल्लू के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान छात्रों ने प्रदेश सरकार के समक्ष मांग रखी कि हिमाचल प्रदेश के छात्रों के भविष्य को देखते हुए जल्द उनकी मांगों को पूरा किया जाए। एबीवीपी जिला कुल्लू के संयोजक सारांश बोध ने बताया कि ज्ञापन में प्रदेश सरकार से मांग रखी गई है कि प्रदेश में जल्द छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं। शैक्षणिक व नॉन-बी शैक्षणिक भर्तियां जल्द की जाएं। हिमाचल राज्य विश्वविद्यालय के साथ राजनीति करना बंद करें और अतिथि शिक्षक भर्ती का फैसला भी वापस लिया जाए। सारांश ने बताया कि प्रदेश की सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से सरकार ने केवल शिक्षा का गला घोटने का कार्य किया है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने विभिन्न प्रकार के गलत निर्णय लिए हैं। सरकार ने एक के बाद एक शिक्षण संस्थानों पर ताला लगाने का कार्य किया है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय सुंदरनगर स्थित भवन को भी निजी शिक्षण संस्थान को दे दिया है, जिसका एबीवीपी कड़े शब्दों में विरोध करती है। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों का लोकतांत्रिक अधिकार है यदि छात्र संघ चुनाव को बहाल नहीं किया गया, तो एबीवीपी इससे भी उग्र आंदोलन करेगी। हिमाचल में नशे का प्रभाव काफी स्तर पर बढ़ रहा है, जिस पर प्रदेश की सरकार कोई भी कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार को जल्द से जल्द इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सरकार छात्र विरोधी निर्णय ले रही है, जिसका छात्र संगठन कड़ा विरोध करती है। एबीवीपी समय-समय पर छात्र हित सहित आम जनता से जुड़े मुद्दों व समस्याओं को लेकर प्रमुखता से आवाज उठाती आ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पहाड़ी धंसने से 24 वर्षीय युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिरमौर जिले के कमरऊ तहसील में एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना क्षेत्र में शोक की लहर छोड़ गई है। जानकारी के अनुसार, मृतक युवक अपने घर के पास स्थित पहाड़ी से बजरी निकाल रहा था तभी अचानक पहाड़ी धंस गई और वह मलबे में दब गया। मृतक की पहचान नवीन (24) पुत्र उमेश निवासी गांव ढांग डाकघर कोड़गा तहसील कमरऊ के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे मलबे से बाहर निकाला और सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तस्दीक के लिए मुख्य आरक्षी समीर कुमार और एडिशनल एसएचओ जीत राम को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ढांक में गिरने से 30 साल के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह में बीयर बार के समीप सड़क से खाई अथवा ढांक में गिरने से 30 वर्षीय विवेक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार अपने भाई की दुकान से अपने घर जा रहा विवेक संगड़ाह-पालर-राजगढ़ सड़क से खाई में गिरकर नीचे मौजूद टिकरी संपर्क मार्ग पर जा गिरा और उसके सिर में काफी चोटें आईं। परिजनों ने बताया कि संगड़ाह अस्पताल ले जाए जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसडीएम संगड़ाह सुनील कायथ ने कहा कि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार राहत राशि जारी की जा सकेगी।

### वर्षा के चलते केवल हुआ पुलिस भर्ती पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया जो कि 20 फरवरी तक आयोजित होनी थी, लेकिन वर्षा के चलते आज केवल पंजीकरण ही हुआ। पुलिस की रिक्रूमेंट कमेटी ने मैदान का निरीक्षण किया, तो पाया कि मैदान गीले हैं, जिस कारण शारीरिक प्रवीणता परीक्षा के लिए मैदान उपयुक्त नहीं है। इसलिए रिक्रूटमेंट कमेटी ने यह निर्णय लिया कि 20 फरवरी को केवल पुलिस भर्ती पंजीकरण पूर्ण किया जाएगा और जिन अभियर्थियों का पंजीकरण 20 फरवरी को होगा। वहीं, अभियर्थी 21 फरवरी को होने वाली सुबह साढ़े 6 बजे से भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे और 21 फरवरी को कोई भी पंजीकरण नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सिरमौर की ओर से यह बयान जारी किया गया है।

### सीएमओ डॉ. अमिताभ जैन ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में दुर्गम इलाकों व दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग कार्य करेगा। यह बात नाहन में नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमिताभ जैन ने कार्यभार संभालने के बाद कही। जैन ने कहा कि सिरमौर एक बड़ा जिला है और यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ दवाओं आदि को उपलब्ध करवाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। डॉ. अमिताभ जैन ने सिरमौर के सीएमओ का कार्यभार संभाला है। इससे पूर्व वह नाहन के डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज में बतौर वरिष्ठ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सेवाएं दे रहे थे।

### दसेरनवाला में खुली उचित मूल्य की दुकान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** उपमंडल अर्की की पंचायत दसेरनवाला वार्ड नंबर-3 में वीरवार से नई उचित मूल्य की दुकान (एफपीएस) का संचालन शुरू हो गया है। इससे पहले ग्रामीणों को राशन लेने के लिए भराड़ीघाट जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा उन्हें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। डिपो धारक अनुप्रिया द्वारा संचालित इस उचित मूल्य की दुकान से 1100 से अधिक ग्रामीणों और 300 राशन कार्ड धारकों को लाभ मिलेगा। यह पहल लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे उन्हें राशन लेने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

### गरीब परिवार की बेटी की शादी में की मदद

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** नालागढ़ का हेल्प द गर्ल्स ग्रुप लगातार जरूरतमंद व गरीब परिवार की बेटियों की शादी करवाने में हर संभव सहायता कर रहा है। हेल्प द गर्ल्स ग्रुप की ओर से आत्मा राम की बेटी की शादी के लिए फर्नीचर समेत अन्य जरूरी सामान दिया। हेल्प द गर्ल्स ग्रुप की अध्यक्ष शकुंतला पटियाल ने बताया कि ग्रुप की ओर से उन गरीब व जरूरतमंद परिवार की बेटियों की शादी में मदद कर रहा है, ताकि ऐसे परिवारों की कुछ मदद की जा सके। उन्होंने बताया कि अब तक कई परिवारों की मदद कर चुके हैं।

### छात्रों को 'न्याय सब के लिए' पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन और आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' पर डिग्री कॉलेज कंडाघाट में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन आकांक्षा डोगरा और एडवोकेट राशि सुल्तानपुरी ने विद्यार्थियों को 'न्याय सब के लिए' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौलिक अधिकार और कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के बारे में जानकारी दी। संवाद सत्र में महिलाओं, दिव्यांग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया, आईक्यूएसी के सदस्य प्रो. मालविका, डॉ. अंशु कौशल, डॉ. सुधीर कुमार तथा सभी शिक्षक और 250 विद्यार्थी मौजूद रहे।

### स्कूलों में बच्चों को दी एल्बेंडाजोल की खुराक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल दी। इसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ रखना और उन्हें कृमि के प्रभावों से बचाना है। इसी कड़ी में नाहन में सभी स्कूलों में बच्चों को यह दवा दी गई। इस अभियान का शुभारंभ नाहन के केंट हाई स्कूल से किया गया, जहां स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई। स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी डॉ. छवि बंसल ने बताया कि वीरवार को सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को एल्बेंडाजोल दी जा रही है।

# प्राइवेट स्कूलों की किताबों व कॉपियों के दाम बढ़ने से अभिभावक परेशान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही किताबों-कॉपियों और वर्दी के महंगे दाम ने प्राइवेट स्कूल में बच्चों को पढ़ा रहे अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है।

दुकानदारों और स्कूल प्रबंधन पर प्रशासनिक अंकुश नहीं होने से अभिभावकों को मजबूरन पिछले साल के मुकाबले महंगी किताबें और कापियां खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक इस बार कॉपी-किताबें पांच से दस फीसदी महंगी हुई हैं। ऐसे में बढ़े हुए दामों के बाद जहां एक ओर अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, वहीं स्कूलों खुलने पर फीस भी भरनी पड़ेगी। स्कूलों की ओर से बच्चों को कॉपी व किताबें खरीदने के लिए मैसेज आना शुरू हो गए हैं, जिसमें स्कूल द्वारा तय किए गए बुक सेलरों से ही कॉपी-किताबें खरीद करने को कह रहे हैं। यहीं नहीं स्कूलों द्वारा तय किए गए बुक सेलरों के पास ही संबंधित स्कूलों की किताबें मिल रही हैं।

**चार वर्षों के कॉपी-किताबों के दाम**

| कक्षा | वर्ष-2022 | वर्ष -2023 | वर्ष-2024 | इस वर्ष के दाम |
|---|---|---|---|---|
| नर्सरी | 400-500 | 600-1200 | 800-1400 | 1000-1500 |
| पहली | 1950-3000 | 2100-3300 | 2450-3650 | 2600-3700 |
| दूसरी | 2000-3350 | 2200-3600 | 2400-4000 | 2600-4200 |
| तीसरी | 2150-3900 | 2300-4100 | 2500-4300 | 2700-4430 |
| चौथी | 2300-4200 | 2500-4300 | 2900-4600 | 3150-4700 |
| पांचवीं | 2350-4200 | 2600-4500 | 2600-4800 | 2700-4900 |
| छठी | 3000-5550 | 3200-5800 | 3500-5900 | 3750-6000 |
| सातवीं | 3050-5500 | 3300-6000 | 3500-6500 | 3700-6600 |
| आठवीं | 3300-5850 | 3500-6000 | 3800-6550 | 4000-6700 |

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

पहली से आठवीं कक्षा की कॉपी-किताबों के सेट में 200 से 300 रुपए की बढ़ोत्तरी हुई है। रोजाना स्कूलों से अभिभावकों को किताबों की सूची भी दी जा रही है। जिले के अधिकतर स्कूलों की किताबें किसी विशेष बुक सेलर से ही कॉपी-किताब खरीदने के अभिभावकों को निर्देश देते हैं। बुक सेलरों के मुताबिक, खरीददारी करने पर अभिभावकों को 10 से 15 प्रतिशत की छूट दी जाती है, लेकिन स्कूल प्रशासन की तरह से सेट दुकान से अभिभावकों को किसी भी प्रकार की छूट नहीं मिलती है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों में कॉपी-किताब समेत अन्य स्टेशनरी के सामान को बेचने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया है।

बता दें कि कक्षा एक ही है, लेकिन स्कूलों द्वारा तय लेखक और बुक सेलर अलग-अलग हैं। ऐसे में अभिभावकों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### स्कूलों द्वारा तय की गई दुकानें

कॉपी किताबों की खरीददारी के लिए बाजार आए अभिभावकों ने बताया कि कॉपी, किताबों के हर वर्ष दाम बढ़ रहे हैं। इसमें ज्यादा दाम अंग्रेजी नोटबुक के बढ़ रहे हैं। इसके अलावा स्कूल द्वारा वर्दी और कॉपी-किताबों के लिए दुकानें तय की हैं। जहां पर स्कूल का नाम लेने पर वह स्वयं स्कूलों द्वारा तय की गई किताबों को दे रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि स्कूलों द्वारा तय की गई दुकानों में बुक सेलरों द्वारा दी जाने वाली सभी किताबों को लेने के लिए मजबूर किया जाता है यदि किताबों के पूरे सेट में से कुछ चुनिंदा किताबें ही लेनी होती हैं, तो उसे नहीं दिया जा रहा है। पूरा सेट लेने को कहा जाता है। यह किताबें भी सिर्फ चुनिंदा दुकानों में ही मिल रही है, जिसे स्कूल तय कर रहा है। ऐसे में प्रशासनिक और सरकारी तौर प्राइवेट स्कूलों और बुक सेलर की मनमर्जी पर अंकुश नहीं होने से अभिभावक महंगे दाम पर किताबें-कापियां खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।

## महादेव खड्ड में लंबे समय से चल रहे अवैध खनन को रोक पाने में पुलिस व प्रशासन फेल

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

नालागढ़-पंजैहरा मार्ग पर महादेव पुल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर सरेआम अवैध माइनिंग की जा रही है।

महादेव खड्ड में सरकारी व निजी भूमि में लंबे समय से हो रही अवैध माइनिंग को रोकने में पुलिस, प्रशासन व माइनिंग विभाग पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है। सरेआम हो रही अवैध माइनिंग से प्रशासन, पुलिस व माइनिंग विभाग की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े होना शुरू हो चुके हैं। अगर इसी स्तर पर अवैध माइनिंग होती रही, तो आने वाले दिनों में महादेव पुल भी चपेट में आ सकता है, जिससे मनाली का संपर्क टूट जाएगा। बीते वर्ष भी महादेव पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्तों हो गया था, जिससे कुछ दिनों तक मार्ग को बंद करना पड़ा था।

महादेव पुल से एक किलोमीटर के हिस्से में बड़े स्तर पर अवैध माइनिंग माफिया द्वारा की जा रही है, लेकिन इन माफियाओं को रोक पाने में पुलिस व प्रशासन के साथ-साथ माइनिंग विभाग भी नाकाम साबित हो रहा है। कई बार स्थानीय लोग महादेव खड्ड में बड़े स्तर पर हो रही अवैध माइनिंग का मसला उठा चुके हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी इनपर कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे उनके हौसलें बुलंद होते जा रहे हैं। जिला माइनिंग अधिकारी हरविंद्र सिंह का कहना है कि समय-समय पर विभाग खनन के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है, अगर महादेव खड्ड में अवैध माइनिंग हो रही है, तो जल्द कार्रवाई की जाएगी। महादेव पुल से मात्र 100 मीटर की दूरी पर सरकारी भूमि के साथ निजी भूमि भी है, जो इन दिनों खनन माफिया की नजर में है।

### महादेव खड्ड पर निजी उद्योग को भी खतरा

माफिया ने महादेव खड्ड में जगह-जगह से करोड़ों रुपए की संपदा को लूट लिया है, जिससे अब साथ लगते निजी उद्योग को भी खतरा पैदा हो चुका है। आने वाली बरसात में खड्ड का बहाव कंपनी की ओर जा सकता है, जिससे करोड़ों रुपए का नुकसान होने की संभावना है।

### पंजाब को सप्लाई हो रहा चोरी किया खनिज

**महादेव** खड्ड में लंबे समय से चल रहे अवैध खनन का चोरी किया जा रहा खनिज सीधा पंजाब के क्रेशरों में सप्लाई किया जा रहा है, लेकिन पंजाब तक इन्हें जाने से रोकने वाला न तो कोई विभाग है और न ही कोई अधिकारी।

### शूलिनी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

## रक्तदान कर महादान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शूलिनी विश्वविद्यालय, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ और अन्य चिकित्सा संगठनों के सहयोग से रक्त की कमी को दूर करने और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस आयोजन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें कुल 101 पंजीकरण हुए। स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध, विश्वविद्यालय ने डिजिटल रिकॉर्ड-कीपिंग और बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों के उपयोग जैसी पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाया, जिससे पहल के पर्यावरण पदचिह्न को कम किया जा सके। शिविर का प्रबंधन समर्पित छात्र स्वयंसेवियों द्वारा किया गया, जिन्होंने दानदाताओं के आराम और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए उनके लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित किया। सामुदायिक कल्याण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, स्थिरता और सामुदायिक परियोजनाओं की निदेशक पूनम नंदा ने कहा, हमारे रक्तदान शिविर लगातार उम्मीदों से बेहतर होते हैं। ये पहल न केवल क्षेत्रीय रक्त उपलब्धता को बढ़ाती हैं, बल्कि सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप भी हैं, जिससे समुदाय की सेवा के प्रति हमारा समर्पण मजबूत होता है।

## आत्मविश्वास के साथ परीक्षाओं की तैयारी करने के तौर-तरीके सुझाए

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पूर्व छात्र संघ, डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय महाविद्यालय नाहन में विद्यार्थियों के लिए तनावमुक्त परीक्षा अध्ययन विषय पर एकदिवसीय वक्तव्य का आयोजन कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एवं पूर्व छात्र संघ के मुख्य संरक्षक डॉ. प्रेम राज भारद्वाज द्वारा की गई तथा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आचार्य अमर सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र संघ महासचिव डॉ. अनूप कुमार द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के स्वागत से किया गया। अध्यक्ष पूर्व छात्र संघ आचार्य अमर सिंह चौहान ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक अनुभव साझा करते हुए बताया कि यदि विद्यार्थी परिणाम की चिंता किए बगैर अपनी परीक्षा की तैयारी करते हैं, तो परिक्षा को तनावमुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और निरंतरता के साथ परीक्षाओं की तैयारी करने के विभिन्न तौर-तरीके सुझाए। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थी यदि स्व-अनुशासित, मेहनत और लगन के पढ़ाई करें, तो वह परीक्षा के तनाव से स्वयं को मुक्त कर सकता है। कॉलेज हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी प्राध्यापक एवं लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. अनूप कुमार ने अपने वक्तव्य में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

## स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान में अंकिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला सिरमौर ने स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता में जिला सिरमौर के बनोर स्कूल की छात्रा अंकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय स्थान पर सागना स्कूल के विपिन कुमार रहे और तृतीय स्थान पर एबीएन स्कूल नाहन के कृष शर्मा ने कब्जा जमाया। मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नाहन कॉलेज और संस्कृत महाविद्यालय नाहन के मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिवकुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को समाज में एबीवीपी की भूमिका और योगदान के बारे में अवगत कराया।

## वाल्मीकि बस्ती नाहन में एनीमिया की रोकथाम बारे जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, नाहन**

बाल विकास परियोजना अधिकारी नाहन इशाक मोहम्मद ने बताया कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत नाहन के वाल्मीकि बस्ती में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आए समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रतिभागियों को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान के बारे में जानकारी दी।

शिविर में पोषण अभियान द्वारा एक हजार दिनों के बारे में चर्चा करते हुए बच्चों के विकास में इसकी महत्ता, महिलाओं एवं किशोरियों में एनीमिया की कमी एवं उसके रोकथाम बारे जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना आदि के बारे में बताया।

## 230 प्रतिभागियों ने सामुदायिक प्रशिक्षण में लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** शिक्षा विभाग के खंड स्रोत कार्यालय कंडाघाट ने सामुदायिक प्रशिक्षण का आयोजन किया। वीरवार को शुरू इस प्रशिक्षण शिविर में खंड के प्रारंभिक, माध्यमिक और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की स्कूल प्रबंधन समितियों के 230 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके उद्घाटन सत्र में सीनियर सेकेंडरी स्कूल कंडाघाट के प्रधानाचार्य कुलदीप सूर्या ने प्रतिभागियों से अनुभव साझा करते हुए इसका लाभ उठाने का आह्वान किय। सोलन डाइट से गोविंद ठाकुर ने स्कूलों में सोशल आडिट, कार्यशाला में स्रोत व्यक्ति हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति से रमेश ठाकुर व प्रथम फाउंडेशन से अरुण ठाकुर ने स्कूल में अभिभावक संघ के गठन, एसएमसी की भूमिका, नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला

## एआई-निर्देशित कंटेंट क्रिएशन के बारे में बताया




**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 'कक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग' पर एकदिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का संचालन सीबीएसई की संसाधन व्यक्ति, संगीता कश्यप और मनु तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शिक्षा में उपयोग, डिजिटल मूल्यांकन उपकरण तथा एआई-निर्देशित कंटेंट क्रिएशन के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने एआई के माध्यम से इंटरएक्टिव पाठ योजना बनाना, मूल्यांकन स्वचालित करना, मल्टीमीडिया सामग्री को और बेहतर बनाना तथा कक्षा प्रबंधन को आसान बनाने जैसे टूल्स का उपयोग किया। चर्चा, समस्या-समाधान और व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि कैसे एआई का उपयोग शिक्षण विधियों को प्रभावी बनाने तथा छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। सभी प्रतिभागियों के लिए यह एक रोमांचक अनुभव था।

## जागरूक प्रतिज्ञाओं को प्रोत्साहित करते हुए दिए गुलाब

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने ज्ञान को प्रोत्साहित करने और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समुदाय की एक मजबूत भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता और समर्थन पहल की एक पखवाड़े लंबी श्रृंखला के साथ विश्व कैंसर दिवस मनाया। यह अभियान, कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए क्रिकेट स्टार युवराज सिंह द्वारा स्थापित एक गैर सरकारी संगठन यू वीकैन के सहयोग से आयोजित किया गया था। संपूर्ण अभियान का आयोजन एवं समन्वयन निदेशक पूनम नंदा द्वारा किया गया। 7 फरवरी को रोज-डे पर परिसर को जागरूकता और करुणा के केंद्र में बदल दिया क्योंकि स्वयंसेवकों ने कैंसर की रोकथाम पर महत्वपूर्ण संदेशों के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक प्रतिज्ञाओं को प्रोत्साहित करते हुए गुलाब वितरित किए। भावनात्मक भलाई को बढ़ावा देते हुए, विश्वविद्यालय ने 12 फरवरी को एक अपलिफ्टिंग स्पिरिट्स लाफ्टर शो की मेजबानी की, जिससे उपस्थित लोगों को खुशी और तनाव से राहत मिली।

**आयोजन** — डीसी ने 8वीं आर्थिक गणना के लिए समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की

## आर्थिक गणना का कार्य अप्रैल से होगा आरंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि देश एवं प्रदेश की आर्थिकी के लिए आर्थिक गणना महत्वपूर्ण है और जिले में आर्थिक गणना का कार्य संबद्ध विभागों के सहयोग से सफल बनाया जाएगा।

मनमोहन शर्मा ने 8वीं आर्थिक गणना (2025-26) के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने कहा कि भारत सरकार के सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के निर्देशानुसार 8वीं आर्थिक गणना की जाएगी। यह आर्थिक गणना जिला स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकासात्मक योजना के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। राज्यस्तरीय समन्वय समिति के निर्देशानुसार इस कार्य को निश्चित समयावधि में पूर्ण किया जाएगा। आर्थिक गणना भारतीय अर्थव्यवस्था की गणना है। गणना के दौरान जिले की उन सभी उद्यमी इकाइयों, प्रतिष्ठानों एवं वाणिज्यिक एवं आर्थिक इकाइयों की गणना की जाएगी, जो गैर कृषि अथवा गैर कृषि क्षेत्र की किसी आर्थिक गतिविधि में सम्मिलित हैं। गणना के आधार पर जिले की अर्थव्यवस्था का डाटा तैयार किया जाएगा।



जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।


उन्होंने कहा कि आर्थिक गणना 2025-26 का कार्य अप्रैल, 2025 से आरंभ होगा। इस गणना में डाटा कैप्चर, सत्यापन, रिपोर्ट निर्माण और प्रसार के लिए एक आईटी आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रयोग किया जाएगा। डीसी ने कहा कि आर्थिक गणना वर्ष 2025-26 कार्य के लिए पटवारी व पंचायत सचिव सुपरवाइजर के तौर पर तैनात किए जाएंगे, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा वर्कर्स गणनाकार के तौर पर तैनात किए जाएंगे।

इस गणना में सारा डाटा मोबाइल ऐप के माध्यम से एकत्रित किया जाएगा। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को जल्द आर्थिक गणना के लिए प्रशिक्षण की सारिणी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गणना आरंभ होने से पूर्व संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी सुमेध शर्मा, जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रेम प्रकाश ठाकुर, एकीकृत बाल विकास परियोजना के जिला कार्यक्रम अधिकारी पदम देव शर्मा, जिला श्रम अधिकारी पृथ्वी सिंह वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## भारतीय सेना में करियर गाइडेंस की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नवीं से बाहरवीं कक्षा के बच्चों को भारतीय सेना में करियर गाइडेंस दिया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम वाहिनी एनसीसी सोलन से हवलदार तसवीर मलिक ने शिरकत की और विद्यार्थियों को सेना के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने सेना में भर्ती के नियमों और अग्निवीर योजना के तहत सेना में सेवाएं देने के लिए आवश्यक योग्यता के बारे में बताया। हवलदार तसवीर मलिक ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि विज्ञान संकाय के विद्यार्थी सेना में सीधे तौर पर अफसर कैसे बन सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे कहा कि यदि हम अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेते हैं और उसके लिए नियमित तौर पर स्टडी करते हैं, तो किसी भी प्रकार की कोचिंग की आवश्यकता नहीं होती। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को प्रवक्ता जीव विज्ञान नीलम शुक्ला के द्वारा कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल भी दी।

## फर्जी डिग्री मामले में प्रदेश सरकार की कार्रवाई पर जताया आभार



**अनंत ज्ञान, परवाणू**

फर्जी डिग्री मामले के शिकायतकर्ता सुनील दत्त ने पत्रकार वार्ता कर हिमाचल सरकार का आभार व्यक्त किया।

इस मामले को लेकर परवाणू के निजी होटल में की गई बैठक में सुनील दत्त उनके सहयोगी कालका के पूर्व पार्षद अशोक कुमार (कालू) व एडवोकेट व समाजसेवी अमन आनंद मौजूद रहे। सुनील दत्त ने बताया कि उन्होंने फरवरी 2024 को हिमाचल के थाना धर्मपुर में एक शिकायत दर्ज करवाई थी कि कालका के वार्ड नं. 6 के पार्षद महेश शर्मा की वकालत की डिग्री जाली है। उनकी इस शिकायत पर महेश के खिलाफ हिमाचल पुलिस द्वारा कारवाई की जा रही है। सुनील ने बताया कि महेश द्वारा मानव भारती यूनिवर्सिटी से 2014 में बीए की डिग्री की गई थी, जबकि इस मामले की जांच करने के बाद पता चला कि उस समय मानव भारती यूनिवर्सिटी द्वारा डिग्री शुरू ही नहीं की गई थी। साथ ही यूनिवर्सिटी के प्रबंधन ने भी यह जानकारी दी कि इस नाम के व्यक्ति को यहां से कोई डिग्री नहीं दी गई है। सुनील ने हिमाचल सरकार का आभार जताते हुए हरियाणा सरकार से भी कार्रवाई की मांग की है। सुनील ने कहा कि नियमों के अनुसार पार्षद द्वारा किसी भी तरह की धोखाधड़ी या अतिक्रमण किया गया हो तो उसकी सदस्यता रद्द कर दी जाती है, लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा अभी तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नैतिकता के आधार पर किसी भी राजनितिक पार्टी को ऐसे व्यक्ति की सदस्यता तुरंत रद्द कर देनी चाहिए। उन्होंने भाजपा से महेश की सदस्यता रद्द करने का भी आग्रह किया।

# कानूनी ढांचे में काम करते हैं इमीग्रेशन कंसल्टेंट्स

## एलआईईसी अध्यक्ष बोले- रेगुलेशन एक्ट में हो संशोधन



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

एसोसिएशन ऑफ लाइसेंस्ड इमिग्रेशन एंड एजुकेशन कंसल्टेंट्स (एलएआईसी) ने हाल ही में यूएसए से डेपोर्टेशन के मामलों के संबंध में रजिस्टर्ड इमीग्रेशन कंसल्टेंट्स के खिलाफ निराधार आरोपों का खंडन किया है।

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि अवैध प्रवास (इललीगल माइग्रेशन) को अनरजिस्टर्ड और अनरेगुलेटेड एजेंट्स द्वारा सरल बनाया जाता है, न कि पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल्स रेगुलेशन रूल्स, 2013 के तहत काम करने वाले लाइसेंस प्राप्त प्रोफेशनल्स द्वारा। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, एएलआईसी के अध्यक्ष जतिंदर बेनीपाल ने पुष्टि की कि उनके सदस्य लाइसेंस प्राप्त रजिस्टर्ड इमीग्रेशन कंसल्टेंट्स कानूनी ढांचे के भीतर काम करते हैं और सख्त नियामक दिशा-निर्देशों का पालन करते हैं। अमेरिका से अवैध प्रवासियों के डेपोर्टेशन की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के लिए रजिस्टर्ड ट्रैवल एजेंटों पर अनुचित रूप से दोष लगाते हुए बेनीपाल ने कहा कि जब एलीकैंट मान्यता प्राप्त ट्रैवल एजेंट के सेवाएं नहीं लेगा, तो ऐसे परिणाम स्वाभाविक हैं। एसोसिएशन इस बात पर प्रकाश डालता है कि इललीगल इमीग्रेशन अक्सर व्यक्तियों की पर्सनल च्वॉइस होती है, भले ही वे अरेस्ट और डिपोर्टेशन के जोखिमों को जानते हों। एसोसिएशन ने ट्रैवल प्रोफेशनल्स रेगुलेशन एक्ट में सुधार की भी मांग की है ताकि उन कमियों को दूर किया जा सके। इस अवसर पर एसोसिएशन के चेयरमैन कैप्टन एसपी सिंह, महासचिव मनप्रीत तलवार, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रवप्रीत सिंह और अन्य सदस्यों ने भी मुद्दों पर जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

# गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा सरकार ने बनाई नई योजना

## सरकार ने बनाई गवाहों की 3 श्रेणियां, ए कैटेगरी में परिवार को मिलेगी सुरक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य में गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नई योजना हरियाणा साक्षी संरक्षण योजना, 2025 शुरू की है।

गृह विभाग द्वारा इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना उन अपराधों के साक्षियों पर लागू होगी, जो मृत्यु या आजीवन कारावास या सात वर्ष या उससे अधिक के कारावास से तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 74, 75, 76, 77, 78 और 79 के साथ-साथ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 8, 10, 12, 14 और 15 के अधीन दंडनीय हैं। योजना के तहत, धमकी की आशंका के आधार पर गवाहों की तीन श्रेणियां होंगी। श्रेणी-ए में वे स्थितियां शामिल हैं, जहां जांच या परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उनके परिवार के सदस्यों को खतरा हो। श्रेणी-बी में वे मामले शामिल हैं, जहां जांच, परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उसके परिवार के सदस्यों या कोई अन्य व्यक्ति, जिसमें वह हितबद्ध हो, की



सुरक्षा, प्रतिष्ठा या संपत्ति को खतरा हो, जबकि श्रेणी-सी में वे मामले आएंगे, जहां धमकी मध्यम है और जांच या परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उसके पारिवारिक सदस्यों या कोई अन्य व्यक्ति, जिसमें वह हितबद्ध हो, उसके शोषण या उत्पीड़न, प्रतिष्ठा या संपत्ति प्रभावित हो। हरियाणा साक्षी संरक्षण योजना, 2025 के तहत गवाहों की सुरक्षा के लिए कई उपाय बताए गए हैं।

इनमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि जांच या सुनवाई के दौरान गवाह और आरोपी आमने-सामने न आएं। इसके अलावा, ईमेल, टेलीफोन कॉल आदि की निगरानी, गवाह का टेलीफोन नंबर बदलने या कोई अनलिस्टेड नंबर देने के लिए टेलीफोन कंपनी के साथ व्यवस्था करना, गवाह या उसके परिवार के सदस्य या वह व्यक्ति, जिसमें साक्षी हितबद्ध है, उसके घर/कार्यस्थल में सुरक्षा उपकरण जैसे सुरक्षा दरवाजे, सीसीटीवी, अलार्म, बाड़ आदि लगाना, बदले हुए नाम या उपनाम से उन्हें संदर्भित करके गवाह की पहचान छिपाना, गवाह के लिए आपातकालीन संपर्क सूत्र, गवाह, उसके परिवार के सदस्यों या वह व्यक्ति, जिसमें साक्षी हितबद्ध है, उसके घर/कार्यस्थल के आसपास सावधानीपूर्ण सुरक्षा, शारीरिक व्यक्तिगत सुरक्षा, अंगरक्षक आदि पीसीआर वैन की नियमित गश्त/तैनाती शामिल हैं। योजना के तहत प्रत्येक जिले में साक्षी संरक्षण सेल का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता संबंधित जिले के पुलिस उपायुक्त या पुलिस अधीक्षक की होगी। साक्षी संरक्षण सेल की प्राथमिक जिम्मेदारी सक्षम प्राधिकरण द्वारा पारित साक्षी संरक्षण आदेशों को लागू करने की होगी। आवेदन की सुनवाई के दौरान, साक्षी की पहचान किसी अन्य व्यक्ति को नहीं बताई जाएगी, जिससे साक्षी की पहचान होने की संभावना हो। सक्षम प्राधिकरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर आवेदन का निपटान करेगा।

# 'कनाडा में भारतीय प्रवासी' पर हुई संगोष्ठी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

आईएसएसी, केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा और युवसत्ता ने चंडीगढ़ के पीएस सोढी हॉल में 'कनाडा में भारतीय प्रवासी' पर एक सेमिनार का आयोजन किया। पीवी राजगोपाल, गांधीवादी शांति कार्यकर्ता और एकता परिषद के अध्यक्ष तथा संस्थापक ने मुख्यातिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। सेमिनार को प्रमुख वक्ताओं रवींद्र सिंह रॉबिन, रविंदर सिंह यूके, गिल (पूर्व डीजीपी, डीजी-सीआरपीएफ), बलजिंदर सिंह बिट्टू (अध्यक्ष, चंडीगढ़ एफओएसडब्ल्यूएसी), डॉ. हरपाल सिंह (अध्यक्ष, बीजेएफओआई) और डॉ. खुशाल सिंह, महासचिव सभा को संबोधित किया।

रवींद्र सिंह रॉबिन ने दर्शकों को अमेरिकी द्वारा अवैध भारतीयों की वर्तमान निर्वासन नीति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई निर्वासितों से मिलकर उनकी मानसिक स्थिति को समझने की कोशिश की और यह जानकारी दी कि उनमें से अधिकांश चाहते हैं कि सरकार उनके पुनर्वास के लिए कुछ कदम उठाए। उन्होंने बताया कि भारत में कई अवसर हैं जहां युवा लोग कौशल प्राप्त कर सकते हैं और स्वयं के व्यवसायी बन सकते हैं।

यूके से रविंदर सिंह ने बताया कि वे यूके सरकार के लिए वरिष्ठ पद पर काम करते हैं और कंप्यूटर साइंस में पीएचडी करने के बाद वहां से एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय से स्नातक हुए। उन्होंने जोर दिया कि पेशेवर डिग्री प्राप्त करने के बाद विदेश जाना अधिक लाभकारी होता है, क्योंकि इससे निजी कंपनियों में उच्च पदों पर और सरकारी क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलता है।

पूर्व डीजी-सीआरपीएफ गिल ने दर्शकों को बताया कि उन्होंने एक गांव के स्कूल में पढ़ाई की थी और उनके पिता उन्हें डॉक्टर बनते देखना चाहते थे, लेकिन उन्होंने डीएसपी के रूप में सीआरपीएफ ज्वॉइन की और सीआरपीएफ के कंट्री हेड के रूप में रिटायर हुए। बलजिंदर सिंह बिट्टू, प्रेसिडेंट एफओएसडब्ल्यूएसी ने देश के युवाओं को नौकरी के बजाय नौकरी देने वाले बनने के लिए विभिन्न कौशल प्राप्त करने के बारे में बात की। डॉ. हरपाल सिंह, बीजेएफओआई ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बारे में अपने अनुभव साझा किए। प्रमोद शर्मा ने राजगोपाल का स्वागत करते हुए उन्हें एक महान नेता और प्रेरक व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया, जो दो विपरीत पक्षों के बीच पुल का कार्य करते हैं और शांति लाने का प्रयास करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मेयर ने की एमसीसी के तीन उप पैनलों की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर की महापौर हरप्रीत कौर बबला ने वीरवार को नगर निगम की 345वीं जनरल हाउस मीटिंग के दौरान तीन प्रमुख कमेटियों के गठन की घोषणा की। ये समितियां पंजाब नगर निगम कानून (चंडीगढ़ तक विस्तार) अधिनियम, 1994 के तहत कर मूल्यांकन, जल प्रबंधन और सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेंगी। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी कर संग्रहण प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए डॉ. रमणीक सिंह बेदी को हाउस टैक्स असेसमेंट कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी टीम संपत्ति कर का कुशलतापूर्वक आकलन करने और सुचारु राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने पर काम करेगी। समिति में डॉ. रमणीक सिंह बेदी (अध्यक्ष), अनूप गुप्ता, गुरबख्श रावत, जसमनप्रीत सिंह, राजिंदर कुमार शर्मा, श्रीमती. अंजू कत्याल, दमन प्रीत सिंह, तरुणा मेहता, अमित जिंदल को सदस्य बनाया गया है। सरबजीत कौर को सुचारु जल प्रबंधन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। समिति में सर्बजीत कौर (अध्यक्ष), गुरचरणजीत सिंह, कंवरजीत सिंह, कुलजीत सिंह संधू, सौरभ जोशी, प्रेम लता, जसबीर सिंह (वार्ड नंबर 21) दर्शन, सतिंदर सिंह सिद्धू सड़क समिति, दलीप शर्मा बुनियादी ढांचे के विकास का नेतृत्व करेंगे। इसके अलावा दलीप शर्मा (अध्यक्ष), राजिंदर कुमार शर्मा, सर्बजीत कौर, महेशिंदर सिंह सिद्धू, गुरचरणजीत सिंह, सुमन देवी, मनौर, निर्मला देवी को सदस्य बनाया है। डॉ. नरेश पांचाल मेयर ने चंडीगढ़ को रहने के लिए बेहतर जगह बनाने में इन समितियों के महत्व पर जोर दिया।

### अमेरिका में प्लेन क्रैश, दो लोगों की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका के एरिजोना में दो छोटे विमान टकरा गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने टक्सन के बाहरी इलाके में एक हवाई अड्डे के पास हुई इस टक्कर की जांच शुरू कर दी है। हाल के दिनों में अमेरिका में चार बड़ी प्लेन दुर्घटनाओं की खबर आ चुकी है।

### मणिपुर में चार उग्रवादी किए गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर के चुराचांदपुर, थौबल और इंफाल पूर्वी जिलों से कम से कम दो अलग-अलग संगठनों के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में चुराचांदपुर से गिरफ्तार किया गया 'यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी' का एक सक्रिय सदस्य और थौबल एवं इंफाल पूर्व से गिरफ्तार किए गए प्रतिबंधित 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी' (पीडब्ल्यूजी) के तीन सक्रिय सदस्य शामिल हैं।

### हमास ने चार इसराइल बंधकों के शव सौंपे

**गाजा।** हमास ने चार इसराइल बंधकों के शव वीरवार को सौंप दिए। इन बंधकों में एक महिला और उसके दो बच्चे शामिल हैं। शोरी बिबास और उनके दो बच्चे एरियल और कफीर के साथ-साथ 83 वर्षीय ओवेद लिफशिट्ज के शव सौंपे गए हैं। कफीर को नौ महीने की उम्र में बंधक बनाया था जब वह सबसे छोटे बंदी थे। हमास का कहना है कि चारों की मौत इजराइली हवाई हमलों में हुई थी।

### ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया चैनलों और ओटीटी वेबसाइटों को वीरवार को आईटी नियमों (2021) में निर्धारित आचार संहिता का पालन करने के लिए केंद्र सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की। केंद्र सरकार ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए बच्चों तक 'ए' रेटेड सामग्री की पहुंच पर कंट्रोल लागू करने की चेतावनी दी गई। सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि कानून के तहत हज्जज प्लेटफॉर्मों पर ऐसी कोई भी सामग्री प्रसारित नहीं की जाएगी जो कानून की ओर से निषिद्ध हो और कंटेंट सामग्री के लिए आयु-आधारित वर्गीकरण करना होगा।

# लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता में हिमांशु प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर 11 चंडीगढ़ के साइंस क्लब 'द ब्रेनियस' ने विज्ञान दिवस मनाया। इस अवसर पर कॉलेज में साइंस फेस्ट-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. रमा अरोड़ा ने कॉलेज के डीन और वाइस प्रिंसिपल के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस फेस्ट में विभिन्न विज्ञान विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां, प्रयोग, मजेदार खेल आयोजित किए गए। कंप्यूटर विभाग ने लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें हिमांशु सिंह प्रथम व मृदित शर्मा द्वितीय रहे।

रसायन विज्ञान विभाग ने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए लाइव प्रयोगात्मक प्रदर्शन आयोजित किया। छात्रों ने दिन-प्रतिदिन के जीवन में शामिल विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं को समझाया। स्नातकोत्तर छात्रों ने सौंदर्य प्रसाधन, खाद्य पदार्थों में मिलावट आदि में रसायन विज्ञान के उपयोग को दर्शाया। जिसमें अश्विन और जसदीप, प्रथम, अंजलि और खुशी द्वितीय तथा प्रभदीप और चक्षु तृतीय रहे। इसके अलावा स्टूडेंट्स ने अलग-अलग श्रेणियों में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। यह कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) चंडीगढ़ द्वारा प्रायोजित था। प्रिंसिपल ने विजेताओं को पुरस्कृत कर विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की।

# एमसीसी 21 से आयोजित करेगा 53वां रोहज फेस्टिवल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 53वां रोज फेस्टिवल 21 फरवरी को चंडीगढ़ के सेक्टर 16 के रोज गार्डन में भव्य उद्घाटन के साथ शुरू होगा। तीन दिवसीय मेगा इवेंट के 53वें संस्करण के लिए, नगर निगम चंडीगढ़ ने खूबसूरत रोज गार्डन को जीरो बजट उत्सव के रूप में सजाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, लगभग सभी कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं को इतिहास में पहली बार प्रायोजित किया गया है।

रोज फेस्टिवल के 53वें संस्करण का विवरण साझा करते हुए एमसी चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि चंडीगढ़ में रोज फेस्टिवल 21 फरवरी से 23 फरवरी तक जारी रहेगा। आयुक्त ने कहा कि रोज फेस्टिवल को एक रंगीन बढ़ावा मिलेगा, जिसमें राज्यपाल, पंजाब और प्रशासक, यूटी, चंडीगढ़, गुलाब चंद कटारिया महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। यह जीवंत समारोह ढोल की थाप, बैंड बजाने, विभिन्न राज्यों द्वारा प्रदर्शित लोक नृत्य प्रदर्शन, क्षेत्रीय कला रूपों के अपार उत्साह और फूलों की सजावट के साथ शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन इस शुक्रवार को रोज गार्डन में खूबसूरत फूलों की सजावट के बीच किया जाएगा, जिसमें हजारों आगंतुक इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए उमड़ेंगे।

# एसडी कॉलेज के रीडर्स क्लब ने विक्रम जीत से की पैनल चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**





सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के रीडर्स क्लब ने लेखक, स्तंभकार और भारत के पहले युद्ध संवाददाता विक्रम जीत सिंह के साथ एक पैनल चर्चा का आयोजन किया।

कारगिल युद्ध के दौरान अपनी अग्रिम पंक्ति की रिपोर्टिंग के लिए प्रसिद्ध, सिंह ने अपनी पुस्तक, 'फ्लावर्स ऑन द कारगिल क्लिफ' पर छात्रों के साथ बातचीत की, जो युद्ध के मैदान पर जीवन का एक मनोरंजक विवरण प्रदान करती है।

लेखक ने ज्वलंत कहानी के माध्यम से जहां सैनिकों की बहादुरी पर प्रकाश डाला है, वहीं उन्होंने पत्रकारिता की चुनौतियों को भी पाठक के समक्ष प्रस्तुत किया है। सत्र की शुरुआत बलप्रीत सिंह के स्वागत के साथ हुई। प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने ऐसे समृद्ध सत्र के आयोजन के लिए रीडर्स क्लब की सराहना की और छात्रों को साहित्य, इतिहास और पत्रकारिता के अंतर संबंध का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## देश-विदेश

# भाजपा ने जीएसटी और नोटबंदी से देश में बेरोजगारी बढ़ाई : राहुल

**एजेंसी, रायबरेली**



कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी रायबरेली के बछरावां में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी ने जीएसटी और नोटबंदी कर देश में बेरोजगारी बढ़ाई है। केंद्र सरकार ईमानदारी से काम करे तो करोड़ों युवाओं को रोजगार मिल सकता है। इससे पहले राहुल गांधी लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से रायबरेली पहुंचे। यहां पर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद राहुल गांधी मूल भारती छात्रावास पहुंचे, यहां छात्रों से सवाल-जवाब किया।

छात्रों से कहा कि देश में हर रोज कानून तोड़ा जा रहा है। इसलिए आपकी बात सुनने और समझने आया हूं। बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी 5 नवंबर, 2024 को रायबरेली आए थे। वहीं, लोकसभा चुनाव यानी सांसद चुने जाने के बाद राहुल का रायबरेली का यह 5वां दौरा है। देश के संविधान में दलितों का योगदान रेखांकित करते हुए राहुल गांधी ने डॉ. बीआर अंबेडकर के पास सुविधाओं का अभाव था, फिर भी उन्होंने पूरी राजनीतिक व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। गांधी ने कहा कि आपको यह समझने की जरूरत है कि संविधान की विचारधारा ही आपकी विचारधारा है। मैं आपको गारंटी के साथ कह सकता हूं कि अगर इस देश में दलित नहीं होते तो इस देश को संविधान नहीं मिलता। यह आपकी विचारधारा है, यह आपका संविधान है लेकिन आप जहां भी जाते हैं, आपको कुचल दिया जाता है।

# पार्षद हत्या मामले में अरुण गवली को जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर से नेता बने अरुण गवली को जमानत देने से वीरवार को इनकार कर दिया। गवली 2007 में मुंबई के शिवसेना पार्षद कमलाकर जामसांडेकर की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसने तर्क दिया कि उसने 2006 की क्षमा नीति की सभी शर्तों का पालन किया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के उस फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया जिसने गवली की जमानत खारिज कर दी थी।

# ट्रंप बोले-मस्क ने भारत में फैक्टरी लगाई तो यह अमेरिका के लिए अनुचित होगा

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर एलन मस्क की टेस्ला कंपनी भारत के शुल्क से बचने के लिए वहां फैक्टरी का निर्माण करती है, तो यह अमेरिका के प्रति अन्याय होगा। ट्रंप की यह टिप्पणी शुल्क में उल्लेखनीय वृद्धि करने के उनके बयानों के बीच आई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक से कुछ घंटे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। हाल में 'फॉक्स न्यूज' के सीन हैनिटी के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि उनकी बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क वसूलता है। ट्रंप ने कहा कि मस्क के लिए भारत में कार बेचना 'असंभव' है। उन्होंने कहा कि दुनिया का हर देश हमारा फायदा उठाता है और वे शुल्क लगाकर ऐसा करते हैं।

## 'एयर फोर्स वन' के लिए पुराने विमानों को खरीदने पर विचार

अमेरिका के राष्ट्रपति के उपयोग के लिए विशेष रूप से संशोधित दो 'एयर फोर्स वन' विमानों के उत्पादन में देरी को लेकर 'बोइंग' के प्रति नाराजगी जताते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह यात्रा के लिए संभवतः किसी विदेशी विक्रेता से बोइंग के पुराने विमान खरीदने पर विचार कर रहे हैं। वर्तमान में इस्तेमाल किए जा रहे लगभग 35 वर्ष पुराने दो बोइंग 747-200 विमानों में से एक पर सवार ट्रंप ने कहा कि हम विकल्प पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि बोइंग को बहुत अधिक समय लग रहा है।

# मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार के कारण रुपए का प्रदर्शन अन्य वैश्विक मुद्राओं की तुलना में बेहतर : गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वीरवार को कहा कि देश के मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार के कारण भारतीय रुपए अन्य वैश्विक मुद्राओं की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में एयूआरआईसी (शेंद्रा और बिडकिन की औद्योगिक मंजूरी) में एक कौशल विकास केंद्र और एक स्टार्टअप इनक्यूबेशन केंद्र खोला जाएगा। गोयल ने एयूआरआईसी हॉल में औद्योगिक संघ के प्रतिनिधियों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। भारतीय रुपए की गिरावट के बारे में बात करते हुए कहा कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारतीय रुपया मजबूत हुआ है। अमेरिकी चुनावों के बाद दुनियाभर की लगभग सभी मुद्राओं में गिरावट आई है।

# यूजीसी रेगुलेशन से राज्यों को उच्च शिक्षा से दूर किया जा रहा: विजयन

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

**केरल** के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने आरोप लगाया कि यूजीसी रेगुलेशंस 2025 के ड्राफ्ट के जरिए राज्यों को उच्च शिक्षा के मामलों से दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ राज्य दरकिनार हो जाएंगे, बल्कि इससे उच्च शिक्षा में राज्यों की भूमिका भी कमजोर होगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ड्राफ्ट के अनुसार, विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर्स और असिस्टेंट प्रोफेसर्स की नियुक्ति में राज्यों की कोई भूमिका नहीं रहेगी।

यूजीसी रेगुलेशन 2025 के ड्राफ्ट को लेकर नेशनल कन्वेंशन से इतर केरल सीएम ने यह बात कही। इस कन्वेंशन में केरल के अलावा तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के मंत्री भी शामिल हुए। विजयन ने कहा कि वाइस चांसलर की नियुक्ति की शक्ति चांसलर यानी कि राज्यपाल को दी गई है।

# देश में 30 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर की जांच को लिए अभियान शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने वीरवार को गैर-संक्रामक रोगों और सामान्य कैंसर का पता लगाने के लिए 30 वर्ष और इससे अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों की 100 प्रतिशत जांच करने के लिए एक गहन और विशेष जांच अभियान शुरू किया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि 20 फरवरी से 30 मार्च तक जारी रहने वाला यह अभियान राष्ट्रीय गैर-संक्रामक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) और देशभर के विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं में चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रशिक्षित आशा, एएनएम और अग्रिम पंक्तियों के कार्यकर्ता सामुदायिक दौरा करेंगे और व्यक्तियों के घर तक पहुंचकर अधिकतम लोगों की जांच सुनिश्चित करेंगे। बयान में कहा है कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बीपी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर और आवश्यक दवाओं सहित आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता की गारंटी देंगे। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जांच, उपचार और 'फॉलोअप' का डेटा प्रतिदिन एनपी-एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके अलावा, अभियान के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

# अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरें बढ़ा-चढ़ाकर पेश की: बीजीबी प्रमुख

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सीमा सुरक्षाबल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के प्रमुख ने वीरवार को कहा कि उनके देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को 'बढ़ा चढ़ाकर' पेश किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं। सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने कहा कि बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुछ स्थानों पर बाड़ लगाने के संबंध में आपत्ति जताई है और उम्मीद है कि भविष्य में इन मुद्दों का समाधान हो जाएगा। चौधरी ने कहा कि पांच अगस्त, 2024 को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ में काफी कमी आई है। अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर सिद्दीकी ने कहा कि 'बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है।

# भारत 2047 तक बनेगा उच्च आय वाला देश 23-35 ट्रिलियन डॉलर पहुंचेगी अर्थव्यवस्था

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** 2047 तक एक उच्च आय वाले देश बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था 23 से 35 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। इस विकास में 8-10 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर, बढ़ती श्रम शक्ति, तकनीकी प्रगति और प्रमुख उद्योगों के विस्तार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आने वाले दशकों में लगभग 20 करोड़ लोग कार्यबल में शामिल होंगे जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

बेन एंड कंपनी और नैसकॉम की एक रिपोर्ट में मुताबिक, भारत की आर्थिक वृद्धि में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र





2047 तक 3.5 ट्रिलियन डॉलर का योगदान दे सकता है, जिससे भारत एक वैश्विक विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) केंद्र बन सकता है। वहीं रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जहां 2023 में कुल बिजली उत्पादन में 24% हिस्सेदारी रखने वाला यह सेक्टर 2047 तक 70 फीसदी तक पहुंच सकता है। भारत एक ऊर्जा आयातक से ऊर्जा निर्यातक में बदल सकता है।

## 2024 में एनआरआई बैंक खातों में 43% फंड बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2024 में विदेशों में काम करने वाले भारतीयों से एनआरआई बैंक खातों में धन का प्रवाह 42.8 प्रतिशत बढ़कर 13.33 बिलियन डॉलर हो गया है, जबकि 2023 में इसी अवधि के दौरान यह 9.33 बिलियन डॉलर था। दिसंबर 2024 के अंत में कुल बकाया एनआरआई जमा दिसंबर 2023 के 146.9 बिलियन डॉलर से बढ़कर 161.8 बिलियन डॉलर हो गया है। एनआरआई जमा योजनाओं में एफसीएनआर जमा के साथ-साथ एनआरई जमा और एनआरओ जमा शामिल हैं, जो रुपये में रखे जाते हैं।

# सेंसेक्स 203 अंक गिरा, 75,735 पर बंद

**मुंबई।** सेंसेक्स वीरवार को 203 अंक की गिरावट के साथ 75,735 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट रही। यह 22,913 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 599 अंक चढ़कर 46,054 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में गिरावट और 15 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 में गिरावट और 28 में तेजी रही।



एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के बैंकिंग, आईटी, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टर गिरावट के साथ बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी और मारुति सुजुकी ने बाजार को गिराने में सबसे ज्यादा कॉन्ट्रिब्यूट किया। जबकि, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस और एनटीपीसी ने सेंसेक्स को ऊपर खींचा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका बाहर, स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में

**दुबई।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका दुबई टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही।



डेनमार्क की क्लारा टौसन ने सबालेंका को 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना लिंडा नोस्कोवा से होगा। चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-3, 7-6 (8) से हराया। स्वियातेक ने दयाना यास्त्रेम्स्का को 7-5, 6-0 से शिकस्त दी। उनका अगला मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा, जिन्होंने पीटन स्टर्न को 6-1, 6-1 से हराया। मौजूदा चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें सोफिया केनिन ने 6-4, 6-0 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में केनिन का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा।

### बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पिता का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पिता आर कासी विश्वनाथम का गुरुवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सात्विक इस समय 43वें पीएसपीबी अंतर इकाई बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हैं। उन्हें वीरवार को प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार मिलना था। उनके पिता को भी इस समारोह में भाग लेना था, लेकिन इससे पहले ही उनका निधन हो गया। उनके पिता सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक थे। परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा, ''यह बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि सात्विक के पिता का आज सुबह निधन हो गया।''

### विलियम्स को 44 साल की उम्र में इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला

**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)।** वीनस विलियम्स को अगले महीने इंडियन वेल्स में होने वाले बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है जो इस 44 वर्षीय खिलाड़ी का पिछले एक साल में पहला टूर्नामेंट होगा।



सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने 19 मार्च, 2024 को मियामी ओपन के पहले दौर में हार के बाद किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। वीनस ने पहली बार 1994 में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में भाग लिया था। उनके नाम पर विंबलडन में पांच और अमेरिकी ओपन में दो एकल खिताब दर्ज हैं। वीनस ने इसके साथ ही अपनी छोटी बहन सेरेना के साथ मिलकर 14 ग्रैंड स्लैम युगल खिताब भी जीते हैं।

### सानिया की खूबसूरती की दुनिया दीवानी

**नई दिल्ली।** सानिया मिर्जा टेनिस से संन्यास के बाद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी फोटो और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनके फैंस देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हैं। उनकी खूबसूरत तस्वीरों को लोग खूब पसंद करते हैं। सानिया के इंस्टाग्राम पर 13.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



# तौहिद हृदय का शतक, बांग्लादेश 228 रन पर ऑल आउट

## भारत के मोहम्मद शमी ने 53 रन देकर 5 और हर्षित राणा ने 3 विकेट झटके

**एजेंसी, दुबई**

बांग्लादेश ने तौहिद हृदय (100 रन) के शतक और जाकिर अली (68 रन) के अर्द्धशतक तथा दोनों के बीच छठे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की बदौलत वीरवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच में भारत के खिलाफ 49.4 ओवर में 228 रन का स्कोर खड़ा किया।

भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 53 रन देकर पांच विकेट झटके और सबसे कम मैच में 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने। हर्षित राणा ने तीन और अक्षर पटेल ने दो विकेट अपने नाम किए। हृदय और जाकिर ने बांग्लादेश को ऐसे समय में संभाला जब टीम 35 रन पर पांच विकेट गंवाकर जूझ रही थी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 154 रन की भागीदारी निभाई जो इस विकेट के लिए किसी भी टीम द्वारा भारत के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी है।

वहीं, 229 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 41 रन का योगदान दिया और वह तस्कीन अहमद की गेंद पर आउट हो गए। उसके बाद विराट कोहली भी कुछ खास नहीं कर पाए और 22 रन पर आउट हो गए। वहीं श्रेयश अय्यर सस्ते में महज 15 रन पर आउट हो गए। उसके बाद पटेल भी कुछ खास नहीं कर पाए और 8 रन बनाकर वह भी चलते बने। समाचार लिखे जाने तक बल्लेबाज शुभमन गिल अच्छी फॉर्म मुं नजर आए और उन्होंने 78 गेंदों पर 56 रन बना लिए थे और भारत को जीत के करीब लाने में अहम भूमिका निभा रहे थे।



शॉट खेलता बांग्लादेश का बल्लेबाज तौहिद हृदय।

### रोहित शर्मा बने वनडे क्रिकेट में 11,000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज

**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा वीरवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान वनडे में 11,000 रन पूरे करके हमवतन विराट कोहली के बाद दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।



रोहित 50 ओवर के प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय और कुल 10वें बल्लेबाज हैं। भारतीय कप्तान ने ग्रुप-ए के मैच में 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में मुस्तफिजुर रहमान की गेंद पर मिड-ऑन पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपने 270वें मैच में यह मुकाम हासिल किया और पारी के लिहाज से वह कोहली के बाद 11,000 रन पार करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं।

### मोहम्मद शमी सबसे कम मैच में 200 वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने

**स्टार** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वीरवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान सबसे कम मैच में 200 वनडे विकेट झटकने वाले भारतीय गेंदबाज और ओवरऑल दूसरे गेंदबाज बन गए।



इस तरह उन्होंने पांच विकेट लेकर आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार वापसी की। लंबे समय तक चोट से दूर रहने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए शमी ने अपने 104वें मैच में तीसरा विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 133 मैच में यह मुकाम हासिल किया था। शमी का 200वां विकेट जाकिर अली थे।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हसन क. राहुल ब. पटेल | 25 | 25 | 4/0 |
| सरकार क. राहुल ब. शमी | 00 | 05 | 0/0 |
| शंटो क. कोहली ब. राणा | 00 | .2 | 0/0 |
| मिराज क. गिल ब. शमी | 05 | 10 | 1/0 |
| हृदय क. शमी ब. राणा | 100 | 118 | 6/2 |
| रहीम क. राहुल ब. पटेल | 00 | 01 | 0/0 |
| अली क. कोहली ब. शमी | 68 | 114 | 4/0 |
| हुसैन क. पांड्या ब. राणा | 18 | 12 | 1/2 |
| साकिब ब. शमी | 00 | 04 | 0/0 |
| अहमद क. अय्यर ब. शमी | 03 | 06 | 0/0 |
| रहमान क. राहुल ब. यादव | 00 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 09 | | |
| **कुल : (49.4 ओवर)** | 228/10 | | |

**विकेट पतन :** 1-1, 2-2, 3-26, 4-35, 5-35, 6-189, 7-214, 8-215, 9-228, 10-228.

**गेंदबाजी :** शमी 10-0-53-5, राणा 7.4-0-31-3, पटेल 9-1-43-2, पांड्या 4-0-20-0, जडेजा 9-0-37-0, यादव 10-0-43-0.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित क. हुसैन ब. अहमद | 41 | 36 | 7/0 |
| गिल (नाबाद) | 56 | 78 | 5/1 |
| कोहली क. सरकार ब. हुसैन | 22 | 38 | 1/0 |
| अय्यर पगबाधा ब. बेथेल | 15 | 17 | 2/0 |
| पटेल (नाबाद) | 08 | 12 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 2 | | |
| **कुल : (26 ओवर)** | 144/4 | | |

**विकेट पतन :** 1-69, 2-112, 3-133, 4-114.

**गेंदबाजी :** अहमद 5-0-21-1, रहमान 7-0-50-1, साकिब 5-0-30-0, मिराज 6-0-23-0, हुसैन 7.1-0-20-2.

## माफ करो और आगे बढ़े : धोनी

**एजेंसी, मुंबई**



पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने के अपने रहस्यों को साझा करते हुए कहा कि भले ही ऐसा करना कठिन हो लेकिन माफ करके आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही खुद को एक लापरवाह व्यक्ति बताया जो अपनी रात की नींद इस बात पर ध्यान देकर खराब नहीं करता कि अन्य लोग उनके बारे में क्या सोच रहे हैं।

अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में भारत को दो विश्व कप खिताब दिलाने वाले 43 वर्षीय पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी को खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने मैदान पर अपने शांत और एकाग्र दृष्टिकोण से एक नेतृत्वकर्ता के लिए उच्च मानक स्थापित किए हैं।

वह अब जब चेन्नई सुपर किंग्स के साथ एक खिलाड़ी के रूप में संभवत: अपने आखिरी आईपीएल सत्र में खेलने की तैयारी कर रहे हैं तो यहां एक कार्यक्रम में जब उन्हें अपने प्रशंसकों को सलाह देने के लिए कहा गया तो वह दार्शनिक हो गए।

अपनी ऐप 'धोनी' के लॉन्च के दौरान उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि जीवन को सरल बनाए रखें। खुद के प्रति ईमानदार रहें, लोगों के प्रति कृतज्ञता रखें, जो कुछ भी वे आपके लिए कर रहे हैं। हमेशा यह नहीं सोचें कि 'यह मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' और अधिक की मांग करें।'' इस दौरान भारत के चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाजी संजू सैमसन भी मौजूद थे। धोनी ने कहा, ''मुझे पता है कि पूरा ऐप (धोनी) कहता है 'थोड़ा और', लेकिन पूरी बात कृतज्ञता रखने, धन्यवाद कहने, बड़ों का सम्मान करने (और) छोटों को प्यार देने की है।''

## डब्ल्यूपीएल : मुंबई के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगा आरसीबी

**एजेंसी, बेंगलुरु**



लगातार दो मैच में जीत से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ विजय अभियान जारी रखकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी। आरसीबी ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था।

स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है। इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी, जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

आरसीबी की तरफ से मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि, अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा।

### चोटिल फखर जमां के बिना दुबई रवाना हुई पाकिस्तान की टीम

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के अहम मुकाबले के लिए सलामी बल्लेबाज फखर जमां के बिना दुबई के लिए रवाना हो गई। जमां को 19 फरवरी को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच के दौरान चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय इस 34 वर्षीय खिलाड़ी की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और वह पारी के अधिकांश समय मैदान से बाहर रहे। पाकिस्तान की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो जमां पारी की शुरुआत करने के लिए नहीं आए। उनकी जगह सौद शकील को सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभानी पड़ी। जमां चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने 41 गेंद पर 24 रन बनाए। पाकिस्तान यह मैच 60 रन से हार गया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) उचित समय पर जमां को लेकर घोषणा करेगी। अगर जमां अनफिट होते हैं तो उनकी जगह सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक को पाकिस्तान की टीम ने शामिल किया जा सकता है।

## पंकज आडवाणी ने जीता 14वां एशियाई चैंपियनशिप खिताब

**एजेंसी, दोहा**

भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यहां एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में अभूतपूर्व 14वां स्वर्ण पदक जीत लिया।



आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि वह देश के सबसे प्रतिष्ठित क्यू खिलाड़ी हैं।

आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं जिसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप खिताब जीतना शामिल है। बिलियर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अब अगर वह स्नूकर में ऐसा कर लेंगे तो वह दोनों स्पर्धाओं में ऐसा करने वाले इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी बन जाएंगे।

अपनी जीत पर बात करते हुए आडवाणी ने कहा, ''14वां एशियाई खिताब जीतना बहुत ही विशेष है, खासकर स्नूकर में। यह एक कठिन टूर्नामेंट रहा है और मैं अपने संग्रह में एक और स्वर्ण जोड़कर रोमांचित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं इस लय को आगे भी जारी रखूंगा और भारत को गौरवान्वित करता रहूंगा।''



### फाइनल में पहुंचने के लिए अल्काराज ने **बहाया पसीना**

**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने लुका नारडी को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी दूसरे सेट में एक समय 4-1 से आगे था, लेकिन इटली के खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी करके मैच को तीसरे और निर्णायक सेट तक खींच दिया। अल्काराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा।

### स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा 49 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** भारत का 49 सदस्यीय दल इटली के तूरिन में आठ से 15 मार्च तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में हिस्सा लेंगे।

स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 12वें सत्र में आठ खेलों का आयोजन किया जाएगा और इसमें 102 देशों के 1500 से अधिक खिलाड़ियों और 621 कोच के हिस्सा लेने की उम्मीद है। खेलों के लिए एक लाख दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। भारत ने इन खेलों में अब तक 167 पदक जीते हैं जिसमें 73 स्वर्ण, 49 रजत और 45 कांस्य पदक शामिल हैं। स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा, ''मैं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहती हूं... उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है और हम तूरिन में उनके जज्बे से भरे प्रदर्शन को देखने के लिए उत्सुक हैं।''

## आयरलैंड के खिलाफ प्रदर्शन में निरंतरता और **पेनल्टी पर ध्यान** देना होगा भारत को

**एजेंसी, भुवनेश्वर**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को यहां एफआईएच प्रो लीग में जब आयरलैंड का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और पेनल्टी कॉर्नर को भुनाना होगा। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। उसे टूर्नामेंट के शुरू में स्पेन से 1-3 हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उसने इसी टीम को अगले मैच में 2-0 से पराजित करके अच्छी वापसी की थी।

भारतीय टीम हालांकि जर्मनी के खिलाफ 1-4 से हार गई, लेकिन अगले मैच में वह विश्व में चौथे नंबर की टीम को 1-0 से पराजित करने में सफल रही। इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और कप्तान हार्दिक सिंह ने चोट से उबरने के बाद वापसी की थी, लेकिन विश्व में पांचवें नंबर की भारतीय टीम विश्व में दसवें नंबर की आयरलैंड की टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर प्रतिबद्ध है। कप्तान हरमनप्रीत का मानना है कि टीम को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, ''आगामी मैच हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और हम इन मैच में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगे। प्रत्येक मैच में सुधार की गुंजाइश होती है। हम जानते हैं कि आयरलैंड हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश करेगा।'' हरमनप्रीत ने कहा,''भले ही उनकी टीम रैंकिंग में हमसे पीछे है, लेकिन उसकी टीम कभी हार नहीं मानती और अपने प्रदर्शन से विरोधी टीम को हैरानी में डाल सकती है। इसलिए हम उन्हें कमजोर करके नहीं आंक सकते हैं।'' पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है और हरमनप्रीत ने भी इस बात को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, ''हमारा मुख्य ध्यान पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना होगा।

**चैंपियन ट्रॉफी** पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी खेल रही अफगानिस्तान की टीम द. अफ्रीका को चौंकाने में नहीं छोड़ेगी कोई कसर

# दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने उतरेगा अफगानिस्तान

**एजेंसी, कराची**



पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही अफगानिस्तान की टीम सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखकर शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम को चौंकाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वह अभी तक केवल चैंपियंस ट्रॉफी ही जीत पाई है।

इस बार भी दक्षिण अफ्रीका की टीम बेहद संतुलित नजर आ रही है और उसकी बल्लेबाजी काफी मजबूत है। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में कप्तान टेम्बा बावुमा, टोनी डी जोरजी, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मार्करम शीर्ष क्रम में, जबकि हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसका गेंदबाजी विभाग है, क्योंकि तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया, नांद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अपनी आक्रामकता के लिए मशहूर तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी तथा मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी को उनका अच्छी तरह से साथ देना होगा। स्पिन विभाग में केशव महाराज और तबरेज शम्सी की अहम भूमिका होगीं।

दक्षिण अफ्रीका का हाल में वनडे में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसने वनडे विश्व कप 2023 के बाद जो 14 वनडे खेले हैं उनमें से उसे केवल चार मैच में जीत मिली। वह लगातार छह मैच में हार सामना करके इस टूर्नामेंट में उतर रहा है, लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि वह इन मैचों में विभिन्न कारणों से अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरा था।

इस ग्रुप की अन्य दो टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड है जो खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रहे हैं और ऐसे में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के पास नॉकआउट चरण में पहुंचने का यह शानदार मौका होगा। अफगानिस्तान ने हाल में आईसीसी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने वनडे विश्व कप 2023 में इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका को हराया और पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमी फाइनल में जगह बनाई। अफगानिस्तान ने इस तरह से साबित कर दिया है कि उसकी टीम को अब केवल छुपा रुस्तम तक सीमित रखना सही नहीं होगा। अफगानिस्तान का मजबूत पक्ष उसका स्पिन विभाग है जिसमें राशिद खान, मोहम्मद नबी और बाएं हाथ के नूर अहमद और नांगेयालिया खारोटे शामिल हैं। वे तीनों ग्रुप मैच पाकिस्तान में खेलेंगे जहां स्पिन निर्णायक कारक होगा।

**मैच : दोपहर २: 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**दक्षिण अफ्रीका :** टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

**अफगानिस्तान।** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।